सूर्योदय 6:40 सूर्यास्त 5:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.8 न्यू | 20.8 अधि |
| धर्मशाला | 13.0 न्यू | 23.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79486.32 |
| निफ्टी | 24148.20 |
| सोना 77,540 | चांदी 1,03,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




कोको गॉफ ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 11 नवंबर 2024 | 26 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 325, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### कनाडा में खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी और हरदीप सिंह निज्जर के साथी अर्श डल्ला को कनाडा में हिरासत में ले लिया है, जो भारत की मोस्टवांटेड अपराधियों की लिस्ट में है। पिछले महीने 27-28 अक्तूबर को कनाडा में एक शूटआउट हुआ था, जिसमें अर्श डल्ला की मौजूदगी रही है। डल्ला की गिरफ्तारी से भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। अभी कनाडा सरकार और पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। वहीं, कनाडा में मंदिर पर हमला करने के मामले में चौथे आरोपी 35 वर्षीय इंदरजीत गोसाल को भी गिरफ्तार किया है।

### 'आप' के पूर्व मंत्री हरशरण सिंह भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। 'आप' के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री सरदार हरशण सिंह बल्ली भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके साथ उनके बेटे सरदार गुरमीत सिंह रिंकू ने भी भाजपा का दामन थामा है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने दोनों को पार्टी में शामिल कराया है। हरशरण सिंह बल्ली ने अपने पुराने सहयोगी सुभाष आर्य और सुभाष सचदेवा की उपस्थिति में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

### आज भारत आएंगे रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव सोमवार को भारत-रूस अंतरसरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिवसीय की यात्रा पर भारत आएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य दोनों देशों के उद्यमियों के बीच सहयोग संबंधों का विस्तार करना है। फोरम में औद्योगिक सहयोग, परिवहन और रसद, वित्त, डिजिटल प्रौद्योगिकियों और अंतरक्षेत्रीय संबंधों सहित बातचीत के वर्तमान क्षेत्रों पर विषयगत सत्र शामिल होंगे।

### हिंदू मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ब्राम्पटन के 35 वर्षीय इंदरजीत गोसाल के रूप में हुई है। वह मंदिर पर हमले का मास्टरमाइंड है और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का करीबी है। ग्रेटर टोरंटो में हिंदू मंदिर पर हमले का प्लान इंदरजीत ने ही बनाया था। वहीं, कुछ शर्तो के तहत रिहा कर दिया है और उसे बाद में ब्रैम्पटन में ओन्टारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में पेश होना है। गोसल को 8 नवंबर को हिंदू सभा मंदिर में एक प्रदर्शन के बाद गिरफ्तार किया गया था, जहां खालिस्तानी चरमपंथियों ने हिंदू-कनाडाई भक्तों पर हमला किया था।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मंदिर प्रशासन ने तहसीलदार बड़सर को नियुक्त किया जांच अधिकारी -पेज 3
- अंतिम दिन दक्षिण एशियाई सिनेमा की फिल्में प्रदर्शित -पेज 4
- श्री रेणुकाजी मेले की सुरक्षा का जिम्मा 450 जवानों पर -पेज 12
- मेक्सिको में अंधाधुंध फायरिंग, 10 की मौत -पेज 13
- खिताब बरकरार रखने उतरेगी महिला हॉकी टीम -पेज 14


# झारखंड में पीएम मोदी की हुंकार– 'एक हैं तो सेफ हैं'

## चुनावी रैली में जेएमएम और कांग्रेस पर निशाना साध दिया एकजुटता का संदेश

**एजेंसी, बोकारो**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने झारखंड में बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जेएमएम और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है।

उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए 'एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं' का नारा बुलंद किया। राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी प्रचार किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस 'बांटो और राज करो' के सिद्धांत के जरिए केंद्र में सरकारें बनाती रही, लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए। कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई।

**कांग्रेस की जाति जनगणना जातियों को उलझाने की साजिश**



### प्रधानमंत्री ने निकाला रोड शो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची में रविवार को तीन किलोमीटर का रोड शो निकाला। इस दौरान हजारों लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए खड़े रहे। खुले वाहन में सवार प्रधानमंत्री ने भीड़ की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री को देखकर भीड़ ने 'मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए।

### बोले– जब मनमोहन पीएम थे, तब सोनिया गांधी चलाती थी सरकार

**पीएम** मोदी ने कहा कि यूपीए 2004 से 2014 तक केंद्र में रही। डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमने 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब यह इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे। मोदी ने कांग्रेस के जातिगत जनगणना करवाने के वादे पर कहा कि कांग्रेस सत्ता के लालच में छोटी-छोटी जातियों को बांटकर उन्हें आपस में लड़ाना चाहती है, इसलिए वे जातिगत जनगणना कराने की बात करते हैं।


## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# किसानों का कर्ज माफ, महिलाओं और वृद्धों को हर माह 2100 रुपए का वादा

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी किया। शाह ने कहा कि महायुति की सरकार ने किसानों के सम्मान, गरीबों की मदद और महिलाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखने का काम किया है। जारी संकल्प पत्र महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। भाजपा ने अपने 25 सूत्री संकल्प पत्र में किसानों, महिलाओं और युवाओं पर खास फोकस किया है।

भाजपा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्कर के वेतन में वृद्धि का भी वादा किया है। सरकार बनने पर महिलाओं को 1500 की जगह हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया। इस दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहे हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। यह महाराष्ट्र के पूर्व विकास का संकल्प पत्र हैं।



### भाजपा का संकल्प पत्र

- लाडली बहन योजना के तहत महिलाओं को हर माह 2,100 रुपए।
- किसान सम्मान निधि में किसानों के कर्ज माफी का ऐलान। सलाना 12,000 की जगह 15,000 रुपए देने की बात।
- हर गरीब को खाद्य सुरक्षा और घर देने का वादा।
- वृद्धावस्था पेंशनरों को हर माह 2,100 रुपए देने का वादा किया।
- आवश्यक वस्तुओं की कीमत स्थिर रखने का वादा।
- 10 लाख छात्रों को 10,000 रुपए की स्कॉलरशिप और 25 लाख रोजगार।
- 45,000 गांवों में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का वादा।
- आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को 15,000 वेतन और बीमा कवरेज। बिजली बिल, सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा में 30 फीसदी की कमी लाना।
- सरकार बनने के 100 दिन में विजन महाराष्ट्र @2028 पेश करने का वादा।
- महाराष्ट्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना।
- महाराष्ट्र को फिनटेक हब और नागपुर, पुणे, नासिक को एयरोस्पेस हब बनाने का एलान।
- सोयाबीन पर एमएसपी बढ़ाने का वादा। न्यूनतम कीमत 6000 रुपए प्रति क्विंटल करने का संकल्प।
- 2027 तक 50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।
- 500 बचत समूहों को 1,000 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध करवाना।
- हर जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज आकांक्षा केंद्र की स्थापना।
- एससी- एसटी और ओबीसी समुदाय से उद्यमी तैयार करने की योजना। 15 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण देने का वादा।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

**ग्रेटर** नोएडा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। यह सड़क हादसा नोएडा से परी चौक जाते समय हुआ है।

एक्सप्रेस-वे पर खड़े खराब ट्रक के पीछे से कार जा घुसी। स्थानीय लोगों के अलावा स्थानीय पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला। ड्राइविंग सीट पर बैठे शख्स ने दम तोड़ दिया था, जबकि अन्य चार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के



लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताया है। योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा ने हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उपचार की समुचित व्यवस्था करने को कहा था। सीएम योगी ने मृतक के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़; जेसीओ शहीद, 3 जवान घायल

## आतंकवादियों की तलाश में चलाया सर्च ऑपरेशन, सेना के जवानों ने केशवान के जंगलों को घेरा

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर वन क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जवान (जेसीओ) शहीद हो गया, जबकि तीन घायल हुए हैं।





शहीद राकेश कुमार

अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की हत्या के बाद आतंकवादियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में 2 पैरा के नायब सूबेदार राकेश कुमार शहीद हो गए। सेना के जवानों ने सुबह केशवान के जंगलों में छिपे आतंकवादियों की घेराबंदी कर दी है। मुठभेड़ स्थल उस स्थान से कुछ किलोमीटर दूर है, जहां पर वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि गोलीबारी में जेसीओ सहित सेना के चार जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन की हालत 'गंभीर' बताई गई। अस्पताल में जेसीओ शहीद हो गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ जारी है। इलाके में तीन या चार आतंकवादी घिरे हुए हैं। दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। (अनंत ज्ञान)

# बद्दी की हवा हुई जहरीली, एक्यूआई 349 पहुंचा

## हिमाचल में पांच दिन से बिगड़ रही एयर क्वालिटी, इस साल हवा का यह सबसे खराब लेवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के कुछ जिलों में दो दिन से धुंध छाई हुई है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की हवा जहरीली हो गई है और एक्यूआई 349 पहुंच गया है। इस साल हवा का यह सबसे खराब लेवल है।

दिवाली के दूसरे दिन यानी 1 नवंबर को भी बद्दी का एक्यूआई 305 पहुंचा था, मगर 2 नवंबर से इसमें सुधार होना शुरू हो गया और एक्यूआई 166 माइक्रो ग्राम तक गिर गया। बद्दी में 5 नवंबर तक हवा साफ रही। 6 नवंबर से दोबारा हालात बिगड़ने लगे और दिन प्रतिदिन हवा खराब होती गई और दो दिन से एक्यूआई 300 से ज्यादा चल रहा है।



### इन वजहों से खराब हुई हवा

**प्रदूषण** नियंत्रण बोर्ड अधिकारियों की मानें तो बद्दी की खराब हवा का सबसे बड़ा कारण यहां के उद्योग हैं। इसमें कुछ योगदान गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण का भी है। इसी तरह लंबे ड्राई स्पेल के कारण उड़ रही धूल और पड़ोसी राज्य पंजाब व हरियाणा में जलाई जा रही पराली भी एक वजह बताई जा रही है।

### प्रदेश में आज बारिश व बर्फबारी के आसार

**हिमाचल** प्रदेश में मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है। प्रदेशभर में दिन गर्म और रातें ठंडी बनी हुई हैं। नवंबर माह में अभी तक प्रदेश भर में बारिश लगभग शून्य के बराबर हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने सोमवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। प्रदेश के मध्य पर्वतीय और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

# सीएम सुक्खू ने किया कुछ कंपनियों के एकाधिकार पर राहुल की चिंताओं का समर्थन

## कहा - आलोचना नहीं परिवर्तन की कर रहे मांग, उनकी चिंता हर नागरिक के हित में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से बाजार पर कुछ कंपनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह चिंता केवल आलोचना नहीं है, बल्कि एक आवश्यक परिवर्तन की मांग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध करवाने, संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित करने और देश की आर्थिक संरचना में जनहित को सर्वोपरि रखने की रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस गंभीर मुद्दे को स्पष्ट और साहसिक रूप में देश के समक्ष रखा है जोकि हर नागरिक की चिंता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि बाजार में यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी तो कीमतें भी नियंत्रित रहेंगी और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं और उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में विचार करना चाहिए। राहुल ने बड़ी कंपनियों की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कि इस प्रकार का एकाधिकार देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज हैं। उनकी चिंताएं हर नागरिक के हित में हैं।

## रिटायरमेंट मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुनाए राम मंदिर, अनुच्छेद-370 जैसे कई ऐतिहासिक फैसले

# सीजेआई का बुलडोजर जस्टिस था अंतिम फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ रिटायर हो गए हैं। अपने वर्किंग-डे के आखिरी दिन उन्होंने 'बुलडोजर न्याय' पर फैसला सुनाया था।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर, 2022 को सीजेआई का पद संभाला था। वहीं, अब उनकी जगह संजीव खन्ना भारत के अगले चीफ जस्टिस होंगे। 11 नवंबर को जस्टिस खन्ना यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ अपने सख्त फैसलों और टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। चंद्रचूड़ का सीजेआई के तौर पर अंतिम कार्य दिवस रहा, जिसमें उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे से जुड़े 1967 के फैसले को पलट दिया। उनके कई निर्णय



चर्चित रहे हैं। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उनका मानना है एक बार कोई व्यक्ति सीजेआई या जज के पद से रिटायर हो जाता है, तो भी लोग उसे जज ही मानते हैं। ऐसे में रिटायरमेंट के बाद भी उनके काम ऐसे होने चाहिए जो उनकी जिम्मेदारी को दर्शाते हों।

### चर्चित फैसले

| 2017 | 2018 | 2019 |
|---|---|---|
| निजता का अधिकार मौलिक अधिकार बताने वाला फैसला | एलजी नहीं, सीएम करेंगे दिल्ली सरकार का नेतृत्व | राम मंदिर मामले में फैसला सुनाने वाली पीठ का हिस्सा |


**2023 :** अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को कायम रखा।

**2024 :** चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित किया।

### न्यायमूर्ति संजीव आज लेंगे प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ



**चुनावी** बांड योजना को खत्म करने और अनुच्छेद-370 को निरस्त करने जैसे उच्चतम न्यायालय के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सोमवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूर्वाह्न 10 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाएंगी।

## दियोटसिद्ध मंदिर में 'बकरा' कांड



# मंदिर प्रशासन ने तहसीलदार बड़सर को नियुक्त किया जांच अधिकारी

**एसके ठाकुर, बड़सर**

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए बकरों की नीलामी में गड़बड़झाला सामने आया था।

हिमाचल प्रदेश का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' ने प्रथम पृष्ठ पर 'दियोटसिद्ध मंदिर में 60 हजार रुपए में बेच डालें 35 बकरे' शीर्षक से समाचार छपा था।

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

इसी को आधार मानते हुए मंदिर प्रशासन ने रविवार को इस सारे मामले के तह तक जाने के लिए तहसीलदार बड़सर धर्मपाल नेगी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

बता दें कि इससे पहले भी उत्तरी भारत का विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में एक बकरा घोटाला कांड पहले भी हुआ था परंतु जांच फाइलों तक ही सीमित रह गई थी। हाल ही में लंगर भवन से लंगर सामान चोरी करने का भी मामला आया था। उसका भी अभी तक क्या हुआ, क्या नहीं हुआ जांच का विषय बना हुआ है।



दियोटसिद्ध मंदिर में 60,000 रुपए में बेच डाले 35 बकरे

वर्षों बाद फिर हुए बकरा कांड पर जांच शुरू, रिकॉर्ड सील

अनंत ज्ञान टीम, बड़सर/हमीरपुर

...द्ध स्थित बाबा बालक ... में वर्षों बाद फिर बकरा ...या है। ...र को हुई नीलामी में 35 ... 60,000 रुपए में बेच दिए। नीलामी के समय कोई अधिकारी भी मौजूद नहीं था, इसीलिए सवालों के घेरे में आई इस नीलामी पर अब ट्रस्ट के अध्यक्ष और बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने जांच बैठा दी है। वहीं, जिन लोगों को बकरे बेचे गए हैं, उनसे इन्हें वापस मंगवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंदिर के भीतर इससे संबंधित रिकॉर्ड सील कर लिया है। सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जाएगी। इस गड़बड़झाले की सूचना डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह को भी दे दी गई है। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि जांच बैठा दी गई है, जैसे ही सूचना मिली रिकॉर्ड को सील करने के लिए कह दिया है। सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगालने के बाद ही मामले का पटाक्षेप होगा। उन्हें वापस बुलाया जा रहा है। नए सिरे से बोली होगी। संदेह के घेरे में आई इस नीलामी में जो भी संलिप्त होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

10 नवंबर के अंक में प्रकाशित समाचार।

## बकरा नीलामी गड़बड़झाले के बाद दो तबादले

बकरा नीलामी गड़बड़झाले के चलते दो कर्मचारियों को इधर-उधर किया गया है। बकरा स्थल पर कार्यरत कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार को मंदिर प्रशासन ने मंदिर परिसर से हटकर मॉडल स्कूल चकमोह में ट्रांसफर कर दिया है। इसके अलावा मॉडल स्कूल में कार्यरत सुरेंद्र कुमार वरिष्ठ सहायक को भी मंदिर परिसर कार्यालय में ट्रांसफर किया गया है।

## बकरा नीलामी मामले पर क्या कहते हैं मंदिर अध्यक्ष

**मंदिर** अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने इस सारे प्रकरण पर जांच कमेटी का गठन करके इसका जिम्मा तहसीलदार बड़सर धर्मपाल नेगी को सौंपा गया है। उन्होंने कहा जांच बैठा दी गई है। सोमवार से बकरा नीलामी गड़बड़झाले की जांच शुरू कर दी जाएगी। गड़बड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कुल्लू के व्यक्ति से 5.787 किलो चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम के बाद अब एएनटीएफ कुल्लू की टीम ने चरस की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। एएनटीएफ कुल्लू की टीम ने गत रात्रि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर टनल नंबर-2 थापना के नरली के पास एक टैक्सी में सवार कुल्लू के व्यक्ति से पांच किलो 787 ग्राम चरस बरामद हुई।

आरोपी की पहचान जीवन सिंह (41) पुत्र हरि सिंह निवासी गांव गाडियारा, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। एएनटीएफ कुल्लू की टीम ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर टनल नंबर-2 थापना के पास नरली नामक स्थान पर नाका लगाया हुआ था। टीम ने पंजाब नंबर टैक्सी को चैकिंग के लिए रोका तो इसमें सवार व्यक्ति घबरा गया। जब टीम ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5 किलो 787 ग्राम चरस बरामद हुई।

# समोसा विवाद पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी हो रही सुक्खू सरकार की किरकिरी : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार अगर अच्छा काम करती है तो हम अभिनंदन भी करेंगे, लेकिन अगर ऐसे ही गलत निर्णय लेती रही तो जहां टोकना होगा, वहां टोकेंगे भी जरूर। मुझे आज जो दायित्व मिला है उसके निर्वहन के लिए मुझे जनता की आवाज बनकर सरकार के हर उस फैसले का विरोध करना है जो जनता के खिलाफ हो।

विपक्ष का काम ही सरकार को गलत करने से रोकना है। सरकार अच्छा करती है तो उसका हम स्वागत भी करेंगे, लेकिन दुर्भाग्य से ये सरकार निर्णय ही गलत ले रही है, जिससे इनकी किरकिरी खुद इनके कर्मों से हो रही है। मंडी दौरे पर बल्ह और दरंग भाजपा सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव अभियान में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने



कहा कि हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुक्खू से जुड़े समोसा विवाद की चर्चा देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी चर्चा शुरू हो गई है, जिससे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश सरकार की किरकिरी हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के बाद विदेशी मीडिया ने भी हिमाचल प्रदेश का जिक्र करते हुए समोसा की सीआईडी जांच की खबर को दर्शाया है, जिससे सीएम सुक्खू से जुड़ा समोसा विवाद का यह मुद्दा अब देश में ही नहीं विदेश में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार की किरकिरी होने पर सुक्खू सरकार ने अब विपक्ष को कोसना शुरू कर दिया है, जबकि सुक्खू सरकार ने स्वयं सीआईडी से इसकी जांच करवाई है।

सीआईडी की रिपोर्ट के बाद ही विपक्ष के पास इस विवाद की जानकारी पहुंची है। उन्होंने सीएम सुक्खू को घेरते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपनी प्राथमिकताओं को पीछे छोड़ बिना मतलब की इस तरह की बातों में उझली हुई है।

यही कारण है कि आज यह मुद्दा सभी जगह मजाक का विषय बना हुआ है। इस सारे विवाद की जड़ स्वयं प्रदेश की सुक्खू सरकार है, जिससे साफ झलक रहा है कि इस सरकार में नेतृत्व की कमी देखी जा रही है।

# निजी बस ऑपरेटर्ज ने सरकार से फिर उठाई मांग, 20 रुपए किया जाए न्यूनतम किराया

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल में एक बार फिर से बसों में न्यूनतम किराया बढ़ाने की मांग उठी है। प्रदेश के निजी बस ऑपरेटर्ज ने सरकार से बसों में न्यूनतम किराया बढ़ाने को लेकर विचार करने की मांग की है ताकि निजी बस ऑपरेटर्ज अपनी रोजी-रोटी कमा सकें। हिमाचल प्रदेश निजी बस ऑपरेटर्ज संघ के अध्यक्ष राजेश पराशर, महासचिव रमेश कमल, जिला निजी बस ऑप्रेटर्ज अध्यक्ष कांगड़ा से रवि दत्त शर्मा, चंबा से मनोज केशव, हमीरपुर से विजय ठाकुर, कुल्लू से रजत जम्वाल, मंडी से गुलशन नंदा और हंस ठाकुर, बिलासपुर से राजेश पटियाल, सिरमौर से बलविंदर सिंह व शिमला से रोशन लाल कमल ने संयुक्त बयान में कहा कि पूरे भारत में न्यूनतम बस किराया 15 रुपए से अधिक है जबकि हमारे पड़ोसी राज्य पंजाब में 12 वर्षों से न्यूनतम बस



किराया 5 रुपए था, जिसे पंजाब सरकार ने 6 माह पहले बढ़ाकर 15 रुपए कर दिया है जबकि हमारा प्रदेश पहाड़ी क्षेत्र है। ऑपरेटर्ज सरकार से आग्रह करते हैं कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण प्रदेश में न्यूनतम बस किराया 20 रुपए निर्धारित किया जाए ताकि बसों का रखरखाव सही तरीके से किया जा सके।

**प्राइवेट बसों में भी देंगे महिलाओं को छूट, हमें भी दें 170 करोड़ का अनुदान :** बस ऑपरेटर्ज ने कहा कि एचआरटीसी की बसों में महिलाओं को 50 प्रतिशत किराए में छूट का प्रावधान किया है और उसके एवज में प्रदेश सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम को 170 करोड़ रुपए का अनुदान दे रही है। इस प्रक्रिया से प्रदेश में निजी बस ऑप्रेटर्ज की बसों में सवारी का अत्यंत अभाव हो गया है।

हमारा प्रदेश सरकार से आग्रह है कि अगर सरकार महिलाओं को स्पैशल सुविधा देना चाहती है तो वह सुविधा निजी बस ऑपरेटर्ज भी देने के लिए तैयार हैं परंतु जिस प्रकार हिमाचल पथ परिवहन निगम को महिलाओं को किराए में 50 प्रतिशत छूट के एवज में 170 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाता है। इस तर्ज पर हिमाचल प्रदेश के निजी बस ऑपरेटर्ज को भी मुआवजा दिया जाए।

**जेएनएनआरयूएम की बसों के अवैध संचालन पर भड़के ऑप्रेटर्ज :** संघ ने निगम की ओर से जेएनएनआरयूएम की ओर से अवैध रूप से चलाई जा रही बसों का भी विरोध किया है। संघ प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने परिवहन विभाग और निगम को आदेश दिया था कि केंद्र सरकार की स्कीम के तहत आई जेएनएनआरयूएम की बसों को प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 13 कलस्टर के बाहर नहीं चलाएंगे, लेकिन परिवहन विभाग और निगम द्वारा बसों को प्रदेश में लंबी दूरी के परमिट और अंतरराज्यीय रूटों पर पर धड़ल्ले से चलाया जा रहा था, जिस पर ऑपरेटर्ज ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

कहानी-23




अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# बन्नी माता की इजाजत लेकर लाहौल जाते हैं गडरिए

## ल्यंडी गांव से माइग्रेट होकर आए लोगों ने बन्नी में बसाया खूबसूरत गांव






'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज की इस कड़ी में आज बात जनजातीय क्षेत्र भरमौर के उस ऐतिहासिक मंदिर की, जिसमें अगाध श्रद्धा जताकर हजारों श्रद्धालु हर वर्ष माथा टेकने आते हैं। भरमौर के एक छोर के अंतिम गांव बन्नी में विश्व प्रसिद्ध माता बन्नी का भव्य मंदिर है। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे के ढकोग से 21 किलोमीटर दूर इस ऐतिहासिक मंदिर तक पहुंचना आसान नहीं होता। सफर काफी कठिनाइयों और रोमांच भरा रहता है, लेकिन जो यहां एक बार आ जाता है वह बार-बार आना पसंद करता है। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां से ल्यंडी गांव से माइग्रेट होकर कुछ लोग चले गए और उन्होंने बन्नी में एक खूबसूरत गांव बसा दिया। वर्षों पहले इस गांव में भारी हिमपात होने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर छह महीने बाद वहां पर पंडित पहुंचा था। लिहाजा मृतक का किरया कर्म नहीं हो पाया और उसका सारा सामान एक पेड़ पर रखना पड़ा। इसके बाद उक्त गांव के बाशिंदे वहां से माइग्रेट होकर बन्नी पहुंचे।



ओपी शर्मा
भरमौर

### ढकोग से 21 किलोमीटर दूर मंदिर

**पठानकोट-भरमौर** नेशनल हाईवे पर चंबा से 45 किलोमीटर आगे ढकोग से लिंक रोड के जरिए 21 किलोमीटर छोटी गाड़ी से बन्नी माता के मंदिर तक पहुंचा जा सकता है। अभी रोड कनेक्टिविटी हो जाने के कारण यहां पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन करीब दो दशक पहले यहां पर लोग 20 किलोमीटर सामान पीठ पर उठकर पहुंचते थे।

### सरकारी सुविधाओं की दरकार

**स्थानीय** लोगों की मानें तो हर वर्ष यहां पर प्रदेश और देश के कोने-कोने से हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं, लेकिन यहां पर अभी तक भी शौचालय की भरपूर दरकार है। एक अनुमान के मुताबिक, यहां पर हर दिन औसतन 100 से अधिक श्रद्धालु आते हैं, लेकिन शौचालय न होने के कारण उन्हें शौच आदि के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

### स्कूल से 12 घंटे बाद घर पहुंचते हैं बच्चे





**स्थानीय** लोगों चुन्नी लाल और रमेश कुमार का कहना है कि यहां के साथ लगते गांव जिसे भरमौर के अंतिम छोर का गांव कहा जाता है वहां के बच्चे पढ़ाई करने के लिए सुबह 6:00 बजे स्कूल चले जाते हैं और शाम को 12 घंटे बाद 6:00 बजे घर पहुंचते हैं। लोगों ने इस समस्या से आजिज आकर चुनाव का बहिष्कार भी किया, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं का हल अभी तक नहीं हो पाया है।

### राजमा, जौ, मक्की और आलू काफी प्रसिद्ध

**बन्नी** माता के गुर एवं स्थानीय निवासी सुंदर कुमार का कहना है कि वर्षों पहले रोड खत्म होने की वजह से ल्यंडी गांव से सारे लोग यहां पर आकर बस गए हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर हर वर्ष हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और उनकी मन्नत पूरी होती है। यहां के राजमा, जौ, मक्की और आलू काफी प्रसिद्ध हैं। यहां के लोगों का व्यवसाय पशुपालन अभी तक जिंदा है।



सुंदर कुमार

### भेड़पालक 'काली छो' जोत से जाते हैं त्रिलोकी नाथ

**पौराणिक** मान्यता के अनुसार, हर वर्ष यहां से दर्जनों भेड़पालक अपनी भेड़ बकरियों को चराने के लिए काली छो जोत से होकर लाहौल-स्पीति के त्रिलोकी नाथ पहुंचते हैं। आषाढ़ महीने के तीसरे मंगलवार माता छडोले में पहुंचकर अनदरोल खोला जाता है जिसके लिए यहां से हर वर्ष माता के सैकड़ों भक्त जाते हैं। इस कठिन डगर से गुजर कर गडरिए माता की इजाजत लेकर त्रिलोकी नाथ के लिए जाते हैं जहां पर दो महीने तक अपनी भेड़-बकरियों को चराकर वापस लाते हैं और फिर निचले क्षेत्रों की ओर रुख करते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो 'काली छो' को सबसे कठिन जोत माना जाता है।

# हिमाचल प्रदेश में बनेंगीं नई पंचायतें, डीसी से मांगे प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के अगले साल होने वाले चुनाव से पहले नई ग्राम पंचायतें बनाई जाएंगी। इससे पहले पंचायतों का पुनर्सीमांकन भी होगा। सरकार ने सभी उपायुक्तों से प्रस्ताव मांगे हैं। अभी प्रदेश में 3,615 ग्राम पंचायतें हैं। नई पंचायतें बनीं तो कई पंचायतों की सीमाएं भी बदलेंगी और इनका नए सिरे से पुनर्सीमांकन भी किया जाएगा।

त्रिस्तरीय पंचायत राज प्रणाली के चुनाव दिसंबर 2025 में प्रस्तावित हैं। इसकी तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। पिछली बार भी पंचायत चुनाव से पहले वर्ष 2020




में भी 412 नई पंचायतें बनीं थीं। उसके बाद पुनर्सीमन की प्रक्रिया चली, जिसमें कुछ पंचायतें नगर निकायों में मर्ज हो गई थीं। ऐसे में नई 389 पंचायतों की बढ़ोतरी ही दर्ज हुई। नई बनने से पहले पंचायतों की संख्या 3,226 थी। सूत्रों के अनुसार पंचायती राज विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि नई पंचायतें बनाने का काम अप्रैल तक पूरा करना होगा। पुनर्सीमन भी समय पर करना होगा। नई पंचायतों के गठन और इनकी नए सिरे से सीमाएं तय करने के बाद आरक्षण रोस्टर का स्वरूप बदलेगा।

नया रोस्टर तय करने में भी समय लगता है। ऐसे में पिछले दिनों पंचायती राज निदेशालय ने सरकार को एक पत्र भी भेजा था। इसमें पूछा था कि नई पंचायतों का गठन किया जाना है या नहीं।

अगर किया जाना है तो इस प्रक्रि या को समय रहते शुरू करना होगा। इसी पर सरकार अब उपायुक्तों से प्रस्ताव मांग रही है। यह मालूम रहे कि पिछली जयराम सरकार के समय 2020 में कई नई पंचायतें अस्तित्व में आई थीं। उससे पहले हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2010 और 2015 के चुनाव से पहले नई पंचायतों का गठन नहीं किया था, जबकि आमतौर पर हर चुनाव से पहले इनका गठन होता रहा है।

# झारखंड विधानसभा चुनावों में दीपक शर्मा ने संभाला मोर्चा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा ने झारखंड विधानसभा चुनावों में मोर्चा संभाल लिया है। दीपक शर्मा झारखंड के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के भी प्रभारी हैं और राष्ट्रीय राजनीति में अपने कुशल राजनीतिक अनुभव के बल पर अलग पहचान बनाने में सफल हुए हैं। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के (राष्ट्रीय प्रभारी संचार) के रूप में दीपक शर्मा ने पूरे देश में किसान कांग्रेस के प्रचार प्रसार में विशेष रणनीति बना कर किसान कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके चलते कांग्रेस नेतृत्व की नजरों में जगह बना चुके हैं।

झारखंड चुनावों की जानकारी देते हुए दीपक शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 45 किसान नेता लोकसभा और विधानसभा के सभी क्षेत्रों में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कि झारखंड में दो चरणों में मतदान होगा जिसमें प्रथम चरण का मतदान 13 नवंबर को होने जा रहा है और दूसरे चरण का मतदान 20 नवम्बर को होगा। उन्होंने कहा कि वह अंतिम चरण के चुनाव तक चुनावी मैदान में प्रचार को धार देने हेतु पूरी टीम के साथ दिन रात डटे रहेंगे।

दीपक शर्मा ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस इकाई के भंग होने के बाद अब कांग्रेस में राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर, राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र शर्मा और किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा जैसे चंद नेता ही हैं जो पदासीन हैं। उन्होंने कहा कि आगामी समय में इन नेताओं की हिमाचल कांग्रेस में भूमिका अहम होगी।

**अधिवेशन** — विभिन्न जिलों से आए छात्रों, कार्यकर्ताओं और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने लिया भाग

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 45वां अधिवेशन संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) हिमाचल प्रदेश का 45वां प्रदेश अधिवेशन गौतम कॉलेज हमीरपुर में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए छात्रों, कार्यकर्ताओं और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के शिक्षा जगत में आ रहे बदलावों और चुनौतियों पर चर्चा करना और इन पर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। अधिवेशन के अंत में अभाविप की प्रदेश कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।




**अधिवेशन की प्रमुख बातें और प्रस्ताव:** अभाविप के इस अधिवेशन में राज्य के मौजूदा शैक्षणिक परिदृश्य पर गहन चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों में प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, छात्रों के समग्र विकास के लिए गतिविधियों को बढ़ावा देने और नए रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों की शुरुआत के सुझाव शामिल थे।

अधिवेशन के दौरान युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से परिचित कराते हुए उनमें नेतृत्व क्षमता के विकास पर भी जोर दिया गया। अधिवेशन के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश में शिक्षा प्रणाली के सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा को आधुनिक तकनीकी साधनों के साथ जोड़ने पर भी विचार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि अभाविप आने वाले वर्षों में प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में डिजिटल सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगा। इसके अलावा, स्थानीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी अभाविप ने संकल्प लिया।

**प्रदेश के छात्रों का योगदान और उनके लिए योजनाएं:** अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि अभाविप, प्रदेश के छात्रों को उनकी शिक्षा और करियर संबंधी कठिनाइयों में मदद के लिए कई नई योजनाएं लाएगा। इसमें विभिन्न करियर गाइडेंस प्रोग्राम, स्कॉलरशिप और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सेमिनार शामिल होंगे।

**अधिवेशन का समापन और भविष्य की योजनाएं:** अधिवेशन का समापन एक उत्साही और प्रेरणादायी माहौल में हुआ। समापन सत्र में अभाविप के वरिष्ठ नेताओं ने छात्रों को प्रदेश और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य न केवल छात्रों के अधिकारों की रक्षा करना है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। संगठन ने यह वचन दिया कि आने वाले समय में अभाविप हिमाचल प्रदेश के छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

### नव प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

**अधिवेशन** में अभाविप हिमाचल प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अनुभवी और उत्साही छात्रों का चयन किया गया, जो आने वाले वर्ष में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेंगे। नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने यह संकल्प लिया कि वे प्रदेश के सभी छात्रों को संगठन से जोड़ने और उनकी समस्याओं का समाधान करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

**अधिवेशन** में राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने अभाविप के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि यह संगठन न केवल छात्रों के शैक्षणिक उत्थान के लिए बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। अभाविप ने हमेशा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया है, और संगठन शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र से मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य व न्याय देने की अपील



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजपूत सभा फतेहपुर के प्रधान जगदेव पठानिया, सचिव बलजीत राणा व कोषाध्यक्ष जोगिंदर गुलेरिया ने रविवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार से तीन सुविधाएं देने की अपील की है। सभा प्रधान जगदेव पठानिया ने कहा कि सभा क्या क्षेत्र की बाकी जनता भी शिक्षा, स्वास्थ्य व न्याय मुफ्त पाने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि सब्सिडी को बंद कर शिक्षा, स्वास्थ्य व न्याय की सुविधा लोगों को मुफ्त उपलब्ध करवाए, ताकि हर वर्ग के बच्चे शिक्षित हो पाएं। वहीं हर वर्ग के लोगों को समय पर न्याय मिल पाए साथ ही हर बर्ग के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा मिल पाए।

### भाटियां में बताए जैविक खेती के फायदे



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** ग्राम पंचायत भाटियां के खेल मैदान में रविवार को इंडिया एग्रो की टीम ने क्षेत्र के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के फायदे बताए। इस दौरान जानकारी देते हुए टीम की तरफ से पहुंचे धर्म सिंह ने बताया ऑर्गेनिक खेती से किसी भी तरह का कोई ही नुकसान नहीं है। उन्होंने कहा कि आज कैमिकल युक्त खेती से इंसानों के शरीर में कई तरह की बीमारियां पनप रही हैं। इनसे निजात पाने के लिए ऑर्गेनिक खेती पर जोर दिया जा रहा है। क्षेत्र के कुछ किसान ऑर्गेनिक खेती से जुड़े हैं, जिन्हें अच्छी पैदावार मिली है। इस दौरान स्थानीय किसान प्रीतम सिंह ने बताया उन्होंने दो फसलों में उक्त कंपनी के उत्पाद इस्तेमाल किए थे, जिनका रिजल्ट अच्छा रहा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे ऑर्गेनिक खेती कर शुद्ध खेती की पैदावार करें।

### जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व : सुरजीत



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयंसेवी विद्यार्थियों ने योगा अभ्यास से की। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता में आयोजित हुए सत्र में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता सुरजीत ठाकुर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा सतत प्रक्रिया है, यह जीवन भर चलती रहती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक अच्छे भवन, अच्छे कपड़े, अच्छा भोजन आवश्यक है, ठीक उसी प्रकार अच्छी शिक्षा का भी महत्व होता है जो हमें व्यक्ति से मानव बना देती है। प्रधानाचार्य सीमा कौशल ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। शिक्षा हमें ज्ञान, समझ, सोचने की शक्ति प्रदान करती है। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर तथा महिला अधिकारी गितिका तौमर ने विगत 6 दिन से लगातार चल रहे एनएनएस शिविर के कार्य को सबके सामने रखा।

# जनता के सामने बुरी तरह बेनकाब हो चुकी है सुक्खू सरकार : परमार

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बोले, सरकार के पास विपक्ष के किसी भी सवाल का जवाब नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा है कि देहरा में झूठी घोषणाएं करके मुख्यमंत्री सुक्खू यहां की जनता को गुमराह कर गए हैं। देहरा में मुख्यमंत्री कार्यालय तो खोल दिया मगर उन्होंने यह नहीं बताया कि वे वहां कितने दिन बैठेंगे। परमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से पूछा कि क्या वह प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का कार्यालय खोलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने देहरा विधानसभा क्षेत्र जहां से उनकी पत्नी विधायक हैं, मुख्यमंत्री कार्यालय का उद्घाटन किया, इसलिए मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि क्या ऐसे मुख्यमंत्री कार्यालय हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे या फिर यह कार्यालय सिर्फ पत्नी के विधानसभा क्षेत्र में ही खुलना है।

विपिन परमार ने कहा कि एक तरफ प्रदेश की कमजोर आर्थिक स्थिति का बहाना बनाकर पिछली भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 1500 संस्थान बंद कर दिए और दूसरी तरफ अपनी पत्नी के विधानसभा क्षेत्र में नित नये संस्थान खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पत्नी को चार महीने चुनाव जीते हुए नहीं है और पांच नवंबर को मुख्यमंत्री ने देहरा में एसपी कार्यालय, जल शक्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा का सर्किल कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय का शुभारंभ कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह ब्यान भी बेतुका है कि सरकार ने दो बार कर्मचारियों को वेतन दे दिया, और दिवाली से पहले वेतन कर्मचारियों के खाते में चला गया। भाजपा नेता ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की बात करने वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं जिससे जनता के साथ हर कर्मचारी वर्ग दुखी व परेशानी के आलम से गुजर रहा है। सरकार के पास विपक्ष के किसी भी सवाल का जवाब नहीं है।

परमार ने कहा कि कांग्रेस इस बात को भली-भांति समझ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही ढंग से लागू करना कठिन या असंभव है। वो लोगों से ऐसे वादे करते हैं, जिन्हें वो भी जानते हैं कि कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। अब सुक्खू सरकार जनता के सामने बुरी तरह बेनकाब हो चुकी है।

### न वादे निभाए न ही गारंटिया पूरी की



**कांग्रेस** सरकार ने जो वादे जनता से किए थे वे पूरे नहीं किए। झूठी गारंटियां फेल हो गई हैं। सुक्खू सरकार की नाकामियों की वजह से आजतक धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। दो सालों में सरकार 30 हजार करोड़ जमा नहीं करवा सकी है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 1500 के लगभग संस्थान बंद किए। सरकार ने खुद को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर लिया है।

# चंबी में 230 मां और बेटियां बनीं 'मां-बेटी मेले' की शान



**अनंत ज्ञान, गगल**


जागोरी संस्था रक्कड़ द्वारा जिला स्तरीय मां-बेटी मेले का आयोजन मेला ग्राउंड चंबी में किया गया, जिसमें जिला कांगड़ा के पांच ब्लॉक रैत, कांगड़ा, धर्मशाला, नगरोटा सूरियां व नगरोटा बगवां की 230 मां और बेटियों ने भाग लिया। मां बेटी मिलने का थीम मां बेटी का प्यार, रिश्तों में निखार रहा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मां बेटी रिश्ते को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से मजबूत बनाना रहा। मेले में पांच विभिन्न प्रकार के स्टाल भी लगाए गए जैसे सुनो वह समझो मगर प्यार से मां बेटी के रंग रिश्तों के सॉन्ग मां बेटी का सफर भरोसे, कमी पर इसके साथ ही मिले को और अधिक रोचक बनाने वह मां-बेटी के रिश्ते को गहराई से समझने के लिए म्यूजिकल चेयर गेम सांस्कृतिक कार्यक्रम गुब्बारा गेम व गानों के माध्यम से एक दूसरे को प्यार का संदेश दिया और सभी सहभागियों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में जागोरी से आशा, चंद्रकांता, पंकज, पूजा, सोनिका, उर्मिला, रवीना, श्रेष्ठा, सधु, अंजना, सरिता व अंजू उपस्थित रहे। सभी 230 सहभागियों को फलदार पौधे आडू और सेब वितरित किए गए।

#### मां - बेटी रिश्ते को मजबूत बनाना था मेले का उद्देश्य

### धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव संपन्न

## अंतिम दिन दक्षिण एशियाई सिनेमा की फिल्में प्रदर्शित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का रविवार को 13वां आयोजन संपन्न हुआ। अंतिम दिन दक्षिण एशियाई सिनेमा और फिल्म निर्माताओं की फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

निर्देशक रीमा दास की विलेज रॉकस्टार 2 ने दिन की शुरुआत की और नेपाली निर्देशक दीपक रौनियार की पूजा, सर ने महोत्सव का समापन किया। विलेज रॉकस्टार्स 2, जिसका प्रीमियर बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, उनके 2017 फेस्टिवल डार्लिंग का बहुप्रतीक्षित अनुवर्ती है, और डीआईएफएफ के दर्शकों ने रीमा की ट्रेडमार्क कहानी कहने की शैली की सराहना की। असमिया फिल्म निर्माता 'शैडोज ऑफ अवर फॉरगॉटन एंसेस्टर्स रिक्लेमिंग आइडेंटिटी थ्रू फिल्म' नामक पैनल का भी हिस्सा थे, जिसमें प्रणामी कोच, झांसी गिटिंग डोकग्रे मारक और तेनजिन त्सेतन चोकले जैसे फिल्म निर्माता शामिल थे।

### सुनैना शर्मा ने शिव मंदिर बैजनाथ में टेका माथा




जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू सुनैना शर्मा ने रविवार को ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में परिवार सहित पूजा-अर्चना कर शीश नवाया। सुनैना शर्मा हाल में हुई बीड़ बिलिंग घाटी में पैराग्लाइडिंग विश्व कप में बतौर ऑब्जर्वर अपनी सेवाएं दे रही थीं। सुनैना शर्मा ने कहा कि बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग विश्व कप का आयोजन किया जाना बहुत बड़ी बात है। इससे जहां पर इस घाटी का नाम विश्व मानचित्र पर उबर कर आया है वहीं होटल व्यवसाय के साथ-साथ अन्य कारोबार को भी चार चांद लगे हैं। उन्होंने कहा कि वह एसडीएम के रूप में बैजनाथ में सेवाए दे चुकी हैं। उनके दिल में लिए इस ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के प्रति विशेष स्थान है तथा वो प्रदेश के किसी भी हिस्से में रहे इस मंदिर के उत्थान के लिए हमेशा कार्य करती रहेगी । इस मौके पर बैजनाथ शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस मौके पर बैजनाथ मंदिर के ट्रस्टी मिताप, राणा, रमेश चड्ढा, मुलक राज मैहता, मंदिर पुजारी सुरेंद्र आचार्य तथा एसडीएम कार्यालय बैजनाथ के कर्मचारी विनय शर्मा भी उपस्थित रहे।

### मौसम रहा खराब दिल्ली से नहीं पहुंची कोई उड़ान



**अनंत ज्ञान, गगल।** खराब मौसम तथा धुंध के चलते रविवार को एक भी विमान दिल्ली से गगल एयरपोर्ट नहीं पहुंचा। इसकी जानकारी देते हुए गग्गल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली में खराब तथा धुंध के चलते एक भी विमान गगल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। इस वक्त गगल एयरपोर्ट पर छह विमान अपनी सेवाएं देते हैं, जिनमें से दो स्पाइसजेट, दो इंडिगो, और दो एलाइंस एयर के विमान सेवाएं देते हैं। इनमें से एक भी विमान रविवार को गगल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हुआ। विमान के न आने से विमान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# हेल्थ इज वेल्थ





# मोटापा बन रहा खतरनाक बीमारियों का कारण

## खानपान में परहेज के साथ उपाय भी जरूरी

**खानपान की खामियों से हर आयु वर्ग के लिए मोटापा अभिशाप बनता जा रहा है। यह कई जानलेवा बीमारियों की वजह बनता है। मोटापे से बचने के लिए या इसे दूर करने के लिए जरूरी है कि लाइफ स्टाइल में कुछ आवश्यक सुधार किए जाएं। मोटापा खराब डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से एक महामारी की तरह फैल रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता ने कहा कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक साल 2016 में दुनियाभर में लगभग 4.1 करोड़ बच्चे, जिनकी आयु 5 वर्ष से कम थी, मोटापे से जूझ रहे थे। इन बच्चों में ज्यादातर शहरी इलाकों में रहने वाल बच्चे शामिल थे। मोटापा कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का रिस्क फैक्टर्स है, जिससे बचाव करने में ही भलाई है। डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मोटापे से बचा जा सकता है और इसे कम भी किया जा सकता है। इसके लिए लाइफ स्टाइल में कई जरूरी बदलाव करने की जरूरत पड़ेगी।**

### दिल की बीमारियां और डायबिटीज

**मोटापा** दिल की बीमारियों का जोखिम कई गुणा बढ़ा देता है। मोटापे की वजह से ब्लड प्रेशर और सूजन बढ़ने लगता है और ये दोनों ही फैक्टर्स दिल की बीमारियों को आमंत्रण देते हैं। साथ ही मोटापे की वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ जाता है, जिसके कारण आर्टरीज ब्लॉक हो सकती हैं और हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसलिए मोटापे की वजह से बच्चों में दिल की बीमारियों का खतरा काफी अधिक होता है। मोटापा डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। जो बच्चे मोटापे की चपेट में होते हैं, उनमें डायबिटीज का खतरा काफी बढ़ जाता है। डायबिटीज में शरीर का ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है, जिसके कारण शरीर के अन्य अंग, जैसे आंखें, लिवर, किडनी, नर्व्स आदि को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही, मोटापे की वजह से सूजन भी बढ़ती है, जिसके कारण इंसुलिन सेंसिटिविटी प्रभावित होती है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### हड्डियों से जुड़ीं परेशानियां

**मोटापे** की वजह से बच्चों के जोड़ों और हड्डियों पर काफी दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से आर्थराइटिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके कारण अक्सर चलन-फिरने में तकलीफ और हड्डियों में अकड़न की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, मोटापे के कारण विटामिन डी की कमी भी हो सकती है, जो हड्डियों और मांसपेशियों की कमजोरी की वजह बन सकता है।

### मोटापे से बचाव के उपाय

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एन.के गुप्ता का कहना है कि बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करें। कोशिश करें कि आपका बच्चा टीवी और कंप्यूटर के सामने कम समय बिताए और फिजिकल एक्टिविटीज करे। उनकी डाइट का खास ख्याल रखें। इसके लिए उन्हें सब्जियां, फल, साबुत अनाज, दही आदि शामिल करें। इसके अलावा, उन्हें बाहर का जंक और प्रोसेस्ड फूड कम से कम खिलाएं और नमक व शुगर की मात्रा भी कम करें। एक्सरसाइज करने की आदत डलवाएं। कोशिश करें कि आपका बच्चा रोज कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करें। इसके लिए आप उन्हें जॉगिंग, रनिंग, स्विमिंग और योग आदि करवा सकते हैं। इससे उनकी स्ट्रेंथ भी बढ़ेगी। अगर हेल्दी लाइफस्टाइल के बावजूद बच्चे का वजन कम नहीं हो रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क करें।

-प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

# इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाती है होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति

*शरीर का इम्यून सिस्टम हमारे शरीर को वायरस, बैक्टीरिया और अन्य पर्यावरणीय कारकों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब आपका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, तो आपका शरीर संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है और आपके बीमार पड़ने की संभावना बढ़ जाती है। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो शरीर के इम्यून सिस्टम पर काम करती है, ताकि शरीर बीमारी करने वाले कारण से लड़ सके और आपकी सेहत को ठीक कर सके। ये दवाएं शरीर की स्वाभाविक रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है। होम्योपैथ का मानना है कि शारीरिक बीमारी में अक्सर मानसिक और भावनात्मक घटक होते हैं, इसलिए होम्योपैथिक निदान में शारीरिक लक्षण, वर्तमान भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्थिति (जैसे चिंता और बेचैनी) और व्यक्ति की संरचना शामिल होती है। होम्योपैथी चिकित्सा प्राकृतिक सामग्री से बनी दवाओं का उपयोग करती है। इसके कई लाभ हैं।*

**व्यक्तिगत उपचार :** दवाएं व्यक्ति के लक्षणों और मानसिक स्थिति के अनुसार तैयार की जाती हैं, जिससे उपचार अधिक प्रभावी होता है।

**हर बीमारी का उपचार :** होम्योपैथिक दवा का उपयोग नई और पुरानी दोनों तरह की बीमारी में किया जा सकता है। तीव्र स्थिति में दिए जाने पर भी ये रोगी को तुरंत राहत प्रदान करती हैं।

**सभी उम्र के लिए सुरक्षित :** होम्योपैथिक उपचार आमतौर पर सभी के लिए सुरक्षित होते हैं, जिसमें बच्चे और गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग भी शामिल हैं।

**स्वास्थ्य में सुधार :** यह रोगों के कारणों को समझने और उन्हें खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे स्वास्थ्य में दीर्घकालिक सुधार होता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत :** होम्योपैथी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मदद कर सकती है, जिससे रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम (गुजरात)

**मन की शांति :** होम्योपैथिक उपचार मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। विभिन्न रोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा की सहायता के बारे में अगले भाग में जानेंगे। कोई भी होम्योपैथिक दवा लेने से पहले होम्योपैथिक डॉक्टर की सलाह लें।

# दांतों में तेज दर्द झनझनाहट कर सकती है बेहाल

## सर्दियों के मौसम में दांतों की देखभाल करना है बेहद जरूरी



**आजकल दांतों की समस्या आम हो गई है। बहुत से लोग दांतों में दर्द और संवेदनशीलता महसूस करते हैं, और सर्दियों के आगमन के साथ यह समस्या और बढ़ जाती है। ठंडे पानी का सेवन, आइसक्रीम खाना या ठंडे मौसम में बाहर जाना भी दांतों में दर्द का कारण बन सकता है। ठंड के कारण दांतों में तेज दर्द और झनझनाहट महसूस हो सकती है। ऐसे में दांतों की देखभाल करना बेहद जरूरी है, ताकि इस मौसम में बढ़ने वाली समस्याओं से बचा जा सके और दांत स्वस्थ रहें।**



**क्यों होता है दांत दर्द**

दांतों में दर्द दो तरह की संवेदनशीलता की वजह से हो सकता है। एक डेंटिनल और दूसरा पल्प संवेदनशीलता। डेंटिनल सेंसिटिविटी एक सामान्य समस्या है, लेकिन पल्प सेंसिटिविटी खतरनाक हो सकती है, खासकर जब दांतों में कैविटी या घाव हो। इस तरह की समस्या होने पर दांतों में तेज दर्द के साथ बुखार भी आ सकता है।

**सही टूथ पेस्ट यूज करें:** दांतों को स्वस्थ रखने के सही टूथ पेस्ट का चुनाव करना चाहिए। दांत दर्द में केमिकल युक्त पेस्ट का उपयोग करने की सलाह दी जाती है, जो दांतों को दर्द और संवेदनशीलता से राहत दिलाने में मदद करता है।

**ठंडे खाने से बचें:** सर्दियों के दौरान ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कम करना चाहिए.

**पल्प सेंसिटिविटी के उपाय :** अगर पल्प सेंसिटिविटी हो, तो डॉक्टर द्वारा दी गई दवाएं लें और आवश्यक हो तो रूट कैनाल ट्रीटमेंट कराएं।

**रोजाना दांतों की देखभाल का महत्व**

दंत रोग विशेषज्ञों का मानना है कि कि नियमित देखभाल से दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। ग्रामीण बंगाल में दांत के दर्द में गर्म सेक देने का प्रचलन है, लेकिन डॉ. मंडल ने इस उपाय को छोड़ने की सलाह दी है। कुछ सरल नियमों का पालन करके दांतों के दर्द से राहत पाई जा सकती है।



# सेहत के लिए वरदान मेथी दाना

## कई स्वास्थ्य समस्याओं में है रामबाण इलाज

**महिलाओं** की सेहत के लिए मेथी के दाने बहुत फायदेमंद मानी जाती है। रसोई में पाए जाने वाले मसालों में से एक मेथी का उपयोग कई तरह से किया जा सकता है और इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है। मेथी के दानों में फाइबर, आयरन, प्रोटीन, और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर को ताकत देने में मदद करते हैं।

### महिलाओं के लिए फायदेमंद

**आयुर्वेद** में भी मेथी के दानों का खास महत्व है। महिलाओं के लिए खासतौर पर यह इसलिए लाभकारी है क्योंकि यह पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और मरोड़ को कम करने में मदद करता है। यदि किसी महिला को पीरियड्स के दौरान पेट में दर्द हो रहा हो तो मेथी का पानी या चाय पीने से आराम मिल सकता है। इसके अलावा मेथी के दाने जी मिचलाने जैसी समस्याओं में भी लाभकारी होते हैं।

### मेथी के दानों के फायदे

**मेथी** के दाने सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें फाइबर, आयरन, प्रोटीन, और मैग्नीशियम पाया जाता है, जो शरीर को ताकत देता है। मेथी के दानों का सेवन पाचन को बेहतर बनाता है, वजन नियंत्रित करता है, और खून की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसके साथ ही पीरियड्स के दर्द में राहत देने और जी मिचलाने जैसी समस्याओं में भी यह फायदेमंद है। मेथी के दानों को पानी में भिगोकर सुबह सेवन करने से त्वचा में निखार आता है और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। महिलाओं के लिए यह खासतौर पर लाभकारी मानी जाती है।



## न्यूज ब्रीफ

### भवारना में ट्रैफिक जाम से जनता परेशान



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा के अधीन आने वाले भवारना के लोअर बस स्टैंड में रोजाना लगने वाले जाम से आम लोग परेशान हैं। बताया जाता है कि जाम लगने का सबसे बड़ा कारण वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों को सड़क किनारे आड़े तिरछे करके पार्क किया जाना है। सुलह विधानसभा क्षेत्र से जिला कांगड़ा कांग्रेस की सह प्रभारी रुपाली धीमान ने बताया है कि भवारना में जाम की समस्या से निपटने के लिए कई बार संबंधित विभाग को कहा गया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक पालमपुर से आग्रह किया है कि भवारना के दोनों चौकों पर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाए ताकि आम जनता इस जाम से छुटकारा पा सके। (अनंत ज्ञान)

### सुनैना ने पेंटिंग स्पर्धा में हासिल किया प्रथम स्थान



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्य स्तरीय कला उत्सव एवं रंगोत्सव प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलेहरा की सुनैना ने प्रदेश भर में थम एंड फिंगर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। जिला बिलासपुर के घुमारवीं में राज्य स्तरीय रंगोतासव प्रतियोगिता में सुनैना ने प्रदेश के 12 जिलों से आए प्रतिस्पर्धियों में सबसे अच्छी पेंटिंग बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया। सुनैना के नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में चयन के बाद अब सुनैना थम एंड फिंगर पेंटिंग प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करेगी। सुनैना के पिता विकास चंद व माता पूजा देवी हैं। सलेहरा की पांचवी कक्षा की सुनैना ने थम एंड फिंगर पेंटिंग में ऐसी आकर्षक सुंदर पेंटिंग बनाई की प्रदेश भर के प्रतिभागियों की पेंटिंग को पछाड़ कर प्रथम स्थान हासिल कर लिया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सलेहरा की अध्यापिका बबली कुमारी के मार्गदर्शन तथा कुशल नेतृव में सुनैना ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर गांव सलेहरा, चढ़ियार इलाके सहित जिला कांगड़ा का नाम रोशन कर गौरवान्वित कर दिया।

### पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप 16 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के नरवाना में धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप-2024 का आयोजन 16 नवंबर से 20 नवंबर तक किया जाएगा। अब तक 13 देशों के 87 प्रतिभागी प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। प्रतिभागियों में नेपाल, अमरीका, मेक्सिको, चीन, सऊदी अरब, स्पेन, कजाकिस्तान तथा फ्रांस आदि के पायलट शामिल हैं। प्रतियोगिता का आयोजन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश (एएसएफ) और नरवाना एडवेंचर क्लब (नरवाना पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन) के अध्यक्ष और विधायक धर्मशाला सुधीर शर्मा करवा रहे हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी, नरवाना एडवेंचर क्लब तथा नरवाना पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन मुनीश कपूर ने दी।

### अंडर-9 बैडमिंटन स्पर्धा में राजवीर विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दो दिवसीय मास्टरबेशन कांगड़ा जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का समापन इनडोर स्टेडियम धर्मशाला में किया गया। इस प्रतियोगिता का समापन मुख्यातिथि अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक आयुष ग्रुप ऑफ कंपनीज इंडिया जितेंद्र सोढ़ी द्वारा किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी विशाल मिश्रा, संदीप ढींगरा, संजीव सूद, पवन चौधरी, विक्रम चौधरी, पंकज शर्मा, गौरव चड्ढा, प्रदीप चड्ढा, अनुभव वालिया, सतपाल उपस्थित रहे। मुख्यातिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंडर-9 लड़कों की एकल मुकाबले में राजवीर सिंह पटेल विजेता एवं आदर्श उपविजेता रहा। अंडर-9 लड़कियों के एकल मुकाबले में कृशिका का विजेता एवं आर्य उपविजेता रही। 35 आयु वर्ग के एकल मुकाबले में गौरव कपूर विजेता एवं विक्रांत राणा उपविजेता रहा। 35 आयु वर्ग महिलाओं के एकल मुकाबले में निशा ठाकुर विजेता रही। 35 आयु वर्ग महिलाओं के युगल मुकाबले में निशा ठाकुर एवं रीना राठौर की जोड़ी विजेता रही है। 35 आयु वर्ग के मिक्स मुकाबले में गौरव चड्ढा एवं निशा ठाकुर की जोड़ी विजेता रही।

### ज्ञान की डुबकी लगाने समालखा पहुंचेगी संगत

**अनंत ज्ञान, गगल।** हर वर्ष होने वाला विशाल निरंकारी 77वां समागम समालखा हरियाणा में होने जा रहा है। ये जानकारी देते हुए कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ, प्रेस प्रभारी स्वरूप चंद ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी समालखा में सद्गुरु माता सुदीक्षा की देखरेख में 16 से लेकर 18 नवंबर तक समागम होगा। इस समागम में हिमाचल की हजारों की संगत सद्गुरु माता सुदीक्षा का आशीर्वाद लेने पहुंचेगी।

# धर्मशाला में कांग्रेस कभी कमजोर नहीं हुई : देवेंद्र जग्गी

**धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे और धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी से अनंत ज्ञान ने विशेष बातचीत की । इस दौरान उनसे शिक्षा के बाद राजनीति में प्रवेश, चुनाव में हार, भितरघात, वर्तमान विधायक की कार्यशैली, स्मार्ट सिटी के काम में देरी और क्वालिटी वर्क, सीएम सुक्खू से नजदीकियां तथा सरकार की योजनाएं जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर लंबी बातचीत हुई और उन्होंने भी हमारे सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। प्रस्तुत है उनसे हुई बातचीत के मुख्यांश–**

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

**सवाल : आपकी प्रारंभिक और उच्च शिक्षा कहां हुई तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के बाद आप राजनीति में कैसे आए ?**

**जवाब :** देखिए, प्राइमरी एजुकेशन धर्मशाला के सरकारी स्कूल में हुई। ब्वॉयज स्कूल में पढ़ा। उसके बाद कांगड़ा में जूनियर टेक्निकल स्कूल में स्कूलिंग हुई। फिर बीच में दूसरे कॉलेज में गए लेकिन किसी कारण एजुकेशन पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद प्राइवेट इस्टीट्यूट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसी दौरान मेरी सियासी पारी की शुरुआत भी हो गई। 2001 में मैं पंचायत उपप्रधान बना। फिर जिला परिषद रहा। उसके बाद बीडीसी का इलेक्शन लड़ा। फिर कॉरपोरेशन बनने के बाद जब हमारी पंचायतें कॉर्पोरेशन में चली गई तो कॉर्पोरेशन में काउंसिल का इलेक्शन लड़ा और डिप्टी मेयर चुना गया। उसके बाद मेयर बना फिर दोबारा इलेक्शन आए। फिर काउंसलर बना। अभी हाल ही में विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने मुझे यहां से प्रत्याशी बनाया था।

**सवाल : आपने इतने चुनाव जीते, लेकिन विधायकी हासिल क्यों नहीं कर पाए? कहीं चुनाव में भितरघात तो नहीं हुआ?**

**जवाब :** भितरघात जैसी कोई बात नहीं है। इलेक्शन हारने और जीतने के कई कारण होते हैं। दरअसल, समय बहुत कम मिला था। नॉमिनेशन के बाद मुझे महज 16 दिन मिले थे। मेरे विरुद्ध भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा को काफी समय पहले टिकट मिल गया था । सबने दिन -रात जी जान से एक साथ मिलकर काम किया। कांग्रेस पूरी तरह से संगठित रही।

**सवाल : कहीं ऐसा तो नहीं कि सुधीर शर्मा के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस कमजोर पड़ गई?**

**जवाब :** धर्मशाला में कांग्रेस कभी भी कमजोर नहीं हुई। पूरे इलेक्शन में सभी ने मिलकर साथ दिया । मैंने पहले भी कहा कि चुनाव हारने के कई कारण होते हैं। यहां एक आजाद प्रत्याशी भी खड़ा हो गया था। पहले वह कांग्रेस में था फिर भाजपा की तरफ से लड़ा और इस बार आजाद प्रत्याशी लड़ा। ऐसे में वोटों का बंटवारा भी कहीं न कहीं मायने रखता है ।

**सवाल : धर्मशाला 2016 में स्मार्ट सिटी घोषित हुआ, लेकिन अभी तक शहर स्मार्ट नजर नहीं आता। इन आठ सालों में शहर का विकास कहां तक पहुंचा। धीमी गति से काम के लिए आखिर दोषी कौन है?**



**जवाब :** देखिए ,2016 में धर्मशाला स्मार्ट सिटी घोषित हुआ था। प्रपोज्ड प्रोजेक्ट को इंप्लीमेंट करना था। उसके अगेंस्ट ही पैसा आया हुआ था। ऐसा नहीं था कि पैसा आया और उसे अपनी ही मर्जी से खर्च कर दें। 2016 के बाद 2017 में फिर दूसरी सरकार आ गई। अधिकारी बदलते रहे और वह अपने विजन से काम करते रहे। पहले बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स यानी बीओडी में धर्मशाला के लोग थे, लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार ने नया बीओडी बनाया और उसमें शिमला के लोग शामिल हो गए। बीओडी में 19 लोग थे लेकिन मीटिंग में सिर्फ पांच-छह लोग ही आते थे इस वजह से पूरे लोगों का साथ नहीं मिल पाया। करीब 2200 करोड़ रुपया आना था लेकिन करीब 500 करोड़ ही पहुंचे । 700 करोड़ के तो पीपी मोड के कार्य थे। जिन मर्ज एरिया को कॉर्पोरेशन में शामिल कर लिया गया था उसमें भी सीवरेज की व्यवस्था होनी चाहिए थी। अधिकारी बदलते गए और काम पेंडिंग होते गए। जो काम हुए वह बहुत देर से हुए तथा उसकी गुणवत्ता में भी फर्क पड़ता गया। यहां की जागरूक सामाजिक संस्थाओं ने यह मुद्दा उठाया तो उसमें सुधार भी हुआ। स्मार्ट रोड बनाने में काफी समय लग गया लेकिन जब देखा गया कि काम ठीक नहीं हुआ तो ठेकेदार बदल दिया गया। अब नया ठेकेदार अच्छा काम कर रहा है। बड़ी सारी चीजें स्मार्ट सिटी में चली। यहां फुटपाथ बने, स्मार्ट स्ट्रीट बनी। ओपन एयर जिम यहां लगे। यहां एक मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट भी लग रहा है। हमारी सरकारी बिल्डिंगों बीडीओ ऑफिस, एसपी ऑफिस, अस्पताल, एजुकेशन बोर्ड आदि में सोलर पैनल लगे हुए हैं।

**कांग्रेस नेता व पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी से**
**विशेष बातचीत**

**सवाल : लोग कहते हैं कि वर्तमान विधायक कहीं दिखते नहीं हैं और उन्हें काम करवाने के लिए आपके पास जाना पड़ता है ?**

**जवाब :** यह बात सच है। मैं जहां भी जा रहा हूं तो लोग यही कहते हैं कि विधायक कहीं दिख नहीं रहा है। वो उनका निजी मामला है, चाहे दिखे या न देखें। लोग काम के लिए हमारे पास जरूर आ रहे हैं। सरकार की नीतियों को लोगों तक पहुंचाना हमारा काम है। मैं गांव-गांव में जाकर लोगों से मिल रहा हूं उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचा रहा हूं। रोड की बात हो या किसी भी प्रकार की समस्या हो सरकार तक पहुंचाकर उनका हल किया जा रहा है। हार-जीत तो अलग बात है लेकिन जब हम राजनीति की लाइन में आए हैं तो हमारा कर्तव्य बनता है कि हम लोगों के काम करवाएं ।

**सवाल : धर्मशाला की जनता के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?**

**जवाब :** देखिए ,मेरा तो यह मानना है कि सरकार से हम जो भी काम धर्मशाला के लिए करवाना चाहते हैं वह मिलजुल कर करवाए जाने चाहिए। यहां पर और भी कई समस्याएं हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी की बात करें तो उस पर हमें काम करना है। आईटी पार्क है, ढगवार में लगने वाला मिल्क प्लांट है। टैक्सी ऑपरेटरों के लिए ई-व्हीकल खरीदने में सब्सिडी जैसी कई स्कीमें युवाओं और ग्रामीणों के लिए हैं। अगर हम सरकार की स्कीमों को जनता तक नहीं पहुंचाएंगे तो वह अपने बेनिफिट कैसे ले पाएंगे। मेरा धर्मशाला की जनता के लिए यही संदेश है कि वह सरकार की स्कीमों को समझे और अपने कामों को करवाए।

# हिमाचल में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं : यादविंद्र गोमा

## आयुष एवं खेल मंत्री बोले, प्रदेश सरकार ने बढ़ाई खिलाड़ियों की सम्मान राशि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि हिमाचल सरकार, खिलाड़ियों को उचित सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ खेलों तथा खिलाड़ियों के लिए आधारभूत ढांचे के विकास के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है।

रविवार को आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ग्राम पंचायत भट्टू में भट्टू बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट-2024 के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने भट्टू विलेज क्लब की बैडमिंटन का शानदार टूर्नामेंट गांव में कराने के लिए सराहना की। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों और गांववासियों को बधाई दी। गोमा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपए, सिल्वर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 2 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

### बैडमिंटन डबल्स में कर्ण-जतिन की टीम विजेता

**बैडमिंटन** में डबल्स में विजेता कर्ण और जतिन कपूर क्लब कांगड़ा की टीम रही और उपविजेता अशीम एवं अशिव नालागढ़ की टीम रही। सिंगल में प्रथम कर्ण कांगड़ा और साहिल उपविजेता रहे। वहीं, मंत्री ने बैडमिंटन कोर्ट के जीर्णोद्धार के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट की फ्लोरिंग के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की।



# कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : विनय



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर भाजपा मंडल की बैठक रविवार को जयसिंहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय अपर लंबागांव में हुई। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस मौके पर जयसिंहपुर भाजपा के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घनश्याम शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान व संगठनात्मक चुनावों पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि बूथ स्तर पर जो कमेटियां बनाई जाएंगी, उनका गठन 21 नवंबर से पहले कर दिया जाएगा, जिसमें भाजपा के हर कार्यकर्ता को मौका दिया जाएगा।

इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है, कार्यकर्ताओं का जो यह जोश है, वो कम नहीं होना चाहिए। इस मौके पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया व जोश भरा।

## जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक की उपभोक्ताओं से 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाने की अपील

# जिले में ई-केवाईसी का 80 प्रतिशत काम पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि कांगड़ा जिला में करीब 80 प्रतिशत के करीब ई-केवाईसी हो चुकी है ,जबकि 20 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील है कि वे 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी को पूरा करें, ताकि उनके राशन कार्ड पर उन्हें सुचारु आपूर्ति प्राप्त हो सके।

गौर रहे कि ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले राशन कार्डों को विभाग ने ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। हालांकि अब घर बैठे एंड्रॉयड फोन से भी ई-केवाईसी की जा सकती है। इसके अलावा उचित मूल्य की दुकान तथा लोक मित्र केंद्र से प्रक्रिया पूरी करने के भी विकल्प हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ऐप ईकेवाईसीपीडीएसएचपी से पंजीकरण किया जा सकता है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा में करीब 20 हजार राशन कार्ड खाद्य आपूर्ति विभाग ने ब्लॉक कर दिए हैं। यानी अब इन लोगों को राशन डिपुओं तब तक सस्ता राशन नहीं मिलेगा। लिहाजा जब तक ये उपभोक्ता अपनी ई-केवाईसी नहीं करवा लेते, तब तक इनके कार्ड ब्लॉक रहेंगे तथा ये सस्ते राशन की सुविधा से वंचित रहेंगे। गौर हो कि जिला कांगड़ा में करीब 36 लाख लोगों ने नहीं करवाई है। विभाग की मानें तो जल्द ही सभी राशन कार्डों को ब्लॉक कर दिया जाएगा, जिसके बाद उपभोक्ताओं को डिपुओं से मिलने वाले सस्ते राशन पर कट लग जाएगा है।

अब घर बैठे एंड्रॉयड फोन से भी ई केवाईसी की जा सकती है। इसके अलावा उचित मूल्य की दुकान तथा लोक मित्र केंद्र से प्रक्रिया पूरी करने के भी विकल्प हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ऐप ईकेवाई सीपीडीएसएचपी से पंजीकरण किया जा सकता है।

# हर पोलिंग बूथ पर 11 सदस्यीय कमेटी का होगा गठन : काजल

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विधायक पवन काजल ने कहा 25 नवंबर तक कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथ पर 11 सदस्यों की कमेटी का गठन किया जाएगा। हर बूथ कमेटी में तीन महिला भाजपा कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाया जा सके। काजल रविवार को कांगड़ा मंडल भाजपा कार्यकारिणी, बिभिन्न मोर्चे, प्रकोष्ठ व शक्ति केंद्र प्रभारियों साथ बैठक उपरांत बोल रहे थे। बैठक में संगठनात्मक जिला कांगड़ा के भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रभारी राकेश चौहान, महासचिब देविंद्र कोहली बिशेष तौर पर उपस्थित रहे। काजल ने कहा भाजपा के सदस्यता अभियान में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया है जिसके लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र में जी कार्यकर्ता ने सबसे ज्यादा सदस्य बनाए हैं उसे मंडल भाजपा की तरफ से विशेष प्रोत्साहन के रूप पर सम्मानित किया जाएगा। काजल ने कहा हिमाचल सरकार जनता के साथ किया चुनावी मैदाने को पूरा करने में नाकाम रही है बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है तो घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली और पानी की सब्सिडी खत्म कर महंगे दामों पर बिलों के भुगतान करने पड़ रहे है। संगठनात्मक जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र का संगठनत्मक जिला में सदस्यता अभियान में नंबर वन आने और पूरे प्रदेश में पांचवें स्थान पर आने के लिए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को बधाई दी ।उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं के एकजुट प्रयासों से ही संगठन को मजबूती मिलती है। भाजपा प्रभारी राकेश चौहान ने मंडल पदाधिकारी से बूथ स्तर पर सशक्त कमेटियों का गठन करने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)



# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका : डीईओ

## एथलेटिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की बसों को किया रवाना

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**




राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता अंडर-14,17,19 लड़कों और लड़कियों के बसों के काफिले को डीईओ (से) राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार की ओर से हरी झंडी देखकर रवाना किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार और जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने संयुक्त तौर पर कहा कि खेलें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए, ताकि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्होंने बताया कि लुधियाना में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-14, 17, 19 वर्ग के लड़के लड़कियों के मुकाबले 11 नवंबर से 14 नवंबर तक का आयोजित होंगे, जिसमें जिला पठानकोट के 75 के करीब खिलाड़ी भाग लेने जा रहे हैं उन्होंने बताया कि इन खिलाड़ियों के रहने और खाने की सारी व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है।

**लुधियाना में आज से शुरू होगी राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतिस्पर्धा**

जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को अच्छा प्रदर्शन कर जिला पठानकोट का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में कदम रखते हैं, नए कीर्तिमान स्थापित करते हैं। इस अवसर पर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। इस मौके पर कुलविंदर सिंह, हरसिमरनजीत सिंह, संजीव शर्मा, मनदीप सिंह, मदन लाल, दिव्या, मंजीत, पवन कालीया, पूजा पठानिया, काजल, अभिषेक, नीना आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**प्रकृति**

## मूल स्थानों पर ज्यादा बर्फबारी होने से इस बार पौंग जलाशय में प्रवासी पक्षियों के बढ़ने की उम्मीद

# पौंग में मेहमान परिंदों से पर्यटन को लगेंगे पंख

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध पौंग बांध क्षेत्र में विदेशी पक्षियों की प्रवास शुरू हो चुका है। मीलों की दूरी तय कर दुनिया के कई शीत मरुस्थलों से आने वाले इन पक्षियों की तादाद इस साल बढ़ने की संभावना है। मूल स्थानों पर इस साल अधिक हिमपात के पूर्वानुमान से इस बार ज्यादा विदेशी मेहमानों के पौंग क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है, जिससे पर्यटन कारोबार में भी वृद्धि होगी। इन मेहमान परिंदों की सैकड़ों के समूहों में लयबद्ध उड़ानों को देखने हजारों देशी तथा विदेशी पर्यटक यहां पहुंचते हैं।

**इन प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंचते हैं देशी-विदेशी पर्यटक**

विश्व के विभिन्न बर्फीले पक्षियों को साइबेरिया, यूरोप तथा अमरीका आदि में देरी से हिमपात होने के कारण खाना उपलब्ध रहने से वे कम संख्या में पौंग पहुंचे थे। साइबेरिया, उत्तरी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, रशिया तथा नॉर्थ अमरीकी स्थित अपने बर्फीले ठिकानों से खाने की तलाश में परिंदों का पौंग पहुंचना शुरू हो चुका है। इन पक्षियों के पलायन की पृष्ठभूमि बर्फबारी तथा भोजन लिखते हैं। भारी हिमपात के कारण ये पक्षी विश्व भर के कई बांधों, नदियों तथा झीलों तक भोजन तलाशते हुए पहुंच जाते हैं। पिछले साल देरी से हुई बर्फबारी के कारण भोजन उपलब्ध था तो पौंग झील में इन प्रवासियों की कम संख्या ही पहुंची थी। (अनंत ज्ञान)



### 2023-24 में सबसे कम पक्षी पहुंचे

**वाइल्ड** लाइफ सेंचुरी पौंग बांध के वार्षिक गणना आंकड़ों के अनुसार पिछले 6 सालों में 2023-24 में प्रवासी पक्षियों की सबसे कम संख्या दर्ज की गई। साल 2018-19 में प्रवासी पक्षियों की 102 प्रजातियों के 115226 पक्षी, 2019-20 में 114 प्रजातियों के 116992 पक्षी, साल 2020-21 में 96 प्रजातियों के 108578 पक्षी, साल 2021-22 में 110 प्रजातियों के 110309 पक्षी, साल 2022-23 में 108 प्रजातियों के 117022 पक्षी और साल वर्ष 2023-24 में प्रवासी पक्षियों की 85 प्रजातियों के 83555 पक्षी ही पौंग झील में पहुंचे।

### हेडेड गूज की संख्या सबसे ज्यादा



**हर** साल पौंग पहुंचने वाली प्रवासी पक्षियों में सबसे ज्यादा संख्या हेडेड गूज की होती है। इसके अलावा उत्तरी पिनटेल, यूरेशियन विजन, लिटिल रिंग्ड, पलावर, ब्राउन हेडेड गूल, ब्लैक हेडेड गूल, रिवर टर्न, व्हाइट बगटेल, क्रस्टेड लार्क, सैंड लार्क, रेड बॉटल्ड लैपविंग तथा बोर्न स्वैलो प्रजाति के पक्षी भी काफी संख्या में पौंग पहुंचते हैं। जहां पानी वाले पंछियों के लिए ताजे पानी की मछलियां जैसे महाशीर, कतला और सिंघारा, पानी के पौधे मुख्य खुराक बन जाती हैं तो छोटे पंछी अन्य छोटे कीड़े-मकोड़े खाते हैं।



### फरवरी के अंत से शुरू होती है वापसी



**अक्तूबर** तथा नवंबर में आने वाले से मेहमान जनवरी और फरवरी के महीने में बड़ी संख्या में यहां दिख जाते हैं। फरवरी के समाप्त होने के साथ-साथ ये पक्षी वापस रवाना होना शुरू कर देते हैं और मार्च तक काफी प्रजातियां अपने घर की ओर प्रस्थान कर लेती हैं। मगर कभी-कभी कुछ पक्षी काफी देर तक भी यहां देखने को मिल जाते हैं। वन रक्षक या फॉरेस्ट गॉर्ड यहां हर वक्त तैनात रहते हैं, जिससे हानिकारक तत्वों से होने वाले नुकसान जैसे अवैध शिकार, खतरनाक कीटनाशक का इस्तेमाल, कूड़ा-कर्कट इत्यादि को रोका जा सके। इसके अलावा एक और अहम कार्य 'टैगिंग या बर्ड-टैगिंग' भी वन विभाग द्वारा किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा संगठन की बूथ स्तर पर की जाएगी संरचना



**नादौन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नादौन द्वारा महापर्व कार्यशाला का आयोजन गांव पनसाई के होटल अंश में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने की, जबकि पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की व जिला महामंत्री राकेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। राजेश रिंकू ने बताया कि जिला महामंत्री ने आगामी 12 से लेकर 30 नवंबर तक चलने वाले पार्टी के कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक चर्चा की। सभी ग्राम केंद्र पर संगठन महापर्व सहयोगी की नियुक्ति करके अपना बूथ सबसे मजबूत के लिए बूथ स्तर पर संगठन की संरचना की जाएगी, जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बूथ पालक और 11 सदस्यों की कमेटी का निर्माण फिर से किया जाएगा, ताकि पार्टी के संगठन को मजबूत किया जा सके। इस मौके पर नादौन के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने सभी पदाधिकारियों, ग्राम केंद्र अध्यक्षों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिए। इस मौके पर मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा, अजमेल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरदयाल सिंह ठाकुर, जिला परिषद सदस्य आशीष डोगरा, विनोद पटियाल, महिला मोर्चा की महामंत्री सविता, मनजीत ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अक्षय शर्मा, आशु मंडियाल, मंडल के सभी पदाधिकारी ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### धर्मशाला-शिमला बया रैल बड़ा बस रूट बहाल की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन उपमंडल के कस्बा बड़ा के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से धर्मशाला से शिमला बाया रैल बड़ा होकर शिमला जाने बाली बस के रूट को दोबारा फिर बहाल करने की मांग की है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि इस बस के रूट को बंद हुए लगभग एक दशक से भी ऊपर का समय हो गया है। क्षेत्रवासियों ने इस बस के रूट को बहाल करने की कई बार मांग की, लेकिन उनकी मांग को आज दिन तक पूरा नहीं किया गया। कस्बा बड़ा रैल से काफी संख्या में कर्मचारी शिमला एव्र आसपास के क्षेत्रों में नौकरी करते हैं। यही नहीं युवा वर्ग को भी कई बार अपने शैक्षिक संबंधी कार्यों के लिए हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला को जाना पड़ता है, लेकिन इस क्षेत्र से शिमला के लिए कोई भी सीधी बस न होने के कारण उन्हें आने-जाने के लिए बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री से हिमाचल पथ परिवहन निगम के काफी वर्षों से शिमला से धर्मशाला बाया रैल बड़ा होकर चलने वाले बस रूट को बहाल करने की जोरदार मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### स्पीड ब्रेकर लगाने की लोगों ने उठाई मांग

**बड़ा।** नादौन उपमंडल के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है गेट से छुट्टी के समय स्कूल के बच्चों का अवगमन रहता है। स्कूल में छुट्टी के समय जिस तरह से बच्चें सड़क पर भागते हैं, उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, जिसका मुख्य कारण बड़ा सुजानपुर सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही का होना है। स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि यहां तेज गति से आ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों की ओर से कई बार प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी ने भी कोई तब्बजो नहीं दी। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग को जल्द इस स्थान पर गति अवरोधक लगाने की मांग की है।

## हमीरपुर में आयोजित 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप संपन्न

# युवा नशे से दूर रहकर प्रदेश और देश का नाम करें रोशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के गांधी चौक में आयोजित पुरुषों की तीन दिवसीय 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हो गई। इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि व विशेष अतिथि के डायरेक्टर एजुकेशन स्पोर्ट्स विवेक भाटिया ने शिरकत की।

सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का अंतिम दिन का शुभारंभ कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह खेलों के आयोजन किए जाने चाहिए, जिससे युवा खेल के प्रति जागरूक हों और नशे से दूर रहकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग फेडरेशन का बहुत अच्छा प्रयास है और इससे युवाओं में भी जागरूकता बढ़ेगी।

इस मौके पर विशेष अतिथि डायरेक्टर एजुकेशन स्पोर्ट्स विवेक भाटिया, बॉक्सिंग एशोसिएशन के स्टेट जरनल सचिव सैंडिल, जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष अरुण ठाकुर, जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन के महा सचिव अनिल मनकोटिया व ओलंपियन आशीष चैधरी भी मौजूद रहे। पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रविवार के दिन अलग-अलग भार वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें विजेता खिलाड़ियों का मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का चयन हुआ जो कि राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



विधायक विवेक शर्मा विजेताओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए।

जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन के महासचिव अनिल मनकोटिया ने बताया कि विभिन्न भार वर्ग में बॉक्सिंग के फाइनल मुकाबले करवाए गए। उन्होंने कहा कि गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जो कि उत्तराखंड में आयोजित की जाएगी। ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन ओर हिमाचल बॉक्सिंग एशोसिएशन का बॉक्सिंग चैंपियनशिप करवाने का यही उद्देश्य था कि जितना भी युवा वर्ग है वह नशे से दूर रहे और बॉक्सिंग के प्रति जागरूक हो।

# टोक्यो ओलंपियन आशीष चौधरी का सपना भारत के लिए मेडल लाना

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पुरुषों की 53वें सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया है। मंडी जिले के आशीष कुमार चौधरी जो कि टोक्यो ओलंपिक 2020 में 75 किलो भार वर्ग भाग ले चुके हैं और अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल ले चुके हैं। उन्होंने भी इस चैंपियनशिप में भी 80 किलो भार वर्ग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।



आशीष कुमार चौधरी 53वें सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लिया भाग

ओलंपियन आशीष ने विशेष बातचीत में बताया कि 12 साल के थे, तब से उनका रुझान खेलों की तरफ बढ़ा और अभी तक यह सफर जारी है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने के लिए मेरे परिवार और भाइयों का बहुत ज्यादा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी फैमली में मैं ही बॉक्सर नहीं हूं मेरे दो तीन भाई भी बॉक्सर हैं और राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई अचीवमेंट प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिता भी यही चाहते थे कि वह एक अच्छा खिलाड़ी बने। उन्होंने बताया कि भाई संदीप चौधरी का बहुत स्पोर्ट रहा और उनके कोच भाई जॉनी ने भी उन्हें बहुत स्पोर्ट किया।

उन्होंने कहा कि मैं हिमाचल से अकेला ही ओलंपियन हूं और कामनवेल्थ गेम्स, एशियन चैंपियनशिप मेडलिस्ट, एशियन ओसियाना मेडलिस्ट हूं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6 से 7 बार मेडल जीत चुका हूं। उन्होंने कहा कि मेरा सपना भारत के लिए गोल्ड मेडल लेकर आना है जिसके लिए लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भी अचीवमेंट हासिल करनी है जिससे देश और प्रदेश को गर्व हो। उन्होंने कहा कि इस तरह की चैंपियनशिप होना चाहिए जिससे बच्चों में खेलों के प्रति रूचि बढ़ती है और खेलों को बढ़ाव मिलेगा। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग फेडरेशन का धन्यवाद किया कि उन्हें भी इस चैंपियनशिप में खेलने का अवसर दिया। (अनंत ज्ञान)

# सरकार की मदद से भोरंज के शम्मी बने उद्यमी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सरकारी या निजी क्षेत्र में नौकरियों के पीछे भागने के बजाय कहीं अच्छा है स्वरोजगार की राह पर चलकर अपना उद्यम स्थापित करना। इसमें युवा स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार दे सकते हैं और परिवार की आने वाली पीढ़ी के लिए भी रोजगार सुरक्षित रख सकते हैं। अपना उद्यम लगाने के लिए युवाओं को प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के माध्यम से सस्ती दरों पर ऋण और लाखों रुपए की सब्सिडी का प्रावधान किया है।

**पहले कार एजेंसी में करते थे नौकरी, अब 12 अन्य युवाओं को भी दे रहे रोजगार**

इस योजना का लाभ भोरंज उपमंडल के शम्मी ने उठाया और एक सफल उद्यमी बन गए हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री धारक शम्मी पहले एक ऑटोमोबाइल एजेंसी में नौकरी कर रहे थे। नौकरी के दौरान ही उन्होंने कई बार अपना उद्यम स्थापित करने के बारे में सोचा, लेकिन पैसे के अभाव में उनका यह सपना साकार नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान, शम्मी को उद्योग विभाग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत मिलने वाले सस्ते ऋण और सब्सिडी की जानकारी मिली। इस योजना के माध्यम से उन्हें अपने सपने साकार करने का मार्ग दिखाई दिया।

उन्होंने तुरंत अपने प्रस्तावित उद्यम की प्रोजेक्ट तैयार की और मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया। प्रोजेक्ट की मंजूरी मिलते ही शम्मी ने भोरंज में कंपोनेंट ऑटोमोबाइल के नाम से कार सर्विस सेंटर स्थापित करने का कार्य आरंभ कर दिया। उन्हें लगभग 39 लाख रुपए का ऋण मिला तथा उन्हें 6 लाख रुपए की सब्सिडी भी मिली, जिससे उनका उद्यम पूरी तरह स्थापित हो गया। अब शम्मी का कारोबार बहुत अच्छा चल रहा है तथा वह 12 अन्य युवाओं को भी प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रहे हैं। इस प्रकार, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की मदद से शम्मी अब एक सफल उद्यमी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई है।

# हर जगह झूठ की दुकान सजा लेते हैं सीएम सुक्खू: राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू को अपने पद की गरिमा का सम्मान रखना चाहिए और झूठ बोलने से बचना चाहिए। यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सुक्खू ने न केवल हिमाचल की जनता को झूठे वादों में फंसाया, बल्कि महाराष्ट्र में भी जाकर झूठे दावे करके जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का महाराष्ट्र में जाकर अपने वादों की झूठी दुकान सजाना और वहां भी झूठे आंकड़े प्रस्तुत करना प्रदेश की जनता में उन्हें उपहास का पात्र बना रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जहां जाते हैं, वहां झूठ की दुकान सजा कर बैठ जाते हैं।



राणा ने कहा कि सुक्खू ने महाराष्ट्र में यह कहकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया कि हिमाचल प्रदेश में 18 साल से ऊपर की सभी महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता देने का कांग्रेस का वादा पूरा हो गया है, जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है। लाखों महिलाओं ने इस पेंशन के लिए आवेदन किया था, परंतु सुक्खू सरकार ने उन आवेदनों को ठुकराकर कूड़ेदान में फेंक दिया। उन्होंने खुलासा किया कि मात्र दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार की करीब 500 महिलाओं और लाहौल-स्पीति की 850 महिलाओं को इस पेंशन का लाभ देकर सुख की सरकार यह ढोल पीटने में लगी है कि उसने पूरे प्रदेश की महिलाओं को यह लाभ दे दिया है है, जबकि बाकी प्रदेश की महिलाओं को निराशा ही हाथ लगी है। राणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के इस झूठे दावे का पूरे प्रदेश की महिलाएं मजाक बना रही हैं। राणा ने मुख्यमंत्री पर रोजगार के नाम पर हिमाचल के युवाओं को छलने का आरोप भी लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि वह जिस ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) का ढोल पीटते रहते हैं, उसके बारे में सच्चाई बताएं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि आखिर इस सरकार ने कितने कर्मचारियों को अब तक ओपीएस का वास्तविक लाभ पहुंचाया है, या यह भी मात्र एक छलावा बनकर रह गया है? प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को संशोधित वेतनमान का एरियर तक देने में यह सरकार नाकाम रही है।उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार केवल कागजों पर योजनाएं दिखाकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता के प्रति यह सरकार पूरी तरह से असंवेदनशील है और केवल प्रचार की राजनीति कर रही है।

# हिल फेयर-2024 ने एनआईटी हमीरपुर में छोड़ी अविस्मरीय यादें



एनआईटी हमीरपुर में हिल फेयर-2024 के समापन समारोह में उपस्थित गणमान्य तथा (दाएं) प्रस्तुति देते कलाकार।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर का हिल फेयर-2024 रविवार को उद्भव युगों का आगमन थीम के तहत आयोजित उत्सव संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि एचपी पर्यटन के विवेक भाटिया और विशिष्ट अतिथि विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभा, रचनात्मकता और संस्कृति के इस उत्सव को और भी प्रेरणादायक बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मेजबानों द्वारा स्वागत भाषण से हुई, इसके बाद साक्षरता मिशन टीम ने सामाजिक मुद्दों पर एक प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। रिदमइज ने अपनी ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति से मंच को सजीव कर दिया, वहीं भांगड़ा क्रू ने पारंपरिक धुनों के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रवाह क्लब ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर जागरूकता फैलाते हुए एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया और नाटी नृत्य ने हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को मनमोहक तरीके से प्रदर्शित किया। इंग्लिश क्लब ने एक हास्य नाटक के साथ दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया, और फैशपी ने एक शानदार फैशन शो के साथ कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। रात्रि का समापन हिमालयन रूट्स और अभिग्या द बैंड के शानदार लाइव प्रदर्शन से हुआ, जिन्होंने अपनी संगीत और ऊर्जा से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया और इस प्रकार दिन 2 का समापन हुआ। कार्यक्रम क शुरुआत मुख्यातिथि एनआईटी हमीरपुर निदेशक एचएम सूर्यवंशी और विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार अर्चना संतोष नानोटी, डीन छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार, प्रभारी सांस्कृतिक गतिविधि और क्लब डॉ. राजीव कुमार और एसोसिएट डीन डॉ. प्रदीप सिंह की उपस्थिति से हुई। दिन की शुरुआत बैटल ऑफ द बैंड्स से हुई, जहां छात्र संगीतकारों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद, मार्शल आर्ट्स अकादमी ने अपने शक्तिशाली प्रदर्शन से दर्शकों को हैरान कर दिया। रात्रि का उत्साह और बढ़ गया, जब स्टार नाइट डीजे सत्र ने सभी को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। प्रवाह नाट्य मंडली ने एक आकर्षक नाटकीय प्रस्तुति दी, और टीम द्रविड़ा ने अपनी उच्च ऊर्जा वाली नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशपी ने एक बार फिर फैशन परेड के जरिए दर्शकों को ताजगी से भरी प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

इसके बाद, म्यूजिक क्लब ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता, और रिदमइज ने क्लासिकल डांस की शानदार प्रस्तुति से रात्रि को एक नई दिशा दी, जो पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मिश्रण था। कार्यक्रम का समापन स्टार नाइट बैंड परफॉर्मेंस से हुआ, जिसने इस महोत्सव को शानदार तरीके से समाप्त किया और सभी के दिलों में अविस्मरणीय यादें छोड़ दीं। हिल फेयर-2024 का समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों और आयोजकों के योगदान को सम्मानित किया गया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उत्सव मनाया गया। हिल फेयर 2024 ने वास्तव में अपने उद्भव थीम को सार्थक किया और एनआईटी हमीरपुर में रचनात्मकता, संस्कृति और एकता के अद्भुत उत्सव का आयोजन किया।

# हिमाचल को पारी की हार से बचने के लिए 216 रन की जरूरत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सीके नायडू ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला पंजाब के साथ अटल बिहारी वाजपई स्टेडियम नादौन में कल आरंभ हुआ था। जिसमें पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए विशाल स्कोर खड़ा कर दिया, पंजाब की टीम ने 9 विकेट खोकर 500 रन बनाए और पारी को घोषित कर दिया, उदय सरन ने शतक लगाया 134 रन बनाए, कृष भगत ने नवाद शतक लगाया , 100 रन बनाकर नावाद रहे, आराध्य शुक्ला ने 59 रन बनाए, हरनूर सिंह ने 55 रन बनाए, हिमाचल के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा, क्योंकि पंजाब ने 500 रन बना दिए, मोहम्मद सोहराब ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अक्षीत कंवर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, प्रबल और मृदुल सर्वोच्च ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया, हिमाचल टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, हिमाचल की टीम अपनी पहली पारी में 119 रन बनाए मृदुल ने 23 रन बनाए, आर्यावर्त ने 18 रन बनाए कबीर ने 22 रन बनाए इनेश ने 12 रन, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार ना कर पाया। आराध्य शुक्ला ने 5 खिलाड़ियों का आउट किया, एच सिंह टंडन ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया, ए धारीवाल, कृष्ण भगत ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ, दूसरी की पारी में हिमाचल की टीम फलोंआन खेलते हुए 5 विकेट पर 165 रन बनाए मृदुल सरोच ने 58 रन बनाए आर्यावर्त ने 20 रन बनाए कबीर 70 रन बनाकर खेल रहे हैं बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशा जनक ही रहा। सिमरनजीत ने 2 विकेट, एच सिंह टंडन 2 विकेट, भगत ने एक विकेट प्राप्त किया।

# प्रदेश के मुख्य मुद्दों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही सरकार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत भगेटू के झिंजकरी गांव में विधायक निधि से निर्मित महिला मंडल भवन का उद्घाटन किया एवं उसे जानता को समर्पित किया। विधायक ने अपनी विधायक निधि से इस महिला मंडल के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए राशि जारी की थी। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया और विधायक का आभार व्यक्त किया।

आशीष शर्मा ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि यहां इस कार्य को करवाने का मौका मिला और सभी के आशीर्वाद से इस कार्य को करवाकर जनता को समर्पित किया है। ग्रामीणों की मांग अनुसार गांव के श्मशानघाट के पास वर्षाशालिका बनाने के लिए भी विधायक निधि से तीन लाख जारी किया है। वह ईमानदारी से जनता के बीच जाकर कार्य करवा रहे हैं। वहीं, प्रदेश सरकार की लचर कार्यप्रणाली जनता के सामने है। 9 विधायकों ने प्रदेश सरकार व मुखिया की इसी लचर कार्यप्रणाली के चलते विरोध किया था और विधायकी छोड़ी। मुख्यमंत्री हर कार्य को टालते थे और विधायकों की मांगों को दरकिनार करते थे। दो सालों में मुख्यमंत्री ने जिला की सुध नहीं ली। समोसों की जांच करवाई जा रही है, लेकिन जो प्रदेश में असली मुद्दे हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदेश के इतिहास में कभी ऐसी सरकार नहीं आई है। इस सरकार का कार्यकाल प्रदेश का सबसे काला अध्याय है। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान अजय चंदेल, महिला मंडल सदस्य, विधायक आशीष शर्मा की धर्मपत्नी स्वाति सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल बड़सर में संगठनात्मक चुनावों के लिए हुई कार्यशाला

**एसके ठाकुर, बड़सर**

भाजपा मंडल बड़सर ने संगठनात्मक चुनावों को सशक्त और व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।




कार्यशाला में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, मंडल महामंत्री संजीव कुमार एवं मुकेश बन्याल आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मंडल बड़सर की बूथ समितियों को सशक्त और अधिक प्रभावी बनाना था। संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक चर्चा और योजना बनाई गई। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि 30 नवंबर तक सभी बूथों पर नई समितियों का गठन कर लिया जाएगा। मंडल बड़सर ने 'संगठन महापर्व' अभियान के तहत हर बूथ पर 11 सदस्यीय समितियों के गठन की योजना बनाई है, जो 11 से 25 नवंबर तक चलेगा।

इन समितियों में बूथ अध्यक्ष के अतिरिक्त 10 अन्य पदाधिकारी होंगे। हर बूथ पर अलग-अलग पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति भी की जाएगी, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और समन्वय को बढ़ाया जा सके और बूथ स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में नियमितता लाई जा सके। इस अवसर पर लखनपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना भाजपा की प्राथमिकता है। देशराज शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पटियाल ने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के तहत बड़सर में सभी बूथों पर नए कार्यकर्ताओं की सहभागिता को सुनिश्चित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**गड़बड़झाला**

## भाजपा बड़सर मंडल का आक्रोश, बकरा घोटाले पर उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग

# सीएम साहब समोसे छोड़िए, दियोटसिद्ध के बकरे कब तक बिकते रहेंगे कौड़ियों के भाव

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री संजीव कुमार एवं मुकेश बन्याल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमल नयन, जिला परिषद सदस्य राजेश मांगा आदि ने बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में हुए कथित बकरे घोटाले पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इन नेताओं ने इस मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। मंदिर की गरिमा और जनता का विश्वास सुरक्षित रह सके।




आए दिन मंदिर दियोटसिद्ध हो रहे गड़बड़झालों से मंदिर की प्रतिष्ठा को भी गहरा धक्का लगता है। दूसरे प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के मन में भी कई तरह के सवाल उठ खड़े होते हैं।

भाजपा नेताओं के अनुसार, प्रदेश के एक प्रमुख धार्मिक स्थल पर 35 बकरों की नीलामी मात्र 60,000 रुपए में कर दी। इसे प्रशासनिक विफलता और मंदिर की गरिमा के खिलाफ बताते हुए नेताओं ने कहा कि यह न केवल आर्थिक अपमान है, बल्कि प्रदेश की धार्मिक आस्था पर भी चोट है। यह घटना स्पष्ट करती है कि मंदिर प्रबंधन में पारदर्शिता का घोर अभाव है।

इन्होंने आरोप लगाया कि यह घोटाला उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की अवहेलना है। न्यायालय द्वारा धार्मिक स्थलों की नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के आदेश के बावजूद ऐसा भ्रष्टाचार हुआ, जो गंभीर जांच का विषय है। इनका कहना है कि मंदिर प्रशासन को बताना चाहिए कि इस तरह की नीलामी में किसके आदेशों का पालन हुआ।

### समोसे की जांच से बड़ा मुद्दा है दियोटसिद्ध का बकरा घोटाला

**भाजपा** नेताओं ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साहिव समोसे छोड़िए, और दियोटसिद्ध के बकरों के सस्ते सौदों की जांच करवाइए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री से अपेक्षा करती है कि वह धार्मिक स्थलों की गरिमा और पारदर्शिता को सुनिश्चित करेंगे।

### मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी

**भाजपा** नेताओं ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस घोटाले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय प्रशासनिक जांच कराई जाए, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिल सके। नेताओं का कहना है कि प्रदेश की धार्मिक आस्थाओं और मंदिरों की पवित्रता को बनाए रखना प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। हमारे प्रसिद्ध मंदिर में अभी तक मंदिर अधिकारी का पद रिक्त हैं, विकास खंड अधिकारी बिझड़ी का पद रिक्त है, अच्छे अधिकारी और कर्मचारी को बिना कारण हटाया जा रहा है, सरकारी कार्यालय राम भरोसे चले हैं। अगर इस मामले में समय पर न्यायपूर्ण कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा बड़सर मंडल इस अन्याय के खिलाफ सड़क पर उतरने और बड़े स्तर पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

> **हम** खुद के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के शांति, विकास और कल्याण में विश्वास रखते हैं। **–लाल बहादुर शास्त्री**

## संपादकीय

# रोमांच भी, पैसा भी

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग साइट बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का सफल आयोजन भविष्य में साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को बल दे गया है। आठ दिवसीय इस वर्ल्ड कप के आयोजन में भारत समेत 23 देशों के प्रतिभागी पायलटों ने भाग लिया। बीड़ बिलिंग की खूबसूरत घाटी पैराग्लाइडर पायलटों के हवा में करतब दिखाने से सराबोर रही। निश्चित रूप से यहां रोमांच का बेहद खास नजारा नजर आया। वहीं, साहसिक पर्यटन के बहाने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बूस्ट मिला है। स्थानीय व्यापारियों ने इन आठ दिनों में खूब पैसा कमाया। इस आयोजन को देखकर प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश में साहसिक पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं। यहां की शानदार पहाड़ी, नदियां और घाटियां स्कीइंग, ट्रैकिंग, एंगलिंग, रिवर राफ्टिंग, आइस स्केटिंग, पैराग्लाइडिंग और रॉक क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियों के लिए एक आदर्श स्थान है। हिमाचल में कई ट्रैकिंग मार्ग हैं, जिनमें हंप्टा पास, मलाना, चंद्रखनी पास, पिन पार्वती पास और स्पीति वैली प्रमुख हैं। सोलंग घाटी में स्कीइंग के लिए सर्दियों का मौसम सबसे अच्छा होता है, जहां पर्यटक दिसंबर, जनवरी और फरवरी में स्कीइंग का मजा ले सकते हैं।

हिमाचल की नदियों में रिवर राफ्टिंग का आनंद लिया जा सकता है, जो एक रोमांचक और थ्रिलिंग का अनुभव प्रदान करता है। हिमाचल की सड़कों पर मोटरबाइकिंग एक अद्भुत अनुभव है, जो आपको प्राकृतिक सौंदर्य के बीच से गुजरने का मौका देता है। इन गतिविधियों के अलावा, हिमाचल में कई अन्य साहसिक गतिविधियां भी हैं। साहसिक पर्यटन के शौकीनों को हिमाचल प्रदेश में आकर लुत्फ उठाना चाहिए। पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ है और प्रदेश की सुक्खू सरकार ने इस पर विशेष फोकस किया हुआ है। हिमाचल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और प्रदेश सरकार हिमाचल के पर्यटन के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर रही है। पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नि:संदेह यह पहला कदम होता है। यदि पर्यटकों को हिमाचल में बेहतर सुविधा मिलेगी, तो निश्चित रूप से वह हिमाचल आने के लिए आकर्षित होंगे। सीएम सुक्खू की घोषणा के मुताबिक, अगर कांगड़ा वाकई पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित हो जाता है, तो हिमाचल के पर्यटन को पंख लगने से कोई नहीं रोक सकता। बनखंडी में जियोलॉजिकल पार्क तथा कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार पर्यटन की रफ्तार को और गति दे सकता है। कांगड़ा में विश्व स्तरीय गोल्फ कोर्स का निर्माण भी प्रस्तावित है। भविष्य में अगर इस ओर भी सरकार कदम उठाएगी, तो पर्यटन गतिविधियों को चार चांद लग जाएंगे। जरूरत है तो प्रदेश में पर्यटन आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से कार्य करने की।

हाल ही में बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में वाटर क्रूज और शिकारे को उतारना बेहद सुखद संकेत है। सरकार को चाहिए कि वह इसी तर्ज पर कांगड़ा के पौंग डैम में भी वॉटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा दे। पर्यटन को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार को अभी और ज्यादा कदम उठाने की जरूरत है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल और रेस्तरां मूलभूत आवश्यकता है। पर्यटन स्थलों पर होटल और रेस्तरां खोलने से बावर्ची, सुरक्षा कर्मी और अन्य स्टाफ के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। पर्यटन स्थलों पर गाइड और टूर ऑपरेटर के रूप में काम करने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। वहीं, पर्यटन स्थलों पर वाहन सेवाएं प्रदान करने से ड्राइवरों और वाहन मालिकों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। पर्यटन स्थलों पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री से स्थानीय कलाकारों और उत्पादकों को रोजगार मिलता है। पर्यटन स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने से स्थानीय कलाकारों और संस्कृति प्रस्तुतकर्ताओं को रोजगार मिलता है। इन तरीकों से पर्यटन से रोजगार को जोड़ने में मदद मिल सकती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिल सकता है। बहरहाल, बीड़ बिलिंग में पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन अविस्मरणीय पल है। इन रोमांचक यादों को संजोकर भविष्य में भी यहां इसी तरह का आयोजन होता रहना चाहिए। ■

# दुनिया का मंजर बदलती-ग्लोबल वार्मिंग

प्रकृति का संतुलन ही खुद में एक प्राकृतिक विचित्रता है। मगर इंसानों की फिदरत ने, इस संतुलन को भी बदलने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रखी है। बुद्धिजीवी वर्ग–इस बात पर गौर करें कि दिवस मात्र मना लेने से पर्यावरण प्रदूषण व ग्लोबल वॉर्मिंग कम नहीं होने वाली। इसके लिए विश्व समुदाय के सभी बुद्धिजीवियों व हर देश के पर्यावरण प्रेमी लोगों व राजनीतिज्ञ लोगों को आगे आना चाहिए, क्योंकि मनुष्य ही इसका जनमदाता है। इसमें कोई शक नहीं कि हमारा देश भारत भी इस समस्या से जूझ रहा है। हमारे देश में भी ग्लोबल वार्मिंग से जैव विविधता को नुकसान पहुंच रहा है। बर्फ पिघलने, जंगल की आग, बाढ़, सूखा, ग्लेशियरों का पिघलना इत्यादि समूचे क्षेत्र की जैव विविधता वाले परिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के परिणाम फलस्वरूप हम पहले ही वन्यजीवों और जैव विविधता की कई प्रजातियों को खो चुके हैं।

ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी घटनाएं प्रत्यक्ष रूप से किसी देश को अपने विकास के साथ जुड़ी हुई, बेशक नहीं लगती है, लेकिन पिछले वर्ष लॉस ऐंजिलिस में रिकॉर्ड बर्फबारी, पूरे यूरोप में भीषण गर्मी और चीन के बीजिंग में रेत के भीषण तूफान व इस वर्ष अक्तूबर माह में सऊदी अरब के देल व राफा इलाके में धुंध, ओलावृष्टि व भारी बर्फबारी विश्व समुदाय को उनकी करनी के दुष्परिणामों के संकेत स्पष्ट रूप से देने लगी है। हिमाचल की बरसाती तबाही भी किसी से छुपी नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित देशों में चाड, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, इरिट्रिया, कांगो ,गिनी बिसाउ, सूडान, अफगानिस्तान, सोमालिया, लाइबेरिया व माली- बेशक शामिल हैं, मगर कुछ समय के बाद पूरा विश्व स्पष्ट रूप से प्रभावित होने वाला है। बेशक, ये सभी देशों के लिए एक साथ एक समान अवसर वाला संकट नहीं है। यह भूमंडलीय उष्मीकरण–पृथ्वी के अस्तित्व के लिए खतरे की घंटी है। पिछले 20 वर्षों में वैश्विक तापमान में वृद्धि के लिए मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। मुख्यत: प्रकृति के संसाधनों जैसे–तेल, कोयला, गैस, जीवाश्म ईंधनों का जलना, पौधों का कटान व प्राकृतिक जंगलों को रेगिस्तान में बदलना, आधुनिक जीवनशैली के चलते हरित गृह गैसों का उत्सर्जन इत्यादि मुख्यत: है। विश्व पर्यावरण में औसत कार्बन सांद्रता 414.4 भाग प्रतिमिलियन (पीपीएम) भी पहुंच चुकी है जो लगभग दो मिलियन वर्षों का उच्चतम स्तर है। जिसमें चीन कार्बन के छब्बीस प्रतिशत मानक के साथ विश्व में सबसे ऊपर है। बिजली उत्पादन के लिए जीवाश्म ईंधन का लगातार प्रयोग भी इस ग्लोबल वार्मिंग का एक मुख्य कारक है।



लेखिका : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

जिससे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसें निकलती है जो ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण है। पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर ग्लोबल वार्मिंग को जन्म दे रहा है। पृथ्वी पर धीरे–धीरे स्वार्थपूर्वक लगातार ऐसी गतिविधियां हो रही है–जो ग्लोबल वार्मिंग को जन्म दे रही है। जहां एक ओर इस कारण बर्फ के ग्लेशियर पिघल रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रकृति रेगिस्तान में भी बर्फबारी कर रही है। वायुमंडल में ओजोन परत का क्षरण व क्लोरोफ्लोरो कार्बन का उत्सर्जन भी पर्यावरण को निरंतर नुकसान पहुंचा रहा है। रेफ्रिजरेटर में प्रयुक्त होने वाली फ्रीयोन गैस से क्लोरीन के अणु उत्सर्जित होते हैं और क्लोरीन का एक अणु ओजोन के लगभग एक लाख अणुओं को क्षति पहुंचाकर वायुमंडल में ऑक्सीजन के रूप में परिवर्तित कर देता है। यह वही ओजोन गैस है जो वायुमंडल में पैराबैंगनी रेडिएशन को अवशोषित करती है और विश्व समुदाय को त्वचा की भयंकर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करती है। मगर मुफ्त में मिलने वाली चीजों की तरफ अक्सर कौन ध्यान देता है। हैंडसन को अक्सर ग्लोबल वार्मिंग का जनक कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने इस बारे में स्टीक भविष्यवाणियां की थी कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार पृथ्वी ग्रह व मानव जीवन को प्रभावित कर कर रहा है। वैश्विक तापमान बढ़ने से पिछले 120 सालों का अधिकतम तापमान अक्तूबर माह में दर्ज किया गया। ग्लोबल वार्मिंग के कारण आने वाले दिनों में असमायिक सूखा, बाढ़ व मौसम का मिजाज पूरी तरह बिगड़ा हुआ दिखेगा। जिसके कई उदाहरण– दुनिया देख भी चुकी है और देख भी रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का सबसे ज्यादा प्रभाव जर्मनी, जापान और भारत पर पड़ा है। भारत इस सूची में बेशक पांचवें स्थान पर है, वहीं नॉर्वे सबसे सुरक्षित देश है। जलवायु परिवर्तन से बचने में सक्षम देशों में न्यूजीलैंड, फिनलैंड, डेंमार्क, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया व आइसलैंड जैसे देश आते हैं, परंतु ग्लेशियरों पर ग्लोबल वार्मिंग का सबसे ज्यादा प्रभाव देखने को मिल रहा है और विश्व के गरीब देश इसमें सबसे ज्यादा पीसने वाले हैं। ग्लोबल वार्मिंग को कम करने हेतु सबसे पहले विश्व समुदाय को कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए त्वरित रूप से कार्य करना होगा। जिसमें जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी।

जीवाश्म ईंधनों को जलाना व वनों के कटान से पृथ्वी के तापमान पर बड़ी तेजी से प्रभाव पड़ रहा है। इससे वायुमंडल में प्राकृतिक रूप से मौजूद ग्रीन हाउस गैसों में भारी मात्रा में ग्रीन हाउस गैसें जुड़ जाती हैं जिससे हरित गृह प्रभाव और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ जाती है। सबसे बड़ी बात–इन सब में कमी, किसी भी देश की सरकारें नहीं होने दे रही। ग्लोबल वार्मिंग के कारकों की महत्वपूर्ण मात्रा–परिवहन, विनिर्माण, निर्माण, कृषि और तेल व गैस उद्योगों से आती है। पृथ्वी के औसतन तापमान में 1856 से लेकर 1968 तक लगभग स्थिति सामान्य थी, मगर उसके बाद वर्ष 2024 तक तापमान में 2.17 डिग्री फारेनहाइट की वृद्धि हुई है। इसी तरह चलता रहा तो वर्ष 2100 तक लगभग 10.2फारेनहाइट की वृद्धि संभावित है । यानी पृथ्वी का जो तापमान आज लगभग 2 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ा है। वह 3.3 डिग्री सेंटीग्रेड से 5.7 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ जाएगा। समुद्री तटों पर बसी आबादी भयंकर रूप से खतरे की जद में होगी। वहीं खराब वायु गुणवत्ता के कारण अष्थमा, गुर्दे की विफलता, समय से पहले जन्म- हृदय और श्वसन संबंधी जटिलताओं में वृद्धि होगी और मौतों की संख्या में बेतहासा वृद्धि संभावित है तो क्या पूरे विश्व समुदाय को समय रहते विकास की होड़ को पर्यावरण अनुकूलित नहीं बनाना होगा, जो किसी भी देश की सरकारे होने नहीं दे रही। प्राकृतिक संसाधनों का जरूरत से ज्यादा दोहन–वो भी विकास के नाम पर, जबकि यह दोहन हर राष्ट्र व विश्व समुदाय को विनाश की ओर धकेल रहा है। यदि आम जन इस प्रायोजन हेतु सहयोग कर पाए तो बेहतर- अन्यथा सब ईश्वर के हवाले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# इंसानियत अपनाओ अमर हो जाओगे, हैवानियत छोड़ो

ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है। इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इंसान को गिरा सके, इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे–बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीर हरण हो रहा है, खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। मानवीय त्रासदी को रोकना होगा।

इंसानियत अपनाओ अमर हो जाओगे हैवानियत छोड़ दो इंसान बनो हैवान मत बनो। इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है बेशक ईश्वर ने संसार में करोडों जीव जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़कों पर आदमी तड़फ–तड़फ कर मर रहा है। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है, क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है, जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। आत्मा सिसक रही है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों, गुंडे, मवालियों का आदर सत्कार किया जाता है यह समाज के घातक है। आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है । मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव–जंतु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे, मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव–जंतुओं को काट खाया, तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रुख करेंगें। नरभक्षी बनेगें।

आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है।

मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुत्ते लोगों की फेंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथा कथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है। रिश्तों में संक्रमण बढ़ता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा–जोखा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बेरोजगारी** एक गंभीर मुद्दा है जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए, एक व्यापक सुधार राजनीति आवश्यक है, जिसमें शिक्षा, आर्थिक नीतियां और रोजगार सृजन पहल शामिल हों। शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में निवेश करना महत्वपूर्ण है। तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में यह जरूरी है कि कर्मचारी प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने कौशल को लगातार अपडेट करते रहें। शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करके और लक्षित व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके, हम आधुनिक उद्योगों की मांगों को पूरा करने के लिए लोगों को बेहतर ढंग से तैयार कर सकते हैं। **अंशिका कांगड़ा**

# सड़क हादसों पर विराम लगना अब बहुत जरूरी

हिमाचल प्रदेश की कुछेक सड़कें खूनी बन चुकी, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। पहाड़ की सड़कों पर पिछले 9 महीनों में 1546 हादसे, 593 की गई जान और 2426 लोग चोटिल हो चुके हैं। सड़क हादसों के पीछे तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अवहेलना, ड्रिंक एंड ड्राइव हैं। जिला मंडी, शिमला सड़क हादसों में सबसे अधिक आग्रणी माने गए हैं। सितंबर माह तक 200–200 से ज्यादा दुर्घटनाओं के मामले दर्ज हुए हैं। सितंबर माह तक जिला मंडी में जहां 203 सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए, वहीं शिमला में 238 रहा है। 167 दुर्घटनाओं के साथ जिला ऊना तीसरे और 160 के आंकड़े के साथ जिला कांगड़ा चौथे स्थान पर रहा है। पांच जिला ऐसे रहे जहां हादसों का आंकड़ा 100 से कम रहा। जिला सिरमौर में 127, जिला कुल्लू में 116, जिला सोलन में 142 और जिला बिलासपुर में 106, जिला चंबा में 64, जिला हमीरपुर में 59 और जिला किन्नौर में 17 मामले सामने आए हैं। नूरपुर थाना क्षेत्र के तहत 61 और बीबीएन में सड़क हादसों के 86 मामले सामने आए हैं। 9 माह के प्रदेश में चिंताजनक तौर पर हर माह औसतन दुर्घटनाओं के 170 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। बीते साल पहले आठ माह में सड़क दुर्घटनाओं के 2030 मामले दर्ज हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा है कि तेज गति से वाहन चलाने वालों के लिए सख्त सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए।

साल 2014 से लेकर 2018 तक प्रदेश में हर साल तीन हजार से ज्यादा सड़क हादसे दर्ज किए गए, जबकि 2019 के बाद से यह ग्राफ तीन हजार से कम हुआ है। 2023 में प्रदेश में 2255 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी, जिनमें 869 लोगों की मौत हुई थी और 3209 घायल हुए थे। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य और इसमें सड़कें बिलकुल समतल बनाना बहुत बड़ी चुनौती है। प्रत्येक किलोमीटर उपरांत कैंची मोड़ मिल जाता है। हिमाचली ड्राइवरों के लिए ऐसे मोड़ कोई अधिक खतरनाक मायने नहीं रखते हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटक बनकर बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन चालकों के लिए कैंची मोड़ अक्सर मौत का कारण बन जाते हैं। ऐसे कैंची मोड़ पर सुरक्षा की कोई पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण लोगों को सड़क हादसों में बेमौत मरना पड़ता है। सड़कों पर गति सीमा का पालन बहुत कम चालक करते हैं। अक्सर वाहन चालक गति सीमा को दरकिनार करते हुए ओवर स्पीड चलते सड़क हादसों को न्योता देते हैं। सड़कों किनारे पुख्ता पैरापीट न होने कारण वाहन सड़क हादसों में क्षतिग्रस्त होकर नीचे गहरी खाई में जाकर गिरते हैं। सड़क हादसों के पीछे आजकल आवारा पशु सबसे बड़ा कारण हैं। किसानों ने खेतीबाड़ी से बेमुख होकर अपने पशु आवारा छोड़ दिए हैं। आवारा पशु किसानों की फसलों को तहस नहस कर रहे हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

कुछेक खूंखार आवारा सांड लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं। मगर स्थानीय प्रशासन ऐसे आवारा सांड को गो सदनों में पहुंचाने में नाकाम साबित हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारी पंचायतों को आवारा सांड पकड़ने का जिम्मा यह कहकर सौंप रहे कि बाद में वह इन्हें गो सदनों में भेजने में जनता की मदद करेंगें। सच बात यह है कि पंचायतें आवारा सांड को पशु पालन विभाग स्टॉफ के सहयोग से उन्हें पड़कने बावजूद प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां सही नहीं निभा रहे हैं। सड़कों पर आजकल लोग कम आवारा पशु अधिक डेरा जमाए हुए देखे जाते हैं। राज्य सरकारें जिला परिषद सदस्यों से पशुधन की गणना करवाने का काम शुरु करवाती हैं। मगर लोगों को मौत के घाट उतारने वाले सांड की गणना कौन करें, बड़ा सवाल है। आवारा पशु सड़कों पर बैठे होने के कारण अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं। मगर ऐसे पशु बावजूद इसके सड़कों से हटने का नाम नहीं लेते हैं। सड़कों पर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही करती है। सड़कों पर खड़े होकर यातायात अवरुद्ध करने वाले आवारा पशुओं के खिलाफ पुलिस सहित राज्य सरकार भी कोई कार्यवाही नहीं करना चाहती है।

हिमाचल प्रदेश में शुरू हुआ फोरलेन सड़क का निर्माण जनता के लिए मानों परेशानी का सबब बन गया है। सड़क विस्तारीकरण चलते नामी बाजारों का नामोनिशान तक मिट गया है। कुछेक सड़कों का विस्तरीकरण का काम पिछले कई वर्षों से चला हुआ है। आखिर कब ऐसी सड़कों का निर्माण होकर जनता राहत की सांस लेगी कोई नहीं जानता है। सुरक्षा नियमों को ताकपर रखकर सड़कों का विस्तारीकरण शुरू है। ठेकेदार सड़कों पर कहीं भी बजरी, रोड़ी, रेत और पत्थरों के डेर लगाकर काम शुरू कर देते हैं। ऐसी जगह को बेरिगेट किए बगैर वाहन चालकों को खासकर रात्रि समय कई दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। कहीं सड़कों पर एक तरफा रास्ता तो कहीं बीच–बीच में कार्य शुरू किया गया है। वाहन चालकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़कों किनारे डंगे, नालियों का अभाव जिसके चलते सड़क हादसों में वृद्धि हो रही है। प्रत्येक घर में वाहनों की भरमार है। अभिभावक अपने बच्चों को बैंकों से ऋण लेकर भी उन्हें वाहन खरीदकर दिला रहे हैं। युवक जिंदगी दांव पर लगाकर सड़कों पर तेज रफ्तार में वाहन चलाकर मौत को दाबत देते हैं। नाबालिग लड़कों को वाहन मुहैया करवाने के पीछे अभिभावकों की बड़ी लापरवाही है। हिमाचल प्रदेश में वाहनों के चालान विदेशों की भांति किए जा रहे हैं। दयनीय सड़कों की हालत सुधारने का समय किसी पास नहीं है। वाहन चालक गाड़ी खरीदते समय सरकारों को टैक्स भरते हैं। बदहाल सड़कों के कारण खटारा बन रहे वाहनों की जिम्मेदारी भी अब राज्य सरकारों को लेनी होगी। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो वर्षों में निरंतर प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। भारी बारिश चलते सड़कें खड्डु का रूप धारण करती जा रही हैं। दयनीय सड़कों के चलते भी सड़क हादसों में वृद्धि हो रही, जिसकी रोकथाम किए जाना बहुत जरूरी है। ड्रिंक ड्राइव पर अंकुश लगाने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस विशेष अभियान पर काम कर रही है। पुलिस ने भारी मात्रा में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के लाइसेंस रद्द किए है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश

**धनय** यशवंत चंद्रचूड़ भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश हैं। उन्हें 13 मई, 2016 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में चुना गया था। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 45वें मुख्य न्यायाधीश और मुंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य किया है। न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का जन्म महाराष्ट्र के मुंबई शहर में हुआ था। वह देशस्थ ऋग्वेदी ब्राह्मण परिवार से हैं। डीवाई चंद्रचूड़ के पिता न्यायमूर्ति यशवंत विष्णु चंद्रचूड़, भारत के 16वें मुख्य न्यायाधीश थे, जिन्होंने 1978 से 1985 तक सेवा की थी। वाईवी चंद्रचूड़ भारत में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्य न्यायाधीश हैं, जिन्होंने 2,696 दिनों के कार्यकाल के लिए सेवा की। उनकी मां प्रभा चंद्रचूड़ एक शास्त्रीय संगीतकार थीं। न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी स्कूली शिक्षा कैथेड्रल और जॉन कॉनन स्कूल, मुंबई और सेंट कोलंबिया स्कूल, दिल्ली से की। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में बीए (ऑनर्स) किया। वर्ष 1979 में वहां से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। साल 1982 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में लॉ की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 1983 में मास्टर ऑफ़ लॉ की डिग्री और 1986 में हार्वर्ड लॉ स्कूल, यूएसए से एसजेडी में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। ■



धनय यशवंत चंद्रचूड़
**जन्म :** 11 नवंबर, 1959

## कविता

### .क्या यही है राजनीति.



बोधराज शर्मा

*अच्छे दिनों की बात की थी फिर क्यों दिन काले हो गए,*
*जनता को रेवड़ियां बांट अपने घर में उजाले हो गए।*
*झूठ जनता के बाजार में सदियों से बेखौफ बिकता रहा,*
*दर्द मिला जो झूठ का दर्द से कवि अविरत चीखता रहा।*
*खून पसीने से सींचा जिस किसान ने मेरे देश की माटी को,*
*कर्ज के तले दब कर किसान ने क्यों चुना फिर फांसी को।*
*निस्वार्थ सेवा का ढोंग रचाकर खूब रिझाया लोगों को,*
*जानबूझकर इस स्वार्थनीति ने खूब लड़ाया मासूम लोगों को।*
*चुनावी दौर में फौलादी वायदे, जोशीले जुनून आ जाते हैं,*
*मुंगेरी लाल के सपने दिखाके कहां गुम हो जाते हैं।*
*आम जानता चीखती रही अपने हक के लिए सदियों से,*
*फायदा नहीं बिलखने का क्या पूछे सवाल अजनवियों से*
*सचमुच राजनीति को गर देश सेवा समझकर किया जाता,*
*हंगर इंडेक्स से हटकर भारत अव्वल दर्जे पे कब आ जाता।*
*सवाल अभी लाखों छुपे हैं सुलगती चिंगारियां के सीने में,*
*चिंगारी शोला न बने खूब दर्द सहे इन सवालों को पीने में।*
*आंधी तूफान में भी दिये को संभाला है भारत ने बड़ी शिद्दत से,*
*नीति कैसी भी हो सभी मिल जुल कर रहते यहाँ सदियों से।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सिरमौर कबड्डी संघ का युवाओं को बेहतर मंच देने का सराहनीय प्रयास

जैसे कि कहा भी जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है, अगर हम अपने शरीर को निरोगी काया बनाना चाहते हैं, तो हमें अपने शरीर को खेल एवं व्यायाम के माध्यम से तंदुरुस्त एवं मजबूत बनाना होगा, जिस खेल के माध्यम से हम निरोगी ही नहीं, बल्कि आज के समय में खेल को अपने बेहतर भविष्य के रूप में भी स्थापित कर सकते हैं।

यदि आप में कड़ी मेहनत एवं हुनर, प्रतिभा छुपी है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम जिला सिरमौर में हो रही हाल ही में और हिमाचल प्रदेश में पहली बार अनोखी प्रतियोगिता का आयोजन सिरमौर कबड्डी लीग करवा रहा है, जिसकी जानकारी सिरमौर कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से पेश की,जो कुलदीप राणा सिरमौर कबड्डी को बेहतर और अनोखी बनाने के लिए हमेशा अपनी अहम भूमिका अदा करते आ रहे हैं। सिरमौर कबड्डी लीग ने फैसला लिया है कि गुरु की नगरी पांवटा साहिब में नवंबर माह में सिरमौर कबड्डी लीग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केवल जिला सिरमौर की ही टीम भाग लेंगी, जिसका उद्देश्य सिरमौर के प्रतिभाशाली युवाओं एवं होनहार खिलाड़ियों को स्थानीय क्षेत्र और बेहतर मंच एवं उनकी प्रतिभा को तराशने का काम किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग लेंगी, तो वहीं इस प्रतियोगिता को आठ भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें टीमें इस प्रकार रहेगी, जैसे मां भगायणी पैंथर, लाधी योद्धा, शिलाई लायंस, यमुना वैली पांवटा, चुड़ेश्वर लीजेंट राजगढ़, नाहन किंग्स, सराह वोरियर, रेणुका जी इत्यादि टीमें शामिल होगी।

हर मैच में मेन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द मैच, बेस्ट रेडर को इत्यादि को केश भी दिया जाएगा, जितनी भी टीमें भाग लेंगी, उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, साथ ही सिरमौर कबड्डी संघ द्वारा उनको ठहरने, खानें की व्यवस्था और आने जाने का किराया भी वहन किया जाएगा, जो कि युवाओं के लिए एक अच्छी और सराहनीय कदम माना जा रहा है, क्योंकि इस प्रकार का भव्य एवं सराहनीय कदम हिमाचल प्रदेश के खेल क्षेत्र में शायद ही पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक लाख और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को इक्यावन हजार ट्राफी के साथ प्रदान किए जाएंगे।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों और जनता में खासा उत्साह भी देखने एवं सुनने को मिल रहा है, क्योंकि जिस प्रकार आज का युवा नशे में पड़कर अपने को जीवन बर्बाद करने में मानों तुला हुआ है और दिन–प्रतिदिन नशे के सौदागरों एवं नशे करने वालों की मानों फौज बढ़ती जा रही है, जो क्षेत्र समाज और देश के लिए बहुत ही चिंता का विषय है, इस प्रकार अगर युवाओं को कहीं न कहीं सरकार, प्रशासन, और विभिन्न सामाजिक संगठनों इत्यादि के द्वारा अगर युवाओं को किसी न किसी रूप से खेल की और मोडा जाएं, तो यकीनन नशे से दूर रहकर अपनी प्रतिभा को अपने भविष्य को संवारने एवं समाज के बीच लाने में मददगार साबित भी हो सकता है, जिसकी वर्तमान में कहीं न कहीं जरूरत भी मानी जाती है, क्योंकि अनेक क्षेत्रों में शिक्षित युवा भी नशे में पड़ता जा रहा है, जो युवा किसी भी देश का भविष्य माना जाता है, जिसको कहीं न कहीं समझाने एवं नशे से दूर रहने के लिए बाध्य करना चाहिए।

इस प्रकार जिला सिरमौर कबड्डी संघ का निसंदेह यह फैसला युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनकी प्रतिभा को समाज के बीच लाने का सराहनीय प्रयास माना जा रहा है, जिसमें हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि किसी न किसी रूप से ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने एवं इस प्रकार के बेहतरीन कार्यक्रमों को संचालित करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाना चाहिए, ताकि भविष्य में उनको एक नई ऊर्जा एवं सेवाभाव बना रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आलू की फसल समय पर मंडी पहुंचाएगा जिला ट्रक महासंघ

## महासंघ ने कहा, बाहरी ट्रांसपोर्टर्स के झांसे में आकर आलू उत्पादक किसान न हों धोखाधड़ी का शिकार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश के अग्रणी आलू उत्पादक जिला ऊना के किसानों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए जिला ट्रक महासंघ आगे आया है। महासंघ ने आलू की फसल की ढुलाई के लिए गाड़ियां उपलब्ध करवाने के लिए रविवार को ईसपुर में किसानों व व्यापारियों के साथ बैठक की।

महासंघ ने कहा कि पहले भी जिले के किसान आलू की फसल की ढुलाई के नाम पर ठगे जा चुके हैं इसलिए किसान व व्यापारी आलू की फसल की ढुलाई के लिए जिले के ही ट्रांसपोर्ट सोसायटियों को माल ढुलाई का काम दें, ताकि उनकी आलू की फसल सुरक्षित तरीके से गंतव्य स्थानों तक पहुंचाई जा सके। महासंघ ने कहा कि माल ढुलाई के नाम पर किसान व व्यापारी जिले के बाहर के ट्रांसपोर्टर्स के झांसे में न आएं।

रविवार को ईसपुर में आयोजित बैठक में जिला ट्रक महासंघ के प्रधान सतोश गोगी ने कहा कि हर साल माल ढुलाई के नाम पर जिले के आलू उत्पादक किसान ठगे जाते हैं। इससे पहले भी देखने में आया है कि यहां से किसानों की आलू की फसल लेकर देश की विभिन्न सब्जी मंडियों के लिए गए कई ट्रक या तो रास्ते से ही गायब हो गए या फिर समय पर मंडी नहीं पहुंचे। जिससे जिले के किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। जिले की तमाम ट्रांसपोर्ट सोसायटियां सहकारिता विभाग के पास पंजीकृत हैं और इनमें ट्रक मालिक व चालक भी स्थानीय हैं। ऐसे में अगर स्थानीय ट्रांसपोर्ट सोसायटियां आलू की ढुलाई में लगेंगी तो धोखाधड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी। अकसर देखने में आया है कि बाहरी राज्यों से आए कई व्यापारी यहां किसानों की फसल खरीद कर ले जाते हैं और न तो किसानों को बाद में उसके पैसे मिलते हैं और न ही उनके माल का कुछ पता चलता है।


जिला ट्रक महासंघ की बैठक में भाग लेने आए विभिन्न ट्रांसपोर्ट सोसायटियों के प्रतिनिधि।

**आलू की खरीद पर किसानों को पहले ही लग चुका है करोड़ों का चूना**

जिले में ही आलू की खरीद-फरोख्त के नाम पर किसानों को पहले ही करोड़ों रुपए का चूना लग चुका है। किसानों के साथ ऐसा धोखा न हो इसलिए ही जिला ट्रक महासंघ ने इस बार किसानों व व्यापारियों को मांग के अनुरूप ट्रक उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है।

बैठक में ट्रांसपोर्ट सोसायटी ईसपुर, गगरेट, अंब, भंजाल, ऊना, टाहलीवाल व कैंटर ट्रांसपोर्ट सोसायटी के प्रतिनिधि पंकज दत्ता, सुरेश पाल मनकोटिया, रविंद्र कुमार, दर्शन खान, स्टार खान, बृजमोहन, कशिश शर्मा, मनोज कुमार, राम स्वरूप, गुरदेव सिंह, हरदेव सिंह, मनोहर लाल पिंटू, बबलू व बिंदू मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने डेरा रुद्रानंद में चलाया स्वच्छता अभियान



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल एनएसएस के स्वयंसेवियों ने रविवार को डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलैहड़ में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने पूरे मंदिर परिसर में सफाई की और मंदिर परिसर के आसपास फूलों की क्यारियों को भी संवारा। इस अवसर कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय एनएसएस शिवर का पूरा कार्यक्रम पहले ही निर्धारित किया हुआ है। उसके तहत आज अमलैहड़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर लेक्चर सीमा सोहाल कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, सुनीता कुमारी, राजन कुमार, विनोद ठाकुर, शशि कुमार, संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान मुल्तान सिंह के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो के पूर्व प्रधान मुल्तान सिंह के निधन पर स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने शोक व्यक्त किया ह। उन्होंने बताया कि मुल्तान ने काफी बार पंचायत प्रतिनिधि का दायित्व सशक्त ढंग से निभाया और इलाके में उनकी अंगूठी पहचान थी।

### श्री गोपाष्टमी पर निकालीं राधा-कृष्ण की झांकियां



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव दुलैहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में धार्मिक समागम के दौरान गोपाष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा में श्री राधा-कृष्ण, रूक्मणी, सखियां आदि की आकर्षक झाकियां निकाली गईं तथा सेवादारों को सम्मानित किया गया। शनिवार को राधा-कृष्ण के भजनों पर श्रद्धालू खूब नाचे। गोशाला के सेवादार पंडित किशोरी लाल ने बताया कि समागम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के दौरान श्री राधा-कृष्णा की महिमा का गुणगान गया। धार्मिक समागम गोविंद धाम गोशाला स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर दुलेहड़ में कथा व्यास कृष्णा भारद्वाज वृंदावन ने सात दिन भगवान के वृतांत का वर्णन कर संगतों को संत मार्ग पर चलने का उपदेश दिया है। कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# बाल विकास कांग्रेस में बंगाणा स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा


बाल विज्ञान मेले में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र अध्यापकों के साथ।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में आयोजित जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर वरिष्ठ व जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

बंगाणा स्कूल के शिक्षक राममूर्ति ने बताया कि आठवीं के छात्र अक्षित कौंडल तथा आर्यन शर्मा ने स्कूल के विज्ञान अध्यापक एवं देवांश कलसी के मार्ग-दर्शन में जिला स्तरीय इनोवेटिव मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने इसका श्रेय अपने माता-पिता प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को दिया। अक्षित कौंडल व आर्यन शर्मा ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों ने हमारी प्रतिभा को ओर भी अच्छे ढंग से प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया, हमने भी अपने शिक्षकों के मार्ग-दर्शन से ही यह उपलब्धि हासिल की है। राममूर्ति ने कहा कि प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्ग-दर्शन और प्रेरणा से हमने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन से पूरे जिला में प्रथम स्थान हासिल करने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि इन विद्यार्थियों ने स्कूल का और इलाके का मान सम्मान बढ़ाया है।

प्रधानाचार्य ने बताया कि यह दोनों विद्यार्थी बहुत ही होनहार और मेहनती हैं, इन विद्यार्थियों ने अनुशासन में ही रहकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिला उन्ना के कई स्कूलों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में जिला ऊना के कई स्कूलों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। (अनंत ज्ञान)

# क्लयीरमेडी बाहरा अस्पताल चिकित्सा देखभाल को सुलभ लिए प्रतिबद्ध : सीईओ

**अनंत ज्ञान, ऊना**


अस्पताल प्रबंधन के साथ विशेषज्ञ चिकित्सक।

क्लयीरमेडी बाहरा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ऑन्कोलॉजी, इंटरनल मेडिसन, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, ईएनटी, बाल रोग और नियोनेटोलॉजी, गाइनकालजी, हड्डी रोग और जॉइंट रिप्लेसमेंट और चौबीस घंटे आपातकालीन और ट्रॉमा देखभाल में नैदानिक विशेषज्ञता प्रदान करेगा।

क्लियरमेडी हेल्थकेयर के सीईओ कमोडोर नवनीत बाली ने कहा कि हमारा मिशन नवीनतम तकनीक और चिकित्सा पेशेवरों की एक असाधारण टीम से लैस सभी को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है। हम स्वास्थ्य सेवा के मानक को ऊंचा करने और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह अस्पताल सिर्फ एक सुविधा नहीं है, बल्कि पूरे समुदाय के लिए स्वास्थ्य, आशा और उपचार का प्रतीक है।

अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से लेकर रोगी-केंद्रित देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने तक, इस अस्पताल के हर पहलू को हमारे समुदाय की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# एमएसएमई उद्यमियों को ऋण स्वीकृति पत्र किए प्रदान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) संयोजक यूको बैंक ने ऊना में एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। शनिवार को हुआ यह कार्यक्रम देशभर में 149 स्थानों पर आयोजित केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा था, जिसका सीधा प्रसारण आईआईएससी बेंगलुरु से किया गया।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हिमाचल प्रदेश यूको बैंक के मुख्य प्रबंधक पंकज शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में ऊना को इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से चुना गया था। सीधे प्रसारण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों से संवाद किया और कई एमएसएमई उद्यमियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए, जिससे उद्यमियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में यूको बैंक के कार्यकारी निदेशक विजय कुमार एन कांबले, पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव, सीडबी के उपमहाप्रबंधक अभिषेक कुमार, और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक व यूको बैंक, शिमला के अंचल प्रमुख प्रदीप आनंद केशरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ऊना और अन्य क्षेत्रों से करीब 55 लाभार्थी भी शामिल हुए, जिन्होंने एमएसएमई क्षेत्र में बैंकों से प्राप्त लाभों पर अपने अनुभव साझा किए।

केशरी ने सभी उच्च अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए बैंक की ओर से एमएसएमई क्षेत्र में प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में हर उद्यमी को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे स्थानीय उद्यमों का विस्तार और विकास हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान यूको बैंक के कार्यकारी निदेशक विजय कुमार एन कांबले ने एमएसएमई क्षेत्र में ऋण वितरण बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी बैंकों से इस क्षेत्र में अधिक समर्थन देने की अपील की, ताकि स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकें। यूको बैंक के धर्मशाला अंचल प्रमुख कमल कुमार शर्मा ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त करते हुए किया। उन्होंने प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की छात्रा प्रथम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा/लठियाणी**


अवनिका


सीवी अंजलि

जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में बंगाणा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अवनिका और सैम की जोड़ी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की छात्रा सीवी अंजलि ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान हासिल किया है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में आयोजित जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की प्रतियोगिता में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अवनिका और सैम की जोड़ी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी सफलता के लिए स्कूल प्रबंधन ने जोरदार स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। इन छात्रों ने कई निजी स्कूलों की टीम को न केवल कड़ी टक्कर दी बल्कि उन्हें पराजित करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना स्थान बनाया।

उधर, आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की छात्रा सीवी अंजलि ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में जिला ऊना के कई स्कूलों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। अंजलि ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया। अंजलि ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को एवं माता-पिता को दिया। अंजलि ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह मुकाम मैंने हासिल किया है। अंजलि की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय एवं इलाके का मान सम्मान बढ़ाया।

स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि अंजलि ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया। स्कूल के शिक्षकों ने अंजलि को बधाई दी और कहा कि आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की अंजलि राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिला ऊना का प्रतिनिधित्व कर अपने स्कूल और जिला का मान बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहडाला में आयोजित जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की प्रतियोगिता में आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की छात्रा सीवी अंजलि ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में जिला ऊना के कई स्कूलों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

अंजलि ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया। अंजलि ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को एवं माता-पिता को दिया। अंजलि ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों के मार्ग-दर्शन से ही यह मुकाम मैंने हासिल किया है। अंजलि की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय एवं इलाके का मान सम्मान बढ़ाया। स्कूल के शिक्षकों ने कहां कि अंजलि ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया। शिक्षकों ने अंजलि को बधाई दी और कहा कि आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की अंजलि राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिला ऊना का प्रतिनिधित्व कर अपने स्कूल और जिला का मान बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चाकू की नोक पर मोबाइल छीनने के आरोपियों ने किए बड़े खुलासा


चोरी करके बेचे गए सामान को जांच अधिकारी के सुपुर्द करते सहयोगी।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

छीना-झपटी करके लूट करने वाले पंजाब से पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। इस गिरोह ने 17 अक्तूबर 2024 को समनाल में राह चलते एक बाइक सवार से बैग व पोलियां में भी एक महिला से फोन छीना था। दोनों ही शिकायतकर्ताओं को भी बुलाया गया है, लेकिन उन्होंने अभी तक थाना में रिपोर्ट नहीं की है। लूट के आरोप में तीन दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपियों ने अपने राज खोलने शुरू कर दिए हैं। आरोपियों के मुताबिक उन्होंने बाइक में पेट्रोल डलवाने के पैसे न होने के कारण वारदातों को अंजाम दिया था। पकड़े जाने के डर से बाइक से नंबर प्लेट भी हटा लेते थे। आरोपियों द्वारा हरोली से युवती से जो मोबाइल छीना और आगे एक अन्य युवक को बेच दिया था, जिससे घटना का पता चलते ही उस युवक ने शनिवार को पुलिस थाना आकर उक्त खरीदा हुआ मोबाइल पेश कर दिया है। तीसरे आरोपी का तलाश में पुलिस पंजाब में रेड कर रही है। पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि हरोली में पिछले कुछ समय में हुए लूट, डकैती, स्नेचिंग आदि की सभी घटनाओं को हरोली पुलिस ने सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

# देवेंद्र भुट्टो ने भागवत कथा में शिरकत कर लिया आशीर्वाद

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।**


कथा वाचक के साथ देवेंद्र भुट्टो तथा उपस्थित भक्त।

कुटलैहड़ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने रविवार को कुटलैहड़ के गांव बटूही में गांववासियों के सहयोग से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शिरकत करके आशीर्वाद लिया। वहीं, कथा ब्यास द्वारा भुट्टो को मंच से सम्मानित भी किया।

भुट्टो ने कहा कि आज के समय में अपने सनातन धर्म की रक्षा ओर सनातन का गुणगान करने के लिए ऐसी धार्मिक कार्यक्रमों का होना जरूरी है, क्योंकि हमारे पवित्र ग्रंथों से ही हमारा सनातन धर्म शुरू होता है। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के सभी आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि मानव का धर्म केवल सनातन है, लेकिन आज के समय में हम अपने धर्म से भागने का काम कर रहे हैं। हमारा मानव धर्म एक दूसरे के प्रति प्रेम भावना ओर हर गरीब परिवार की मदद करना सिखाता है, लेकिन हम गरीब ओर बुजुर्गो की मदद करने की बजाए उन पर हंसते हैं और उनका मजाक उड़ाते हैं, जो हमारे सनातन धर्म के खिलाफ है। भुट्टो ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भी दूसरों के प्रति प्यार और हर किसी का मान-सम्मान करना तथा हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना सिखाती है। इसलिए हम सभी को एक-दूसरे के प्रति सच्चे ओर अच्छे ओर ईमानदार बनकर सेवा के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह, उपप्रधान जीवन शर्मा, रंजीत सिंह राणा, शीशन राणा के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में एनसीसी यूनिट जल्द होगा मंजूर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में एनसीसी यूनिट मंजूर करने की काफी पुरानी मांग है जो आज तक पूरी नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार काफी महीने पूर्व स्थानीय पाठशाला प्रशासन ने भी इसके लिए प्रयास किया था और दस्तावेज संबंधित विभाग को भेजे थे, परंतु अभी तक एनसीसी का यूनिट मंजूर नही हुआ है। स्थानीय पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी ने बताया कि यह इलाके की सबसे पुरानी पाठशाला है और काफी समय से यहां पर एनसीसी यूनिट को स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है। इस पाठशाला में एनसीसी यूनिट मंजूर होने से छात्रों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि इस विषय में शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि इस विषय में उन्होंने लिखित तौर पर भी एक ज्ञापन संबंधित विभाग को भेजा है।

**आयोजन** ऊना में सेंसोवाल सोसायटी में लगाया जागरूकता शिविर

# केंद्र की सहकारिता से जुड़ी स्कीमों का उठाएं लाभ: ठाकुर

**अनंत ज्ञान, ऊना**


सभा की बैठक में गणमान्य और पदाधिकारी।

ऊना जिला की सेंसोवाल कृषि सहकारी सभा में क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान चंडीगढ़ की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पायलट परियोजना के तहद चंडीगढ़ से आए प्रतिनिधि जगदीश ठाकुर ने केंद्र की ओर से सहकारी सभाओं से जुड़े लोगों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने खाताधारकों को स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए। सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के बारे में सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया। सभा के चैयरमैन शिव शशि कंवर ने कहा कि सभा को पूर्ण तौर पर हाइटेक कर दिया गया है। सभा विकास के बल पर अपने क्षेत्र को एक मॉडल के तौर पर पेश करके चमकी है। इस सभा के आधुनिकरण पर लाखों की राशि खर्च की जा रही है। इस सभा में बिजनेस को बढ़ाने के लिय भव्य भवन का निर्माण किया है। तीन मंजिला भवन में लिफ्ट भी स्थापित की गई है। सभा ने नए गोदाम बनाए हैं, कॉफी हाउस, बिजनेस हाऊस, मीटिंग हाल, इलेक्ट्रिक शोरूम समेत अन्य सुविधाएं ग्राहकों को दी जा रही है। सभा के चेयरमैन शिव शशि कंवर ने बताया की सभा को हाईटेक किया जा रहा है। ग्राहकों को हर सुविधा घर द्वार पर देने के लिए सभा प्रयासरत है। इसलिए सभी खाताधारक केंद्र की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आगे आएं।



# व्यापारियों को खदेड़ने में नगर परिषद नाकाम



कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में आए व्यापारी ढालपुर सहित अन्य मैदानों में डटे हुए हैं और इस दौरान सामानों की खरीददारी के लिए लगी लोगों की भीड़।

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में आए व्यापारी अभी तक ढालपुर सहित अन्य मैदानों में डटे हुए हैं और नगर परिषद इन व्यापारियों को हटाने में पूरी तरह से नाकाम दिखाई दे रही है।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद इस बार दिवाली के बाद भी सात दिनों तक इन बाहरी राज्यों के व्यापारियों को यहां पर अपनी दुकानें सजाने का समय दिया गया था, लेकिन दिवाली के बाद आठ-नौ दिन बीत जाने के बाद भी यह व्यापारी अभी तक यहीं पर डटे हुए हैं। हालात यह हैं कि ढालपुर, खेल मैदान व प्रदर्शनी मैदान पूरी तरह से कूड़े और प्लास्टिक के ढेर में तबदील हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी नगर परिषद इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। स्थानीय लोग जितेंद्र, कोमल ठाकुर, योगिता, नगिन ठाकुर, राहुल शर्मा का कहना है कि इस समय सभी मैदानों में कूड़े-कचरे के ढेर लगे हुए हैं और उसके बावजूद जिला प्रशासन और नगर परिषद गहरी निद्रा में सोए हुए है।

शहरवासियों के अनुसार बाहरी राज्यों के इन व्यापारियों को जो समयावधि दी गई थी, वह अब समाप्त हो चुकी है उसके बावजूद भी यह लोग यहां डटे हुए हैं और खूब चांदी कूट रहे हैं, लेकिन स्थायी दुकानदारों को इस कारण काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है, जिस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। नगर परिषद ने हालांकि पहले इन मैदानों की बिजली बंद कर इन व्यापारियों को यहां से भगाने का प्रयास किया, उसके पश्चात सभी मैदानों के गेट भी बंद कर दिए गए हैं बावजूद इसके व्यापारी अभी भी मैदानों में डटे हुए हैं और खरीददार भी हर रोज यहां पर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन व नगर परिषद ने इन व्यापारियों को खदेड़ने के हर तरह के हथकंडे अपनाकर देख लिए हैं, इसके बावजूद यह अभी तक डटे हुए हैं इससे साबित होता है कि नगर परिषद कुल्लू इन व्यापारियों को खदेड़ने में पूरी तरह से नाकाम है। शहरवासियों सहित स्थानीय व्यापारियों ने जिला प्रशासन व नगर परिषद से इन व्यापारियों को जल्द यहां से खदेड़ने और इन सभी मैदानों की साफ-सफाई करवाने की मांग की है।

उधर, नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत का कहना है कि लगभग आधे से ज्यादा व्यापारी यहां से अपना सामान समेट चुके हैं और अब जो व्यापारी अभी तक यहां पर डटे हुए हैं, उन्हें भी यहां से खदेड़ा जा रहा है और साथ ही सभी मैदानों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### गर्म कपड़ों की हो रही खरीददारी

**ढालपुर** सहित अन्य मैदानों में सजी इन अस्थायी दुकानों में सबसे अधिक गर्म कपड़ों की खरीददारी हो रही है। हर रोज सैकड़ों लोग यहां पर 50 से लेकर 3000 तक की स्वेटर व जैकेटों की खरीददारी करने पहुंच रहे हैं, जिससे बाहरी राज्यों से आए हुए व्यापारी खूब चांदी कूट रहे हैं। इसके अलावा अन्य सामान भी यहां पर अब पहले के मुकाबले कम दामों पर उपलब्ध हो रहा है, जिसके चलते खरीददारों का खूब तांता लगा हुआ है।

### पुराने ट्रैफिक रूट से 35 दिन बाद दौड़े वाहन

**ढालपुर** चौक से कुल्लू कॉलेज चौक होते हुए कुल्लू-भुंतर मुख्य सड़क से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। एक माह से अधिक समय बाद पुराने ट्रैफिक रूट पर वाहन दौड़ने से लोगों ने भी राहत की सांस ली है, लेकिन व्यापारी अभी भी यहां डटे हुए हैं और खरीददारी करने लोग पहुंच रहे हैं, जिस कारण हादसे का अंदेश बना हुआ है।

## गुंजन बाल विज्ञान कांग्रेस में करेगी कुल्लू जिले का प्रतिनिधित्व

**मनाली।** 32वें जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन पीएम श्री जीएसएसएस भुट्टी, कुल्लू में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीपीएस सुंदर ठाकुर ने किया और समापन पर एडीसी कुल्लू एचएएस अश्विनी ठाकुर ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली की छात्रा गुंजन करवा ने मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके 4 इन 1 रोड सेफ्टी मॉडल की सराहना निर्णायकों और सभी अतिथियों द्वारा की गई। इस मॉडल में गुंजन ने सड़क हादसों को कम करने और लोगों की जान बचाने के लिए एक नवाचारी और स्मार्ट तरीका प्रस्तुत किया, अब वह कुल्लू का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगी। इस कार्यक्रम में मास्टर वरुण ने वैज्ञानिक लघु नाटिका में सर्वश्रेष्ठ नायक का पुरस्कार जीता, जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने इस उपलब्धि पर छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और विजेता छात्रों व उनके मार्गदर्शकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## सेब में रूट रॉट, बोरर का क्लोरोपाईरीफोस और कार्बेंडिजिम मिश्रण से करें उपचार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सेब के बागानों में रूट रॉट (जड़ सड़न) व रूट बोरर (जड़ छेदक कीट) का प्रकोप प्रायः सभी बागानों में पाया जाता है।

इस बीमारी से निजात पाने के लिए बागवान अपने बागानों में लगे पौधों को उनकी आयु के अनुसार उतने ही मिश्रण की ड्रेंचिंग करें, जिसके लिए वह 5 मिलीलीटर क्लोरोपाईरीफोस व 1 ग्राम कार्बेंडिजिम दवाई के मिश्रण को 1 लीटर पानी में घोल कर इसकी ड्रेंचिंग कर सकते हैं। बागवान पौधों की आयु के अनुसार इस मिश्रण को डाल सकते हैं यदि सेब के पौधों की आयु 5 वर्ष है, तो वह उसमें इस मिश्रण को 7 से 8 लीटर डाल सकते हैं। मोटे तौर पर बागवान 200 लीटर पानी में 1 लीटर क्लोरोपाईरीफोस व 200 ग्राम कार्बेंडिजिम का घोल बनाएं और उसे सेब की आयु के अनुसार इस मिश्रण को डेढ़ गुणा डाल सकते हैं। बागवानी विभाग की उपनिदेशक डॉ. नीना ने बताया कि घाटी में अधिकतर बागानों में रूट बोरर के कारण अच्छे पौधों की जड़ों को जड़ छेदक कीट भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे पौधा सूखने की कगार पर पहुंच जाता है, जो पेड़ पौधे रूट रॉट और रूट बोरर से अधिक ग्रसित होते हैं, उनके तौलियों की मिट्टी को निकाल कर सड़ी गली जड़ों को काट कर उसमें कॉपर आक्सीक्लोराइड को अलसी के तेल में लगाकर उसका उपचार करें। क्लोरोपाईरी फोस रूट बोरर के लिए कारगर दवाई है इसलिए बागवान पौधों में साल में कम से दो बार इस मिश्रण से ड्रेंचिंग करने को तरजीह अवश्य दें तभी पौधों का रूट बोरर व रूट रॉट की शिकायत से निजात मिलेगी। इस बार कुल्लू घाटी के कई बागानों में बुली एफिड का प्रकोप चरम पर रहा है। इसके लिए बागवान आजकल तौलिए बनाते समय 50 से 100 ग्राम कारटप क्लोरोपाईरीफोस दानेदार दवाई को खाद के साथ डालें, ताकि बूली एफीड कीट जो तने में रहता है, इससे उपचार होगा। बुली एफीड के लिए बागवान सेब तोड़ने के पश्चात कार्बोसल्फान व क्लोरोपाइरिबफोस दवाई का छिड़काव कर इस बिमारी से सुरक्षा कर सकते हैं।


> बागवान अपने बागानों की सुरक्षा के लिए बागवानी विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार कार्य को तरजीह दें, जिससे पेड़-पौधों को जड़-सड़न रोग व जड़ छेदक कीटों से निजात मिल सके।
> **डॉ. नीना ठाकुर, उद्यान उपनिदेशक कुल्लू।**

## न्यूज ब्रीफ

### दो होटलों को तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा भारी

**मनाली।** अब अगर आपके पड़ोस में जोर-शोर से डीजे बज रहा है और नींद हराम हो गई है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। मनाली पुलिस की ओर से उन पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तेज आवाज में डीजे बजाने वालों की अब खैर नहीं। मनाली के रांगड़ी में तेज आवाज में डीजे चलाने वाले दो होटल संचालकों के चालान काटे हैं। पुलिस व प्रदूषण विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर डीजे तेज आवाज में चलाने सहित अवैध मलबा डंप करने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई। पिछले कुछ दिनों से पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि सिमसा की ओर कुछ होटल संचालक डीजे को तेज आवाज में चला रहे हैं, जिस कारण आसपास के लोग तंग हो रहे थे। मनाली निवासी रामपाल, रमेश व दौलत राम ने बताया कि कुछ एक होटल वाले मनाली में तेज आवाज में डीजे चलाते हैं, जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है। उन्होंने ऐसे होटल वालों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस व प्रदूषण विभाग का आभार जताया। होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने होटल संचालकों से आग्रह किया कि वो ध्वनि प्रदूषण को गंभीरता से लें और डीजे को तेज आवाज में न बजाएं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रात्रि निगरानी के दौरान पुलिस विभाग ने प्रदूषण विभाग के साथ मिलकर सिमसा और ओल्ड मनाली क्षेत्र में अवैध मलबा डंपिंग और शोर स्तर की जांच की गई। सिमसा क्षेत्र में दो इकाइयां नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं, दोनों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई है।

### 156 सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची जारी : अरविंद



**कुल्लू।** जिला भाजपा ने जिले के चारों मंडलों से 156 सक्रिय सदस्यों की सूची सत्यापित करके जारी कर दी है। यह जानकारी जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने दी उन्होंने बताया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत अभी तक प्रथम चरण में जिले के 156 सक्रिय सदस्यों की सूची सत्यापित करने के पश्चात जिला कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कर दी है। अभी तक मनाली मंडल से 95 कार्यकर्ता, कुल्लू मंडल से 26 कार्यकर्ता, आनी मंडल से 21 कार्यकर्ता तथा बंजार मंडल से 14 कार्यकर्ताओं की सक्रिय सदस्यता सत्यापित हुई है। अरविंद चंदेल ने बताया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में 15 नवंबर को अगली जारी की जाएगी, जिस सूची में कुल्लू जिला को दिए 2000 सक्रिय कार्यकर्ताओं का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिले के चारों मंडलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं के माध्यम से मंडल स्तर पर सक्रिय सदस्यता अभियान तथा आने वाले संगठनात्मक चुनावों के बारे में कार्यकर्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

### 14 से होगी इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता

**आनी।** आनी के हरिपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में 14 से 16 नवंबर तक एचपीयू इंटर कॉलेज खो-खो पुरुष वर्ग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश ने बताया कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष वर्ग चैंपियनशिप की मेजबानी आनी कॉलेज करेगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 को किया जाएगा तथा 16 को इसका समापन होगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न कॉलेजों के लगभग 500 से अधिक छात्र भाग लेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने प्रदेश के सभी कॉलेजों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

## वॉलीबाल में ओल्ड मनाली की टीम जीती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



समुद्रतल से 10 हजार फुट की ऊंचाई पर कड़ाके की ठंड में पहली बार लाहौल स्पोर्ट्स कार्नीवाल का आयोजन किया गया। समापन समारोह में डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार बतौर मुख्यातिथि शरीक हुए, जबकि एशियान खेलों में तीरांदाजी में स्वर्ण पदक विजेता सकलंग दोरजे और मास्टर गेमज के चैंपियन किसान राणा बतौर विशेषातिथि पहुंचे।

इस दौरान फुटबाल, वॉलीबाल, कबड्डी और तीरांदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले में मंडी और ओल्ड मनाली की टीम आपस में भिड़े। ओल्ड मनाली की टीम ने मंडी की टीम को 25-21 और 25-17 के अंतर से हरा कर फाइनल मुकाबला जीत लिया। वहीं, तीरांदाजी के टीम इवेंट में ग्रासा की टीम ने 405 अंक हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि 353 अंक हासिल कर लोअर केलांग की टीम दूसरे और 163 अंक के साथ केलांग की टीम तीसरे स्थान पर रही। तीरांदाजी के व्यक्तिगत मुकाबले में आमची प्रकाश ने 173 अंक हासिल कर पहला स्थान झटका। 166 अंक के साथ रजत दूसरे, 151 अंक के साथ दिनेश तीसरे, 95 अंक के साथ छेरिंग दोरजे चौथे और 78 अंक लेकर मंगल पांचवें स्थान पर रहे। कबड्डी के फाइनल में जहालमा की टीम ने केलांग सीनियर की टीम को हराया। कबड्डी में जहालमा, तिगरेट, केलांग सीनियर और केलांग जूनियर की टीम ने हिस्सा लिया, जबकि वेंगा ब्वॉयज सीनियर और वेंगा ब्वॉयज जूनियर के बीच फुटबाल का फाइनल मुकाबला खेला गया। वेंगा ब्वॉयज सीनियर की टीम विजेता रही।

## जिस्पा परिसर में बाधा दौड़ पाठ्यक्रम स्थापित

**केलांग।** पर्वतारोहण उपकेंद्र जिस्पा परिसर में (3300 मीटर) में बाधा दौड़ पाठ्यक्रम स्थापित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शारीरिक और मानसिक रूप से तंदुरुस्त बनाने के लिए सबसे अच्छा है।



लाहौल-स्पीति में यह पहला इस प्रकार का पहला प्रशिक्षण केंद्र है। अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली के निदेशक अविनाश ने बताया कि इससे लाहौल में साहसिक खेल को बढ़ावा मिलेगा। भविष्य में संस्थान लाहौल क्षेत्र के आपदा और शक्तिशाली पहाड़ों के प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक पर्वतारोहण और स्कीइंग पाठ्यक्रम आयोजित करने पर विचार कर रहा है। यह लाहौल के युवाओं के लिए एक स्वर्ण अवसर होगा। संस्थान प्रभारी मोहन नाजू ने बताया कि संस्थान का आकर्षण बहुत ज्ञानवर्धक है, इससे युवाओं के कौशल विकास में मदद मिलेगी।

## 8 ग्राम चिट्टे के साथ 15 मील पुल के पास मंडी का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



कुल्लू के पतलीकूहल स्थित 15 मील पुल के पास मंडी के युवक के कब्जे से 08 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम जब गश्त पर थी, तो उस समय शिव बावडी सड़क एनएच 03 समीप 15 मील पुल में एक युवक की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 08 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने चिट्टे के साथ युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान संजय कुमार (27 वर्ष) पुत्र बीरवल राम निवासी गांव व डाकघर जड़ोल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी संजय कुमार के खिलाफ पुलिस थाना पतलीकूहल में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## 21 किलो भार वर्ग में मनन के नाम स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




जिला स्तरीय सब-जूनियर वुशू प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद खिलाड़ी।

जिला स्तरीय सब-जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जिला वुशू संघ द्वारा अक्षित वुशू स्पोर्ट्स अकादमी बजौरा में किया गया। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के लगभग 50 वुशू खिलाड़ियों ने भार लिया, जिसमें पुरुष वर्ग में 21 किलो भार वर्ग में मनन ठाकुर स्वर्ण पदक, प्रणब रजत पदक, 27 किलो भार वर्ग में शिवांश स्वर्ण पदक, अंश रजत, 30 किलो भार वर्ग में पारस स्वर्ण पदक, बोनी रजत पदक, अक्षित और अर्णव कांस्य पदक। 33 किलो भार वर्ग में स्टेजीन स्वर्ण पदक, रिहान रजत पदक, आरुष ठाकुर कांस्य पदक, 36 किलो भार वर्ग में सारांश स्वर्ण पदक, ओम रजत पदक, विभिन कांस्य पदक, 52 किलोग्राम वर्ग में दिशांक स्वर्ण पदक, 56 किलो भार वर्ग में अर्णव स्वर्ण पदक। महिला वर्ग में 30 किलोग्राम भार ग्राम वर्ग में अक्षिता ठाकुर स्वर्ण पदक, 33 किलो भार वर्ग में मुस्कान स्वर्ण पदक, 36 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशी स्वर्ण पदक, आंचल रजत पदक, महक और तान्या कांस्य पदक, 42 किलो भार वर्ग में खुशबू स्वर्ण पदक, 48 किलोग्राम भार वर्ग में कनिष्क स्वर्ण पदक, दिव्यांशी रजत पदक जीता। अब यह बच्चे 20वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में भार लेंगे, जो कि सुंदरनगर में 15 और 16 नवंबर को आयोजित होगी। इस अवसर पर जिला वुशू संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद, सह सचिव चेतन लाल, सेपक टाकरा संघ के अध्यक्ष झबेराम, वुशू संघ के सदस्य चंद्रेश्वरी, बीना देवी, प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

### पीएम श्री आदर्श विद्यालय आनी में खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कोठी प्रथम

**अनंत ज्ञान, आनी**



शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा खेल-खेल में मनोरंजकपूर्ण गतिविधियों द्वारा रुचिपूर्ण अधिगम के तहत खंड स्तरीय कार्यक्रम का विशेष आयोजन पीएम श्री आदर्श विद्यालय आनी स्कूल में किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेवनिवृत्त सुवेदार व सामाजिक कार्यकर्ता ख्याली राम शर्मा तथा विशिष्टातिथि के रूप में राजयस्तरीय पुरस्कार विजेता प्रधानाचार्य व अमर चौहान विशेषातिथि के रूप मैं मौजूद रहे।

इस प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक से परियोजना प्रदर्शनी में आनी क्लस्टर प्रथम, खनाग कलस्टर द्वितीय, प्रश्नोतरी में कोठी क्लस्टर प्रथम, आनी क्लस्टर द्वितीय, नाटक में भटनीबाई क्लस्टर प्रथम, बुच्छैर क्लस्टर द्वितीय, कविता अनुवाचन में दलाश क्लस्टर प्रथम, कोठी क्लस्टर द्वितीय, शतरंज में दलाश क्लस्टर प्रथम, कोठी क्लस्टर द्वितीय, कैरम एकल में आनी क्लस्टर प्रथम, चवाई क्लस्टर द्वितीय, कैरम युगल में खनाग क्लस्टर प्रथम, आनी क्लस्टर द्वितीय, एकल गान में चवाई प्रथम, कोठी क्लस्टर द्वितीय, एकल नृत्य में भटनीबाई क्लस्टर प्रथम, बुच्छैर क्लस्टर द्वितीय, समूह गान में डिगेड क्लस्टर प्रथम, भाटनीबाई क्लस्टर द्वितीय तथा समूह नृत्य/नाटी में अन्नि क्लस्टर प्रथम, कुंगश क्लस्टर द्वितीय स्थान पर रहा। प्राथमिक (1-3) में एकल गान में आनी क्लस्टर प्रथम, खनाग क्लस्टर द्वितीय, एकल नृत्य में तांदी क्लस्टर प्रथम, दलाश क्लस्टर द्वितीय, प्रथमिक (3-4) में एकल गण में आनी क्लस्टर प्रथम, भाटनीबाई द्वितीय, एकल नृत्य में खुन क्लस्टर प्रथम, बाहु द्वितीय, समूह गान में आनी क्लस्टर प्रथम, लुहरी क्लस्टर द्वितीय, समूह गान में आनी क्लस्टर प्रथम, तांदी द्वितीय, चित्रकला में बनाला क्लस्टर प्रथम, बुच्छैर क्लस्टर द्वितीय, प्रश्नोत्तरी में आनी क्लस्टर प्रथम, खून क्लस्टर द्वितीय, फैंसी ड्रेस में लंकागई क्लस्टर प्रथम, चवाई क्लस्टर द्वितीय, कुर्सी दौड़ में कुंगश क्लस्टर प्रथम, लगौटी क्लस्टर द्वितीय, चमच दौड़ में आनी क्लस्टर प्रथम, तांदी क्लस्टर द्वितीय, कविता अनुवाचन में तांदी क्लस्टर प्रथम, खनाग क्लस्टर द्वितीय स्थान पर रहा।

**परेशानी** बागवान आराध्य देवी-देवताओं से वर्षा के लिए आह्वान करने में लगे

# घाटी में मौसम के खुश्क मिजाज से कृषि और बागवानी संबंधी सभी कार्य ठप

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



फाइल फोटो।

इन दिनों जहां घाटी के किसान व बागवान अपने बागानों व खेतों में खुदाई व बिजाई के कार्य में व्यस्त रहता था, मगर मौसम के खुश्क मिजाज के कारण कृषि व बागवानी संबंधी सभी कार्य ठप हो गए हैं।

नवंबर के महीने में खेतों व बागानों में रासायनिक व जैविक खादों के डालने का कार्य चरम पर होता था, मगर मौसम की बेरूखी के आगे सभी नतमस्तक हो गए हैं। बागवान अपने बागानों में सेब पौधों के लिए गड्ढ़े बनाने के कार्य को तरजीह देते थे, मगर जमीन से नमी गायब होने से बागवान हाथ पर हाथ धरे बैठा है। घाटी का बागवान अपने आराध्य देवी-देवताओं से वर्षा के लिए आह्वान करने में लगा है, लेकिन मौसम का मिजाज जिस तरह से बना है उससे वर्षा के होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। हांलाकि घाटी में सूर्य की तेज तपिश ने दिन के समय वातावरण को गर्म कर दिया है, लेकिन सुबह, शाम ठंड की तासीर को बढ़ा दिया है। (अनंत ज्ञान)

### पहाड़ों से बर्फ गायब

**मौसम** के शुष्क रवैये से जहां यहां के पहाड़ों को लाल सुर्ख कर दिया है, जिससे चोटियों से कुदरत की सफेद चादर विलीन हो गई है। पिछले करीब डेढ़ महिने से खुष्क चल रहे मौसम से कृषि व बागवानी कार्य ठप पड़ गए हैं। एक महीने पहले बिछी बर्फ की चादर भी गायब हो गई है।

### गोबर और खाद भी सूखने की कगार पर

**बागवान** रूलदाराम, अनंतराम, खेखराम, लोकराज, धर्मचंद ने बताया कि उन्होंने अपने बागानों के एक छोर में गोबर की खाद को एकत्रित कर दिया है, मगर वर्षा न होने के कारण सेब के पौधों में नहीं डाल पाए हैं क्योंकि वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। दिन में तेज धूप के कारण गोबर की खाद भी बागानों में सूखना शुरू हो गई है, जिससे वह सख्त हो गई है।

### नए पौधे लगाने का काम भी रुका

**घाटी** में जिस तरह से खुश्की का माहौल बना है, उससे किसान व बागवान चिंता में हैं क्योंकि सेब की नई पौध को लगाने के सर्वप्रथम बागानों में गड्ढे बनाने का कार्य नवंबर के महीने से शुरू हो जाता था, लेकिन जिस तरह से मौसम का कुचक्र चल रहा है, उससे सारे कृषि व बागवानी कार्य वाधित हो गए हैं। वहीं, डेढ़ महीने पहले खेतों में लगाई गई प्याज व लहसुन की खेती भी खुश्की के कारण सूखने की कगार पर है, जिन क्षेत्रों में आसानी से सिंचाई करने की सुविधा है उन क्षेत्रों के लोग तो कुछ हद तक अपनी इन फसलों को बचा पा रहे हैं, लेकिन ऐसे क्षेत्र जहां की खेती इंद्र देवता के भरोसे है उन क्षेत्रों के किसान अपनी फसलों को बचाने में असमर्थ हो गए हैं। बहरहाल मौसम का खुश्क मिजाज किसानों व बागवानों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है।

## लोक संस्कृति को संजोए रखने की जरूरत : राजेश



राजेश शर्मा आईएस चांदनी के धार्मिक ऑडियो का लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद उपाध्यक्ष लाहौल-स्पीति राजेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति बहुत ही समृद्ध है और इसे संजोए रखने की जरूरत है।

हिमाचल में चाहे शिमला, सिरमौर, सोलन की बात की जाए या कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा की यहां की संस्कृति अलग ही महत्व रखती है, जिसके चलते यहां की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने की जरूरत है। हालांकि इस दिशा में लोक कलाकारों की अहम भूमिका रही है, जबकि लेखकों ने भी यहां की संस्कृति को अपने लेख और पुस्तकों में अहम स्थान दिया है। इसी कड़ी में लोक कलाकार आईएस चांदनी भी यहां की लोक संस्कृति को बचाने की दिशा में बेहतर प्रयास कर रही हैं। चांदी अपने लोकगीतों के माध्यम से यहां की समृद्ध संस्कृति को संजोने का प्रयास कर रही हैं। राजेश शर्मा आईएस चांदनी के धार्मिक ऑडियो का लोकार्पण कर रहे थे। कुल्लू के तलोगी स्थित चांदी म्यूजिक स्टूडियो में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान राजेश शर्मा ने चांदनी के राजा घेपना ऑडियो गीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस ऑडियो के वीडियो बनाने को लेकर वह उनका भरपूर सहयोग करेंगे।

इस मौके पर कलाकार आईएस चांदनी ने कहा कि यह गीत शमशेर सिंह ठाकुर द्वारा लिखा गया है और गीत लाहौल-स्पीति के अराध्य देवता राजा घेपन पर आधारित है और गीत में देव संस्कृति का व्याख्यायन किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह इसका वीडियो शूट करेंगे, ताकि देवता का यह भजन वीडियो के रूप में भी देखने को मिल सके। इस दौरान उनके साथ लेखक एवं शिक्षाविद्ध लेखराज ठाकुर, दयाल नेगी, पूजा शर्मा सहित कलाकार मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में 2 दिवसीय गो पाष्टमी पर्व की धूम

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के समीप स्थित श्री माता बालासुंदरी गो शाला में गो पाष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां दो दिनों तक गो पाष्टमी पर्व का आयोजन माता बालासुंदरी गौ शाला समिति की ओर से किया जा रहा है। गो पाष्टमी महोत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में दूर-दूर स्थान से लोग पहुंचे और यहां गो पूजन किया। इससे पहले यहां पर समिति की ओर से हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। मीडिया से बात करते हुए माता बालासुंदरी गो शाला समिति की उपाध्यक्ष डॉ. नीरू शबनम ने बताया कि हर साल गो पाष्टमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है और मंदिर न्यास त्रिलोकपुर के सौजन्य से इस गो शाला का संचालन किया जाता है। पिछले करीब 15 सालों से यहां गो पाष्टमी का पर्व मनाया जा रहा है और आज के दिन का विशेष महत्त्व रहता है। डॉ. नीरू शबनम ने बताया कि माता बाला सुंदरी गो शाला हिमाचल की एक मात्र आदर्श गो शाला है, जहां विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं और इससे अच्छी आमदनी भी गो शाला को हो रही है। वहीं, उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि गो सेवा के लिए हमेशा आगे आएं और पशुओं को बेसहारा बनाकर सड़कों पर न छोड़ें।

### स्वयंसेवियों की राष्ट्र निर्माण में योगदान बारे दी जानकारी

**नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिवपुर की एनएसएस इकाई द्वारा संचालित 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि रविंदर प्रकाश शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वयंसेवियों, कार्यक्रम अधिकारी व समस्त विद्यालय के शिक्षक एवं गैर शिक्षक सदस्यों ने मुख्याथिति का स्वागत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवियों की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा नेगी और विजय शर्मा ने इस शिविर की विस्तृत रूपरेखा के बारे में अवगत करवाया। यह शिविर 14 नवंबर तक विद्यालय कैंपस में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय परिसर व गोद लिए गांव अकालगढ़ में सौंदर्गीकरण, स्वच्छता संबंधी गतिविधियां व जागरूकता अभियान के अतिरिक्त स्वयंसेवियों के बौद्धिक और सामाजिक विकास संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर राजेंदर शर्मा अधीक्षक, धनबीर ठाकुर प्रवक्ता, हरीश खोड़ीयाल प्रवक्ता, नंदिनी भार्गव प्रवक्ता आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता 16 नवंबर से दभोटा में



**बीबीएन।** 50वीं जूनियर राजकीय कबड्डी प्रतियोगिता 16 नवंबर से नालागढ़ के दभोटा में होगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली हिमाचल प्रदेश की जूनियर लड़कियों की टीम को देश की प्रसिद्ध फार्मा कंपनी क्योरटेक ग्रुप ने गोद लिया है। 17 को जूनियर लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता होगी। दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला करेंगे। सुमित सिंगला ने बताया कि क्योरटेक ग्रुप ने हिमाचल प्रदेश की दिव्यांग क्रिकेट टीम को भी गोद लिया है। युवा नशे से दूर रहें इसके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। कबड्डी एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जा रही इस राजकीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों और खेल क्लब की 22 टीम हिस्सा लेने नालागढ़ के दभोटा में पहुंच रही हैं। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पद्मश्री अजय ठाकुर विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहुंच रहे हैं। कबड्डी एसोसिएशन सोलन के पदाधिकारियों ने बताया कि जूनियर लड़कियों और जूनियर लड़कों के खेल प्रदर्शन को देखने के पश्चात हिमाचल प्रदेश की जूनियर कबड्डी टीम का चयन किया जाएगा, जो कि 3 से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाली अंतर राज्य जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इसमें देश भर के राज्यों से कबड्डी टीम हिस्सा लेने पहुंच रही हैं।

### समिट इंडिया ट्रस्ट में केएल बने क्षेत्रीय समंवयक

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले की उपतहसील नारग के तहत आने वाले छोटे से गांव अजगा के सीनियर इंजीनियर केएल जुनेजा को समिट इंडिया ट्रस्ट हिमाचल चैप्टर का क्षेत्रीय समन्वय नियुक्त किया है। समिट इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम जाजू ने उनकी नियुक्ति की है। केएल जुनेजा को हिमाचल के विविध क्षेत्रों की गहरी समझ है और इससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने और राज्य के भीतर समिट इंडिया की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित होगी। इंजीनियर केएल जुनेजा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से अधीक्षण अभियंता के पद से 31 मार्च, 2022 को सेवानिवृत्त हुए हैं। समिट इंडिया टर्स्ट शिक्षा, उद्योग, इंजीनियर और मीडिया में प्रमुख हस्तियों की नियुक्ति कर अपने अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व परिषद को बढ़ाया है, जिससे वैश्विक शिक्षा और कौशल विकास पर भारत के प्रभाव को आगे बढ़ाने की इसकी प्रतिबद्धता को बल मिला है। ये नई नियुक्तियां समिट इंडिया के दृष्टिकोण को वैश्विक मानकों के साथ रेखांकित करने और इसके प्रभाव का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समिट इंडिया ने 2025 के लिए कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पहलों की योजना बनाई है, जिसमें नई दिल्ली में एक शिक्षा शिखर सम्मेलन भी शामिल है, जिसमें लगभग 24-25 देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।



### दृश्य कला में विशेष प्रदेश भर में पहले स्थान पर



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** समग्र शिक्षा शिमला की ओर से बिलासपुर के घुमारवीं में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव व रंगोत्सव के आयोजन में दृश्य कला में किन्नौर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल निचार के छात्र विशेष ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समन्वयक राज कपूर नेगी ने कहा कि इस प्रतियोगिता में किन्नौर से विभिन्न विद्यालयों से 21 बच्चों ने भाग लिया। इस उत्सव में 6 प्रतियोगिताएं रंगोत्सव व 6 प्रतियोगिताएं कला उत्सव में रखी गई थीं, जिसमें गायन, संगीत वाद्य यंत्र, नृत्य, ड्रामा, पारंपरिक कथा वाचन के अलावा चित्रकला, लेखन व रंगोली शामिल थी। कला उत्सव व रंगोत्सव बच्चों की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन व संपोषित करने का एक मंच है। किन्नौर के बच्चों ने भाग लेते हुए दृश्य कला में किन्नौर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल निचार के छात्र विशेष ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया व नृत्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। किसी भी जिले के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। छात्र विशेष को आगे जाकर राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का मौका मिलेगा। नेगी ने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे इनके मार्गदर्शक एवं शिक्षिका डॉ. रत्न कुमारी व शिक्षक वेद प्रकाश एवं अन्य विद्यालय के स्टाफ का बहुत बडा योगदान है। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में समन्यवक राजकपूर नेगी व अनुरक्षण में गायत्री देवी साथ थी।

### धार्मिक युवा क्लब करवाएगा वॉलीबाल प्रतियोगिता



**दाड़लाघाट।** शिव मंदिर दाड़लाघाट में धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने की। इस अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन से एचके शर्मा और मदन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्लब सचिव तनुज शुक्ला व आशीष गुप्ता ने बताया कि बैठक में धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित की जाने वाली वॉलीबाल प्रतियोगिता और छात्राओं की वॉलीबाल प्रतियोगिता पर विस्तार से चर्चा हुई। अंबुजा फाउंडेशन के अधिकारियों ने इस प्रतियोगिता में सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यह प्रतियोगिता नवंबर के अंतिम या दिसंबर के पहले सप्ताह में आयोजित की जाएगी। क्लब सदस्यों ने अंबुजा प्रबंधन से भविष्य में भी सहयोग करने का आग्रह किया। क्लब के सदस्यों ने निर्णय लिया कि आगामी दिनों में आयोजित किए जाने वाली प्रतियोगिता को लेकर एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाओं की समीक्षा व कार्यक्रम के बारे में बैठक आयोजित की जाएगी। धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स के अध्यक्ष चेतन ने कहा कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करने का एक प्रयास है। उन्होंने अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग के लिए आभार जताया। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि हमें खेल के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर मिला है। हम इस प्रतियोगिता के लिए पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स के सदस्यों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए।


# सोलन, सिरमौर व बिलासपुर में लहसुन बुआई को कश्मीरी बीज की मांग

## कश्मीरी लहसुन बीज में रोग प्रतिरोधकता के साथ अधिक उत्पादन की क्षमता

**आर मोहन चौहान, सोलन**

हिमाचल के जिला सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, मंडी और कुल्लू में पैदा होने वाले औषधीय गुणों से युक्त लहसुन की मांग देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी रहती है पर लहसुन बुआई का सीजन शुरू होते ही किसानों में उत्तम गुणवत्ता की बीज की मांग बढ़ जाती है।

इसी मांग को करने के लिए एपीएमपी सोलन के आढ़तियों ने किसानों की मांग को पूरा करने के लिए कश्मीरी लहसुन यानी पार्वती-82 के बीज को उपलब्ध करवाया है। हालही के वर्षों में पाया गया कि कश्मीर में पैदा होने वाले लहसुन का बीज हिमाचल में ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड जैसे राज्य में सामान्य से अधिक उत्पादन क्षमता रखता है। यही कारण है कि साल दर साल कश्मीरी लहसुन के बीज की मांग बढ़ती जा रही है। सोलन सब्जी मंडी में इन दिनों कश्मीर से लहसुन बीज पहुंच रहा है। यहां पर सोलन सहित सिरमौर, बिलासपुर, मंडी और कुल्लू जिलों के अलावा उत्तराखंड के किसान कश्मीरी लहसुन बीज के मुंह मांगे दाम देने को तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)



### 250 से 280 रुपए प्रति किलो पहुंचे दाम



**पिछले** वर्ष सोलन सब्जी मंडी में कश्मीरी लहसुन के बीज के दाम 120 से 150 रुपए प्रति किलो थे, जो कि इस वर्ष इसी बीज के दाम 250 से 280 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं। कश्मीरी लहसुन बीज की उत्पादक क्षमता को देखते हुए किसानों ने भी सोलन सब्जी मंडी से कश्मीरी लहसुन बीज की मांग की है। ट्रेडिंग कंपनी के लहसुन कारोबारी सुनील ठाकुर का कहना है कि कश्मीरी लहसुन में रोग प्रतिरोधकता के साथ सामान्य लहसुन से 4 से 5 गुणा अधिक फसल मिलती है। यह कारण है कि अधिकतर किसान कश्मीरी लहसुन बीज का ही उत्पादन करना चाहते हैं। कश्मीरी लहसुन बीज की मांग इसलिए भी बढ़ी है कि क्योंकि हिमाचल सहित उत्तराखंड में इसकी रोपाई शुरू हो चुकी है।

### कश्मीर में बर्फ में तीन से चार महीने ढक जाती है फसल

**लहसुन** बीज में रोग प्रतिरोधकता अधिक कश्मीर में आमतौर पर लहसुन की फसल तीन से चार महीने बर्फ से ढकी रहती है। इससे कई प्रकार की बीमारियां समाप्त हो जाती हैं और इसकी गुणवत्ता भी अच्छी होती है, जबकि हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में पैदा होने वाले लहसुन में कई प्रकार के पेस्टिसाइड्स मिले होने के चलते उत्पादन क्षमता में कमी आती है। यही कारण है कि कश्मीरी लहसुन बीज की मांग प्रदेश में ही नहीं, बल्कि अन्य राज्य में भी चल रही है। सोलन सब्जी मंडी के आढ़ती पदम पुंडीर का कहना है कि इन दिनों कश्मीर से लहसुन का बीज सब्जी मंडी पहुंच रहा है। मांग होने के चलते इसके दामों में पिछले साल के मुकाबले वृद्धि जरूर हुई है पर किसानों को लहसुन की पैदावार के भी अच्छे दाम मिले हैं। यही कारण है कि किसान अब लहसुन की पैदावार की तरफ अधिक रुझान कर रहे हैं।

## इल्मा अफरोज पर सुक्खू सरकार की सियासी दबाव की चोट : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता सोलन शैलेंद्र ने आरोप लगाया है कि बीबीएन में खनन और भू माफिया पर नकेल कसने की हिम्मत करने वाली आईपीएस इल्मा अफरोज सुक्खू सरकार के नेताओं की घटिया सियासत का शिकार हो गई।

बीबीएन में अवैध खनन के आरोपों पर विधायक के परिवार के वाहनों के चालान काटकर कानून सबके लिए एक समान है, उसका बेमिसाल उदाहरण पेश करना हो या सरेराह गोलियां चलाकर कबाड़ कारोबारी को धमकाने के नाटक का पर्दाफाश करना, इल्मा ने हर चुनौती में हिमाचल पुलिस और अपनी काबिलियत का सराहनीय उदाहरण दिया है, लेकिन सरकार की आड़ में गुंडागर्दी का आतंक फैलाने वाले कुछ रसूखदारों को यह रास नहीं आया। आखिर घटिया राजनीति करने वालों ने क्या ऐसा दबाव बनाया कि बद्दी की पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज बुधवार रात शिमला से लौटने के बाद वीरवार को मां के साथ लंबी छुट्टी पर मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) रवाना हो गई। गुप्ता ने कहा कि मीडिया के अनुसार इल्मा सात व आठ नवंबर को राज्य सचिवालय शिमला में होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारियों में जुटी थीं। बुधवार को वह इसी सिलसिले में शिमला पहुंची थीं। इस दौरान उनकी मुलाकात सरकार के नेताओं व पुलिस विभाग के आलाधिकारियों के साथ आखिर क्या बात हुई कि पुलिस अधीक्षक रात को ही वापस बद्दी पहुंचीं और देर रात ही आवास से सारा सामान समेट लिया। यह पूरी घटना प्रदेश में चारों ओर से नाकाम सुक्खू सरकार की अनुमति कार्यशैली का उदाहरण नहीं तो ओर क्या है। शैलेंद्र ने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि इसके बाद से उनका दून के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव के साथ टकराव चल रहा था। 15 अगस्त को कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के नहीं पहुंचने पर विधायक नाराज हो गए थे। उसके बाद जब उद्योग मंत्री का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दौरा था, तो उस दौरान विधायक वहां नहीं गए। उसके कुछ समय बाद बद्दी पुलिस ने अवैध खनन मामले में विधायक के परिवार के लोगों के वाहनों का चालान भी किया था।



# साई इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

साई इंटरनेशनल स्कूल सोलन ने रविवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इसमें छात्रों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही।

वार्षिक समारोह में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक जिला सोलन शिव कुमार शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने क्लासिकल, वेस्टर्न, पहाड़ी नाटी और भांगड़ा की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसी तरह कराटे के प्रदर्शन ने सभी को चकित कर दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी नाटी डाल कर रौनक बढ़ाई। एमडी रमिंद्र बावा ने मुख्यातिथि सहित वशिष्ट अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत कर स्कूल की गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं, मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके जीवन में कड़ी मेहनत कर अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी।





साई इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में कराटे का प्रदर्शन करते हुए (दाएं) वार्षिक समारोह में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

## साउथवेल स्कूल सोलन ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

# मेधावी छात्रों को किया सम्मानित






साउथवेल स्कूल सोलन में आयोजित वार्षिक समारोह में पहाड़ी नाटी डालते छात्र (दाएं) कराटे का प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

साउथवेल स्कूल सोलन ने रविवार को वार्षिक दिवस व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया।

इसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देश-विदेश और प्रदेश के गीत-संगीत और नृत्य से अतिथियों और अभिभावकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में एडीसी अजय यादव मुख्यातिथि और शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. पीके खोसला वशिष्ठातिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पहाड़ी नाटी, वेस्टर्न डांस और कराटे का प्रदर्शन रहा। वशिष्ठातिथि प्रो. पीके खोसला ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले स्कूल एमडी रेशभ चोपड़ा ने स्कूल की गतिविधयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक राजीव चौपड़ा, स्निग्धा चोपड़ा और शशि जुल्का, प्रिंसिपल, स्कूल स्टाफ और अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 11 से 13 तक मनाया जाएगा एकादशी मेला

**राजगढ़।** उपतहसील पझौता के लेऊनाना में आगामी 11 से 13 नवंबर तक एकादशी मेले का आयोजन किया जाएगा। रूद्र महाराज के नाम पर लगने वाले प्राचीन एवं धार्मिक एकादशी मेला लेऊनाना के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मेले का शुभारंभ रूद्र महाराज की पारंपरिक पूजा के साथ व देवता महाराज के बड़े मंदिर से छोटे मंदिर के आगमन के साथ होगा। मेले में सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन होगा, जिसमें प्रदीप शर्मा व अन्य कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इस मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए सिंहटू नृत्य भी आयोजित होगा। इसके साथ-साथ 13 को मेले का समापन विधायक रीना कश्यप द्वारा किया जाएगा। यह मेला इस क्षेत्र का सबसे प्राचीन देव परंपरा का मेला है। यहां कालांतर से सिंहटू नृत्य का आयोजन देव परंपरा निभाने के लिए किया जाता रहा है। आज यह नृत्य विश्व भर में प्रसिद्ध हो गया है।

## बाल मेले में 200 स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

**भावना शांडिल, सोलन**

राजकीय प्रारंभिक पाठशाला पुंजविला में खंड स्तरीय बाल मेला प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी सोलन हरी राम चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा उपनिदेशक जगदीश नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उनके साथ रंजना नैयर बीईईओ इंस्पेक्शन, एमडी चौहान एचएम इंस्पेक्शन, करतार सिंह अधीक्षक रावमा पाठशाला गूगाघाट बतौर विशिष्टातिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सोलन खंड के 66 प्राथमिक पाठशालाओं में से लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये विद्यार्थी खंड की 12 केंद्र पाठशालाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इन बच्चों ने एकल नृत्य, एकल गान, समूहगान, समूहनृत्य, भाषण एकाकी, फैंसीड्रैस, प्रशनोतरी, चैस, कैरम चित्रकला, कुर्सी दौड़, चमच्च रेस आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शिक्षा उपनिदेशक जगदीश नेगी ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और उपस्थित शिक्षकों का बच्चों के शिक्षण स्तर में सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। साथ ही खंड के शिक्षकों का एनएएस राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 में बच्चों के प्रदर्शन को सुधारने के लिए दिशा-निर्देश व शुभकामनाएं दीं। सभी शिक्षकों के इस बारे में प्रयासों को सहारा गया। नेगी ने प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी सोलन हरी राम चंदेल को इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन करने के लिए प्रशंसा की।



इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्रों का जिला स्तर बाल मेले के लिए चयन किया गया, जिला स्तर बाल मेला रावमा पाठशाला अर्की में 13-14 नवंबर को होगा। चयनित स्टूडेंट्स उपरोक्त तिथियों में जिला स्तरीय बाल मेले में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## श्री रेणुकाजी मेले की सुरक्षा का जिम्मा 450 जवानों पर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

श्रीरेणुकाजी में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मेले में इस बार भी सुरक्षा का जिम्मा 450 जवानों को सौंपा गया है। इनमें 275 पुलिसकर्मी और 175 होम गार्ड के जवान शामिल हैं।



डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल के नेतृत्व में 4 सेक्टर में अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगे। मेला स्थल को तीन सेक्टर में बांटा गया है और ट्रैफिक इंचार्ज को लगाकर कुल 4 एनजीओ स्तर के सेक्टर ऑफिसर तैनात रहेंगे। गाड़ियों की पार्किंग पहले की तरह ददाहू में गिरि के समीप नदी में ही रहेगी। गलत जगह खड़े पाए गए वाहनों के चालान किए जाएंगे। मेले में चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बम निरोधक दस्ता तैनात किया गया है और क्यूआरटी भी तैनात रहेगी। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में जहां हर साल करीब 1400 जवान तैनात रहते हैं। वहीं, श्रीरेणुका जी में महज 450 पुलिस व होमगार्ड के जवानों की नियुक्ति की जाती है।

## नवभारत युवा संघ ने नाहन मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नवभारत युवा संघ ने डॉ. वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन को शिफ्ट करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करना ऐसे समय में उचित नहीं है क्योंकि निर्माण कार्य पर भारी भरकम राशि खर्च की जा चुकी है।

नवभारत युवा संघ के जिला अध्यक्ष आदित्य शर्मा नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय कांग्रेस विधायक द्वारा मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने की बात की जा रही है, जो उचित नहीं है। मौजूदा समय में जिस स्थान पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है, वहां

### बोले-मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करना न्यायसंगत नहीं

इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च हो चुकी है। यदि नए सिरे से दूसरे स्थान पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाता है, तो यहां मेडिकल कॉलेज निर्माण करने के लिए विभिन्न प्रकार की औपचारिकताएं पूरी करने पर ही लंबा समय लग जाएगा। मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए जो राशि प्रदेश सरकार की तरफ से मिलनी चाहिए थी, वह जारी नहीं हो पाई है, ऐसे में विधायक को उस राशि को जारी करवाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

## बीडीओ धर्मपुर ने कोट बेजा पंचायत के विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली धर्मपुर विकास खंड के तहत आने वाली पंचायत कोट बेजा में खंड विकास अधिकारी धर्मपुर प्रवीण कुमार तकनीकी स्टाफ के साथ पहुंचे।

पंचायत कार्यालय पुहंचने पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्यों ने स्वागत किया व पंचयात में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी विकास खंड अधिकारी को प्रदान की। उन्होंने पंचायत में मनरेगा योजना के तहत हो रहे सार्वजनिक, व्यक्तिगत विकास कार्यों को करवाने के लिए पंचायत की प्रशंसा की तथा पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं को भी अधिकारी ने गंभीरता से सुना। पंचायत प्रधान किरण ने कहा कि



पंचायत कोट बेजा पहुंचे खंड विकास खंड अधिकारी धर्मपुर प्रवीण कुमार।

पंचायत में जनरल कार्य बहुत पहले हो चुके हैं, लेकिन उनकी पेमेंट नहीं हो रही है, जिस पर अधिकारी ने तकनीकी स्टाफ से जानकारी ली व जल्द पेमेंट करने के आदेश दिए। करीब कुछ दिन पहले पंचायत में कार्यभार संभाले सचिव ने भी अपनी समस्या को अधिकारी के सामने रखा, जिस पर यहां पर पूर्व में कार्यरत सचिव को खंड विकास अधिकारी ने दूरभाष पर आग्रह किया कि वे दो दिन वर्तमान पंचायत सचिव के साथ बैठकर मसले को हल करें।

मासिक बैठक होने पर पंचायत में स्थानीय जनता की समस्याओं को भी खंड विकास अधिकारी ने गंभीरता से सुना, जिसमें मदन गोपाल, पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे गांव में मनरेगा योजना के तहत एक वर्ष पूर्व हुए सार्वजनिक कार्यों के एस्टिमेट नहीं बन रहे हैं, जबकि पंचायत ने सारे दस्तावेज तकनीकी स्टाफ को दे दिए हैं। पंचयात में पिछले महीनों से नेट सुविधा बिल न जमा करवाने का मुद्दा भी अधिकारी के सामने आया, जिस पर उन्होंने जल्द बिल जमा करवाने के आदेश दिए, ताकि पंचयात के कार्य करवाने के लिए इधर-उधर न जाना पड़े। विकास खंड अधिकारी ने जामली वार्ड में तकनीकी स्टाफ, सचिव के साथ जाकर कार्य का निरीक्षण किया व कार्य को संतोषजनक पाया।

**समापन** विशाल दंगल व गिरि नदी में पावन स्नान के साथ धूमधाम से मनाया गया चार दिवसीय मेला पंचमी मेला झंडा जी संपन्न

# मंडी के मुकेश ने बिलासपुर के शुभम को हराकर जीती माली

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

चार दिवसीय मेला पंचमी झंडा जी विशाल दंगल व गिरि नदी के स्नान के साथ संपन्न हो गया। गिरि नदी के तट पर लगने वाले इस मेले का इतिहास लगभग डेढ़ सौ साल पुराना बताया जाता है।

इस मेले के समापन पर सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की उन्होंने मेले में आए लोगों को बधाई दी और उन्हें लगातार दूसरी बार सांसद बनाने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया।



मेले के समापन अवसर पर पहुंचे सांसद सुरेश कश्यप।

उन्होंने कहा कि वह भी इस गुरु गद्दी को मानने वाले हैं और आज तक जो कुछ उपलब्धियां उन्हें हासिल हुईं। वह गुरु की कृपा से ही संभव हुआ है। वह क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्प हैं। उनके कार्यकाल में हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है और बनेठी- बागथन-चंदोल सड़क पर 42 करोड़ खर्च कर इसकी दशा में सुधार किया गया है।

उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को भी सलाह दी कि हम सभी लोग दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट हों। उन्होंने मेला समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की सनौरा-मिनस सड़क को नेशनल हाईवे बनाने व चौकी में किचनशेड बनाने की मांग पर कहा कि वह जल्द केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर सनौरा-मिनस मार्ग को नेशनल हाईवे बनाने का आग्रह करेंगे, उन्होंने किचनशेड निर्माण के लिए छह लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक रीना कश्यप अस्वस्थ होने के कारण मेले में नहीं आ पाई, उन्होंने मेला समिति को 51 हजार रुपए विधायक ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की। इससे पूर्व सांसद ने चौकी में वर्तमान में विराजमान वरूण झल्लाजी के पास माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजित विशाल दंगल में मंडी के मुकेश धवल ने बिलासपुर के शुभम को हराकर माली जीती। विजेता मुकेश को 21 हजार रुपए नकद व उपविजेता शुभम को 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मेलाराम शर्मा, प्रताप ठाकुर, राजपाल ठाकुर, नीरज चौधरी, जय प्रकाश चौहान, प्रमोद पुंडीर, कांग्रेसी नेता सुंदर सिंह ठाकुर, नरेंद्र शर्मा, हरदेव राणा, रामलाल, प्रताप ठाकुर सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## 467 दिव्यांगों को लगाए कृत्रिम अंग




**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** उदयपुर स्थित नारायण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को फिरोजपुर रोड स्थित सरताज पैलेस में नारायण लिम्ब एंड कैलिपर्स फिटमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रदेश के 467 से भी अधिक दिव्यांगों को अपर-लोअर आर्टिफिशियल लिंब अंग और कैलिपर्स लगाये गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पंजाब रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव शिवदुलार ढिल्लों ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसी सेवाओं से दिव्यांगों की जिंदगी ही नहीं बदल रही बल्कि समाज को भी कुछ भी नेक करने के लिए प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने संस्थान को ऐसे प्रोजेक्टों के लिए हर तरह से मदद का भरोसा दिलवाया। कैंप जेआरएस ईस्टमैन समूह ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित करवाने में अपना योगदान दिया था। इससे पूर्व संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवान ने मंच पर आसीन अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की एक मुट्ठी आटे से अब तक की सेवाओं के सफर से अवगत करवाया। समारोह के दौरान कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की ओर फुटबॉल व बैडमिंटन भी खेला। दिव्यांगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा कृत्रिम उपकरणों के उपयोग व रखरखाव की ट्रेनिंग भी दी गई। कैंप के दौरान 263 लोअर लिंब, 46 अपर लिंब, 20 मल्टीपल लिंब और 138 कैलिपर्स लगाए गए। संस्थान की 80 लोगों की टीम ने सेवाएं दी।

## एक शाम-गढ़ संगीत के नाम का आयोजन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गढवाल सभा, चंडीगढ़ ने आज उतराखंड राज्य की स्थापना के अवसर पर गढ़वाल भवन, सेक्टर 29 में रंगारंग कार्यक्रम एक शाम-गढ़ संगीत के नाम का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय लोक कलाकारों मीमांसा नेगी, विद्या शाह, आशु, ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अनूप बमोला, क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी गिरवर जांगिड़ ने दीप प्रज्वलित करके आरम्भ किया। सभा के महासचिव बीरेंदर सिंह कंडारी ने बताया कि इस मौके पर उतराखंड की बेटी रितु बिष्ट, जिन्हें मेरिट के आधार पर गवर्नमेंट कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 32 में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में प्रवेश मिला, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पहले उतराखंड के शहीदों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मोन धारण किया गया और शहीदों को याद किया गया।

# पंजाब सीमा पर जब्त ड्रोन की संख्या दोगुनी हुई : बीएसएफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने कहा कि पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन जब्त करने के मामलों की संख्या दोगुनी होकर 200 हो गई है और पाकिस्तानी गिरोह युवाओं में नशे की आदत डालकर तथा सामाजिक सौहार्द 'बिगाड़कर' भारत को ''अस्थिर'' करने के लिए मादक पदार्थ एवं हथियार भेजने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।



बीएसएफ ने जारी एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटे में चार और ड्रोन बरामद होने के साथ ही सीमा पर जब्त किए गए पाकिस्तानी ड्रोन की संख्या 200 से अधिक हो गई है। बीएसएफ भारत के पश्चिम छोर पर 2,290 किलोमीटर लंबी सीमा की रक्षा करती है जिसमें से 553 किलोमीटर की सीमा पंजाब से लगती है। अंतरराष्ट्रीय सीमा जम्मू कश्मीर में जम्मू, राजस्थान और गुजरात से भी गुजरती है।

बीएसएफ ने 2023 में पंजाब सीमा पर कुल 107 ड्रोन जब्त किए थे।

सुरक्षा बल ने कहा कि इस साल जब्त ड्रोन की संख्या दोगुनी होना यह दर्शाता है कि बीएसएफ की ड्रोन रोधी रणनीतियां मजबूत हुई हैं और सीमा पर उन्नत तकनीकी उपाय लागू किए गए हैं।

बीएसएफ के अनुसार, उसने ड्रोन रोधी सटीक अभ्यास किए हैं जिससे पाकिस्तानी मादक पदार्थ गिरोहों को बड़ा झटका लगा है जो युवा पीढ़ी में नशे की लत लगवाकर और सामाजिक सौहार्द 'बिगाड़कर' भारत को ''अस्थिर'' करने के उद्देश्य से भारतीय क्षेत्र में मादक पदार्थ तथा हथियारों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल जब्त किए 200 से अधिक ड्रोन में मानवर हित वायु यान शामिल है जिसे उसके सैनिकों ने राइफल की मदद से मार गिराया है, ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से उड़ान भरने से रोका गया है और खुफिया सूचना या स्थानीय निवासियों द्वारा उपलब्ध करायी सूचना के आधार पर खेतों में पड़े बरामद किया है।

अधिकारी ने बताया कि लगभग ये सभी ड्रोन चीन निर्मित हैं और इसमें मादक पदार्थ, छोटे हथियार तथा गोला बारुद पाए गए हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा इनमें मादक पदार्थ की खेप पायी गयी है।

पंजाब सीमा पर 2019-20 के आसपास शुरू हुई ड्रोन समस्या पंजाब में अमृतसर और तरन तारन सीमावर्ती जिलों में काफी ज्यादा है।

बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी सीमा से पंजाब में सभी मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए भेजे जा रहे हैं जबकि पहले पाकिस्तानी सीमा से पाइप के जरिए भू-मार्ग से भेजे जाते थे।

## बदलाव के नाम पर पंजाब के साथ हुई धोखाधड़ी : तरुण चुग



**अनंत ज्ञान, गिद्दड़बाहा**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और पंजाब उपचुनाव में स्टार प्रचारक तरुण चुग ने गिद्दड़बाहा में एक व्यापर मंडल की सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा की पिछले 2.5 वर्षो से पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी से निराश और बदहाल है, केजरीवाल ने जनता से बदलाव लाने का वादा किया था, लेकिन पंजाब के साथ सिर्फ वादाखिलाफी और धोखाधड़ी की गई।

चुग ने गिद्दड़बाहा में भाजपा प्रत्याशी मनप्रीत सिंह बादल के समर्थन में कहा की 1995 में भी कांग्रेस पार्टी के चालीस मंत्रियों की फौज लगाने के बाद भी जनता ने मनप्रीत सिंह बदल को जिताया था, ठीक वैसा ही आज भगवंत मान और आम आदमी पार्टी ने अपने मंत्रियों के कुनबे को यहां भेजा है, लेकिन हमे पूरा विश्वास है की जनता फिर से मनप्रीत को जीताएगी।

चुग ने कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की और से 41,000 से अधिक रुपए चावल उठाने के लिए के लिए पंजाब भेजे थे, लेकिन भगवंत मान की नालायकी और कुप्रबंधन के कारण केंद्र के भेजे पैसों का इस्तेमाल नहीं हुआ, जिसका नतीजा आज किसान भाई और राईस शेलर दोनों ही परेशान हैं।

## संपत्ति सृजनकर्ताओं पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए : धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि वाणिज्य और व्यवसाय से जुड़े लोगों पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि वे ही नौकरी और संपत्ति के सृजनकर्ता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद का सिद्धांत कुछ व्यक्तियों के वित्तीय लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है।



धनखड़ ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा इस बात की वकालत की है कि व्यापार, वाणिज्य, उद्योग से जुड़े लोगों पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए। उन्हें समाज में सम्मान मिलना चाहिए। उपराष्ट्रपति का मानना है कि यह वर्ग नौकरी और संपत्ति का सृजन करता है और सामाजिक सद्भाव में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि वे अर्थव्यवस्था के चालक हैं। उन्होंने इस देश में समाज को कुछ वापस देने की कला सीखी है। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भी उद्यमियों का योगदान रहा है। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि अनावश्यक आयात पर अंकुश लगाना चाहिए।

## रूस ने उत्तर कोरिया के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि में संशोधन किया

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के साथ द्विपक्षीय संधि के अनुमोदन के लिए कानून पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें किसी भी देश पर हमला होने पर पारस्परिक सैन्य सहायता का वादा भी शामिल है। पुतिन ने शनिवार को मास्को और प्योंगयांग के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि के अनुसमर्थन संबंधी कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। पुतिन ने इस वर्ष जून में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की उत्तर कोरिया यात्रा के दौरान उनके साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और पुतिन ने इसे 15 अक्टूबर को अनुमोदन के लिए रूसी स्टेट ड्यूमा के समक्ष प्रस्तुत किया था। रूसी संसद के निचले और ऊपरी सदनों ने पहले ही अनुमोदन के लिए विधेयक को मंजूरी दे दी थी।

## गोपाष्टमी महोत्सव : मात-पिता गोधाम महातीर्थ में 2000 देसी घी के दीपक जलाए

**जगदीश शर्मा, मोहाली**

मोहाली जिले में बनूड़ अंबाला रोड स्थित मात-पिता गोधाम महातीर्थ में गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर के दौरान भक्तों द्वारा 2000 से अधिक देसी घी के दीपक जलाए गये ।

मात-पिता गोधाम महातीर्थ के मुख्य प्रबंधक गोचर दास ज्ञान ने कहा कि इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान सुबह से रात्रि तक गोमाता का पूजन किया गया। यजमान पूजन सुबह नौ बजे से दस बजे तक हुआ। नंदिनी गौ महायज्ञ व पूर्णाहुति सुबह दस बजे से बारह बजे तक हुआ। गौ माताओं का




गुणगान व संकीर्तन तीन बजे से सात बजे तक व गौ माताओं की भव्य आरती शाम सात बजे हुई। उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

इस मौक पर मुख्य अतिथि नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार लोक नेता श्रीपद येसो नाइक, विशिष्ट अतिथि संस्कृति उपासक डॉ. गोविंद जी काले और विशेष अतिथि इंडिपेंडेंट डायरेक्टर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड डॉ. दिव्या गुप्ता व पूर्व भारतीय क्रिकेटर देवाशीष निलोसे मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## सीओपी 29 सम्मेलन में नहीं जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी सीओपी 29) में भारत जलवायु वित्त, जवाबदेही और कमजोर समुदायों को संरक्षण के मुद्दे पर फोकस करेगा। अजरबैजान के बाकू में होने जा रहे इस सम्मेलन में दुनियाभर के नेता और पर्यावरणविदों को शामिल होने की उम्मीद है। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी अनुपस्थित रह सकते हैं। भारत के 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय पर्यावरण और वन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे।

## बाइडेन ने ट्रंप को बैठक के लिए आमंत्रित किया



**वाशिंगटन।** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 13 नवंबर को व्हाइट हाउस में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। इस बैठक के बाद औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद का हस्तांतरण करने की प्रक्रिया शुरू होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन के निमंत्रण पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे ओवल ऑफिस में उनसे मुलाकात करेंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के बीच यह बैठक औपचारिक होती है और यह दशकों पुरानी परंपरा है। बैठक आम तौर पर 'ओवल ऑफिस' में होती है, जिसके दौरान निवर्तमान राष्ट्रपति अपने उत्तराधिकारी को देश के मुख्य एजेंडे के बारे में जानकारी देते हैं।

## कांग्रेस के 5 बार के विधायक 'आप' में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के दल बदलने का दौर जारी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को झटका लगा है। पांच बार के सीलमपुर से कांग्रेस विधायक रहे चौधरी मतीन अहमद रविवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मतीन के घर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल करवाया। इस दौरान मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद रहे। केजरीवाल खुद मतीन के घर पहुंचे।

## तमिल अभिनेता 'दिल्ली' गणेश का निधन



**चेन्नई।** प्रख्यात तमिल अभिनेता 'दिल्ली' गणेश का बीमारी के कारण शनिवार देर रात को निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। अभिनेता के बेटे महा दिल्ली गणेश ने पत्रकारों को बताया कि उनके पिता को उम्र संबंधी बीमारियां थीं और उनका उपचार हो रहा था। उन्होंने कहा कि गत रात्रि जब हमने उन्हें दवा देने की कोशिश की तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। एक चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि की।

देश-विदेश

## मेक्सिको में अंधाधुंध फायरिंग, 10 की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको**



**मध्य** मेक्सिको में बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग की, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य लोग घायल हो गए हैं। यह घटना उस समय हुई जब हमलावरों ने एक पिकअप ट्रक में सवार होकर बार लोस कान्तरितोस पर हमला किया और राइफलों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। यह हमला उस समय हुआ, जब लोग बार में आपस में बातचीत कर रहे थे और मस्ती कर रहे थे। हमलावरों ने अपनी कार को बार के पास रोका और फिर ट्रक से उतरकर बिना किसी चेतावनी के अंदर घुस गए। वहां उन्होंने पहले तो लोगों पर गोलीबारी शुरू की और फिर मौके से फरार हो गए. इस हमले में बार में बैठे 10 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## इसराइल बेरूत पर हमला, 40 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

**लेबनान** पर इसराइल का हमला जारी है। बेरूत शहर पर एक हमले में 40 लोगों की मौत हो गई। इसराइल की तरफ से हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस हमले में 40 लोगों की मौत हो गयी।

इसराइली सेना ने पहले शहर के कई हिस्सों को खाली करने का आदेश दिया था। वहीं, हूती विद्रोहियों ने इसराइल के नेवातिम एयरबेस को एक 'बैलिस्टिक मिसाइल' से निशाना बनाने का दावा किया। इसके अलावा ग्रुप की ओर से कहा गया कि उसने यमन के अल-जौफ प्रांत के ऊपर एक अमेरिकी 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया है।



### कतर ने गाजा मुद्दे पर मध्यस्थता के अपने प्रयासों पर रोक लगाई

**गाजा पट्टी।** कतर ने गाजा में संघर्षविराम समझौते पर प्रगति न होने के कारण हमास और इसराइल के बीच मध्यस्थता के अपने महत्वपूर्ण प्रयासों को समाप्त कर रहा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कतर में रह रहे हमास के शेष नेतृत्व को वहां से जाना होगा या वे कहां जाएंगे। मिस्र के एक अधिकारी के अनुसार, यदि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के लिए गंभीर राजनीतिक इच्छा दिखाते हैं, तो कतर के मध्यस्थता प्रयासों के फिर से शुरू होने की पूरी संभावना है।

### इसराइल की उत्तरी गाजा में एयर स्ट्राइक 17 की गई जान

**दीर अल बलाह।** इसराइल ने रविवार को उत्तरी गाजा के एक शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर किए गए हमले में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल के निदेशक डॉ. फदल नईम ने बताया कि मृतकों में नौ महिलाएं शामिल हैं तथा मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि जबालिया के शहरी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में इन लोगों की मौत हुई, जहां इसराइल एक महीने से अधिक समय से हमले कर रहा है। हमले को लेकर इसराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## भारत के स्टील निर्यात 11 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** का स्टील निर्यात इस साल अक्तूबर में सितंबर के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ा है, जो दिखाता है कि इस सेक्टर के आउटलुक में सुधार हो रहा है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय की ओर से जारी किए गए डेटा से मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अक्तूबर में भारत की ओर से 4.4 मिलियन टन स्टील का निर्यात किया गया है, जो कि सितंबर में 4 मिलियन टन था। आयात में गिरावट आई है, जिससे घरेलू स्टील कंपनियों को तीसरी तिमाही में अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमत पाने में मदद मिलेगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में पहली बार इस महीने के दौरान आयात धीमा हो गया क्योंकि सरकार ने वियतनाम जैसे देशों से आने वाले खराब गुणवत्ता वाले स्टील पर प्रतिबंध लगा दिया।

## दिल्ली में प्रदूषण स्तर में नहीं कोई सुधार, वायु गुणवत्ता खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' में श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 334 रहा।

अलीपुर, आनंद विहार, जहांगीरपुरी, रोहिणी और बवाना सहित कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। रविवार



सुबह न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से एक डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 91 प्रतिशत था। इसने सुबह के समय आसमान साफ रहने की बात कही और शाम तथा रात में धुंध छाने की आशंका जताई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की परत छाई रहने और सुबह नौ बजे औसत एक्यूआई 358 होने के साथ वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की आशंका है।

## निकी हेली और माइक पोम्पियो को नई अमेरिका सरकार में नहीं मिलेगा मंत्री पद

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पूर्व राजदूत निक्की हेली और और पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो को उनकी नई सरकार में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है।



दरअसल ट्रंप समर्थकों का कहना है कि माइक पोम्पियो ने चुनाव अभियान के दौरान पर्याप्त प्रचार नहीं किया और न ही उन्होंने प्रचार अभियान के दौरान मदद की।

डोनाल्ड ट्रंप ने खुद किया इनकार

डोनाल्ड ट्रंप (78 वर्षीय) को संयुक्त राज्य अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति चुना गया है। उन्होंने 5 नवंबर को हुए चुनाव में 60 वर्षीय उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराया। पहले कार्यकाल में, ट्रंप ने 20 जनवरी, 2017 से 20 जनवरी, 2021 तक 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। चुनाव नतीजों के बाद सभी की निगाहें ट्रंप प्रशासन की नई संभावित टीम पर टिकी हैं। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदार रहीं निकी हेली के ट्रंप की नई सरकार में कोई अहम पद मिलने की



संभावना था, लेकिन अब खुद ट्रंप ने इस संभावना को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पूर्व राजदूत निक्की हेली या पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो को ट्रम्प प्रशासन में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं करूंगा। हालांकि, ट्रंप ने दोनों नेताओं को पूर्व के कार्यकाल में उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया।

## झारखंड और महाराष्ट्र में बनेगी एनडीए की सरकार : चिराग

**एजेंसी, पटना**

**झारखंड,** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और कई राज्यों की कुछ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए ए प्रचार जारी है। इस बीच रविवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि झारखंड और महाराष्ट्र में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में हो रहे उपचुनाव में भी एनडीए के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।




झारखंड में जो माहौल है, वह भाजपा और एनडीए के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड में चुनावी रैलियां करने जा रहे हैं। इस पर चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव में अपनी भूमिका को शत-प्रतिशत निभाने में विश्वास रखते हैं और वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। पहले लोग मानते थे कि कई राज्यों में एनडीए या भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन राज्यों में भी सरकार बन रही है। हमारे सामने सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा है। झारखंड में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभाएं हैं और आगे महाराष्ट्र में भी चुनावी सभाएं होनी हैं। यह हमारे विश्वास को मजबूत करती है कि 23 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

### महाराष्ट्र चुनाव : एमवीए का घोषणापत्र जारी, पांच गारंटियां दीं

## किसानों का 3 लाख तक कर्ज होगा माफ

**एजेंसी, मुंबई**

**भाजपा** के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र 'महाराष्ट्रनामा' जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाविकास अघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल और अन्य नेता भी मौजूद रहे।



खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है। हम यहां महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाएंगे, तभी राज्य प्रगति करेगा। किसान, महिला, युवा समेत प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा। खड़गे ने घोषणापत्र के जरिए महाराष्ट्र की जनता को 5 गारंटी दी। जिसमें महिलाओं को 'महालक्ष्मी' के तहत 3 हजार देने का ऐलान किया है। वहीं किसानों को 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ और कुटुंब रक्षा के तहत 25 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की है। इसके साथ ही एमवीए ने जातिगत जनगणना का वादा भी किया है। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा देने का वादा किया है। एमवीए ने कुटुंब रक्षा के तहत महाराष्ट्र की जनता को 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा और मुफ्त दवा देने का ऐलान किया है। महाविकास अघाड़ी ने बेरोजगारों को हर महीने 4 हजार रुपए की मदद देने की घोषणा की है।

# खिताब बरकरार रखने उतरेगी महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, राजगीर ( बिहार )**

पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नए ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा।

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा। भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं।


फाइल फोटो
भारत का मैच शाम 4.45 बजे से होगा

स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी

भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी। मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सुशीला और ब्यूटी फिटनेस समस्याओं से उबरकर टीम में वापसी कर रहीं हैं।



### समय में फेरबदल

टूर्नामेंट के सारे मैच अब फ्लडलाइट में कीट पतंगों के झुंड से संभावित व्यवधान से बचने के लिए शाम की बजाय दोपहर में खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा। पहले ये मैच दोपहर तीन बजे, शाम सवा पांच और साढे सात बजे से होने थे।

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लिस और मैकस्वीनी ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**एजेंसी, सिडनी**

भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी पहली बार उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे, जबकि जोश इंग्लिस को भी पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में इन दो नए चेहरों को जगह दी है।

मैकस्वीनी के चयन की पैरवी डेविड वॉर्नर और रिकी पोंटिंग ने की थी। उन्हें मार्कस हैरिस, कैमरन बेनक्रॉफ्ट और सैम कोंस्टास पर तरजीह दी गई।

25 बरस के मैकस्वीनी ने पिछले कुछ साल में शेफील्ड शील्ड में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भारत के खिलाफ ए टीम के





मुकाबले में कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर भी प्रभावित किया।

इंग्लिस को एलेक्स कारी के बैकअप विकेटकीपर के तौर पर शामिल किया गया है। उन्होंने भी शेफील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन किया है। **ऑस्ट्रेलियाई टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीवन स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व कप-2026 और 2028 ओलंपिक की शुरुआत एसीटी से : कोच हरेंद्र

**राजगीर (बिहार)।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि टीम अतीत की नाकामियों को भुलाकर



आगामी विश्व कप और ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए एशियाई चैंपयंस ट्रॉफी (एसीटी) के जरिए अपने अभियान का आगाज करेगी। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने लगातार खराब दौर देखा है। कोच हरेंद्र ने कहा कि उनकी टीम ने इन नाकामियों को पीछे छोड़ने के लिए काफी मेहनत की है और नीदरलैंड में 2026 में होने वाले विश्व कप और 2028 लॉस एंजलस ओलंपिक पर नजरें हैं। हरेंद्र ने कहा ,''यह टूर्नामेंट भविष्य की हमारी योजनाओं का आधार होगा। यह 2026 विश्व कप और 2028 ओलंपिक के हमारे मिशन की शुरूआत होगी। हमें सारी नाकामियों को भुलाकर अपनी गलतियों को सुधारना है।''

### सीके नायडू ट्रॉफी : हरियाणा के यशवर्धन दलाल ने बनाए 428 रन

**नई दिल्ली।** हरियाणा के बल्लेबाज यशवर्धन दलाल नेसीके नायडू ट्रॉफी में एक ऐसी पारी खेली है जिसने क्रिकेट वर्ल्ड में तहलका मचा दिया है। घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठित सीके नायडू ट्रॉफी का आयोजन हो रहा है। इस ट्रॉफी में हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने इतिहास रच दिया है। हरियाणा के लिए ओपनिंग करते हुए मुंबई के खिलाफ अंडर-23 सीके नायडू टूर्नामेंट में इस बल्लेबाज ने 465 गेंद में रिकॉर्ड नाबाद 428 रन की पारी खेली है। इस पारी में उन्होंने 46 चौके और 12 छक्के लगाए।

### कोको गॉफ ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स

**नई दिल्ली ।** अमेरिका की युवा टेनिस स्टार कोको गॉफ ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को 3-4, 6-4, 7-6 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता। 20 वर्ष की गॉफ ने 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। वह 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद यह खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी खिलाड़ी है। उन्हें पुरस्कार के तौर पर 48 लाख डॉलर मिले।



### पंकज आडवाणी ने रिकॉर्ड 28वां विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ऐतिहासिक 28वां विश्व खिताब जीत लिया जब उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराया। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपयनशिप नहीं हुई। उन्होंने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' विश्व बिलियर्डर्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।''




### पूर्व दिग्गज भारतीय पोलो खिलाड़ी हरिंदर सिंह सोढ़ी का निधन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज पोलो खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता हरिंदर सिंह सोढ़ी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण शनिवार देर रात को निधन हो गया है। वह 86 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने पांच से अधिक गोल का हैंडीकैप हासिल किया था। पोलो जगत में वह 'बिली' सोढ़ी के नाम से लोकप्रिय थे। सोढ़ी को दिग्गज हनुत सिंह, सवाई मान सिंह (जयपुर के महाराजा) और बाद में उनके बेटे भवानी सिंह के साथ पोलो खेलने का अनुभव था। उनके छोटे भाई प्रसिद्ध पोलो खिलाड़ी रविंदर सिंह सोढ़ी भी अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। वह 1980 के मॉस्को ओलंपिक के दौरान भारतीय घुड़सवारी टीम के मैनेजर थे।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, पर्थ**

पाकिस्तान ने रविवार को यहां निर्णायक तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में आठ विकेट की जीत से 2002 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर 22 साल के बाद 50 ओवर की सीरीज में पहली जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया का कमजोर बल्लेबाजी लाइनअप पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के आगे 31.5 ओवर में 140 रन पर सिमट गया।

घरेलू टीम कप्तान पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ, जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन के बिना खेल रही थी। इन सभी को भारत के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टेस्ट सीरीज के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले मैच की तैयारियों के लिए आराम दिया गया था।

सईम अयूब (42 रन) और अब्दुल्ला शफीक (37 रन) ने फिर पहले विकेट के लिए 84 रन की शानदार साझेदारी निभाकर मजबूत नींव रखी। पर दोनों एक ही ओवर में लांस मौरिस का शिकार हुए। फिर बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान को यह महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इस जोड़ी ने 58 रन की नाबाद साझेदारी निभाई और बाबर ने 27वें ओवर में एडम जम्पा पर चौका जड़कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 139 गेंद रहते दो विकेट पर 143 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने मेलबोर्न में पहले मैच में दो विकेट से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने सीरीज में दबदबा बनाया। पाकिस्तान ने एडिलेड में दूसरे वनडे में नौ विकेट की जीत से सीरीज बराबर की जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम हारिस रऊफ (29 रन देकर) के पांच विकेट से 163 रन पर सिमट गई थी।

शाहीन ने 32 रन देकर तीन, नसीम ने 34 रन देकर तीन विकेट और रऊफ ने सात ओवर में 24 रन देकर दो विकेट हासिल किये। इसे ऑस्ट्रेलियाई टीम एक दशक में घरेलू मैदान पर अपने सबसे स्कोर पर सिमट गई।



# द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 में लड़खड़ाए भारतीय


क्लीन बोल्ड होते संजू सैमसन।

**एजेंसी, गक्बेरहा**

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने भारत के खिलाफ चार मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

भारतीय टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा है। पिछले मैच में शतक लगाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन खाता खोले बिना आउट हुए। दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (4 रन) को गेराल्ड कोएट्जे ने आउट किया जबकि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी चार रन बनाकर पवेलियन लौटे।

एडेन मारक्रम ने अच्छी बल्लेबाजी कर रहे तिलक वर्मा (20 रन) को आउट कर भारत को चौथा झटका दिया। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 11 ओवर में 4 विकेट पर 67 रन बना लिए थे।

# पलक-अमित की जोड़ी ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पलक गुलिया और अमित शर्मा की एयर पिस्टल मिश्रित टीम ने रविवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन हमवतन खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारतीय निशानेबाजों ने इस प्रतियोगिता में अब तक पांच पदक हासिल किए हैं जिसमें से तीन रजत पदक है। पलक और अमित की जोड़ी ने यहां कर्णी सिंह परिसर में संयम और सम्राट राणा की जोड़ी को खिताबी मुकाबले में 16-12 से हराया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। हंगरी की सारा राहेल फैबियन और रेडेसी मेट की जोड़ी ने चीनी-ताइपे को 16-12 से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे




पहले क्वालिफिकेशन दौर में संयम (289) और सम्राट (290) 579 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे थे जबकि पलक (285) और अमित (293) 578 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू और कीर्ति गुप्ता ने फाइनल में क्रमश: 43 और 32 का स्कोर बनाकर रजत और कांस्य पदक जीता। चेक गणराज्य की जिना हर्डलिकोवा ने 45 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ओलंपियन और चीन में 2021 विश्व विश्वविद्यालय खेलों में तीन स्वर्ण पदक के विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने फाइनल में 458.2 के स्कोर के साथ 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भारत की झोली में एक और रजत पदक डाला। चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की ने 462.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

ऐश्वर्य ने इससे पहले 592 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह पक्की की थी। चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मंडी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में कुल्लू को 6 विकेट से हराकर मंडी ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कुल्लू की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।


इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच में खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

कुल्लू ने 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 164 रन का स्कोर खड़ा किया। कुल्लू के बल्लेबाज बिंदेश डोगरा ने 24 रन, दक्ष नारायण ने 38 रन, रवि ठाकुर ने 17 रन का योगदान दिया।

गेंदबाजी में मंडी की तरफ से अक्षय कुमार ने चार विकेट, पीयूष ठाकुर ने दो विकेट, सौरभ ठाकुर और जगदीश चंद ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडी की टीम ने पॉवरप्ले में बिना विकेट खोए 56 रन बनाए। आदित्य शर्मा ने 56 रन बनाए, अर्जुन वाधवा ने 17 रन व जगदीश चंद्र ने शानदार 59 रनों का योगदान दिया। मंडी ने 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 165 रन बनाकर मैच जीत लिया। कुल्लू की तरफ से गेंदबाज राहुल ने दो विकेट लिए और दो खिलाड़ी रन आउट हुए। मंडी की टीम ने लगातार चार मैच जीत कर खिताब की दावेदारी पेश कर दी है।

## फुटबॉल

### अटलांटा युनाइटेड ने उलटफेर करते हुए लियोनेल मैसी की टीम को 3-2 से दी मात

# इंटर मियामी एमएलएस प्लेऑफ से बाहर

**फोर्ट लॉडरडेल ( अमेरिका )**

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी की इंटर मियामी टीम को शुरूआती चरण में ही एमएलएस कप से बाहर करके अटलांटा युनाइटेड ने बड़ा उलटफेर कर दिया। जमाल थियरे के दो गोल और बर्टोज स्लाइज के 76वें मिनट में लगाए गए हेडर के दम पर अटलांटा ने इंटर मियामी को 3-2 से हराकर एमएलएस कप प्लेऑफ पहले दौर का बेस्ट आफ थ्री मुकाबला जीता।

आखिरी मिनटों में मेसी की दो फ्रीकिक बेकार गई। उन्होंने 65वें मिनट में हेडर पर बराबरी का गोल दागकर स्कोर 2-2 जरूर किया था, लेकिन मेजबान टीम कभी बढ़त नहीं बना सकी।

कागजों पर इससे बड़ा उलटफेर नहीं हो सकता। इंटर मियामी ने मेसी के लिए इस सत्र में 2,04,46,667 डॉलर मुआवजा दिया जो अटलांटा की पूरी टीम के वेतन से 50 लाख डॉलर ज्यादा है।


अटलांटा युनाइटेड के खिलाफ फुटबॉल को हेडर लगाते इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी।

### चैंपियंस ट्रॉफी
# बीसीसीआई ने पाकिस्तान नहीं जाने के बारे में आईसीसी को बताया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' में कराने के अलावा कोई चारा नहीं है क्योंकि बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी।




भारत अपने सारे मैच दुबई में खेलेगा और भारत-पाकिस्तान मुकाबला भी यूएई में ही खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया ,''यह आईसीसी का टूर्नामेंट है और बीसीसीआई ने आईसीसी को बता दिया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। यह आईसीसी पर निर्भर करेगा कि वह मेजबान देश को इसके बारे में सूचित करे और फिर टूर्नामेंट का कार्यक्रम तय करे। आम तौर पर टूर्नामेंट शुरू होने से 100 दिन पहले कार्यक्रम की घोषणा की जाती है।''

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि उनके बोर्ड को बीसीसीआई से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है, लेकिन मूल आयोजक होने के नाते ताजा घटनाक्रम के बारे में पाकिस्तान को सूचित करने का विशेषाधिकार आईसीसी का है।